# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 17 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-30 | पृष्ठ-13 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com


## कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में लगी आग, 10 मरीज की मौत

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के कटक स्थित श्रीरामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रॉमा केयर इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गई। इस हादसे से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और गंभीर मरीजों को तुरंत अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया। आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच इमरजेंसी विभाग की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा आईसीयू में लगी, जहां उस समय 23 मरीज भर्ती थे। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद होगी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मृतकों की पहचान रमेश परिडा, दशारू मुंडा, एम.डी. न्युम, गौरांग बारिक, एस.के. अब्दुल सत्तार, मधुसूदन दलाई, कृष्णचंद्र बिस्वाल, रवींद्र दास, चारू परिडा और मेनका राउत के रूप में हुई है।

# कलेक्टेरियट से सभ्यता द्वार की सड़क जल्द बनाएं : मुख्यमंत्री

## सीएम ने पटना समाहरणालय का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया निर्देश

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना समाहरणालय के विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के पांचवे तले पर मीटिंग हॉल, उप विकास आयुक्त जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कार्यालय का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय के सभी तल का भी मुआयना किया।

मुख्यमंत्री ने पटना के कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनायी जानेवाली सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस सड़क के बन जाने से छठ व्रतियों को पूजा में सहूलियत होगी, मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को भी इससे सुविधा मिलेगी साथ ही कल्केटेरियट घाट की भव्यता और बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।



**डबल डेकर पुल के बाकी बचे कार्य को भी जल्द पूरा करने को कहा :** मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर में बनने वाले वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाकी बचे हुये कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित कर इसको जल्द से जल्द पूरा करें। इन कार्यों के पूर्ण होने से मेट्रो से कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकेगी। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के द्वारा निश्चय यात्रा के दौरान पुराने पटना समाहरणालय परिसर के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक के बाद जीर्ण-शीर्ण भवनों का निरीक्षण किया गया था। इन भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा इसी परिसर में पुराने भवनों को तोड़कर नये समाहरणालय भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था। पटना समाहरणालय के नये भवन का निर्माण गंगा नदी के किनारे अवस्थित समाहरणालय के पुराने परिसर में ही जीर्ण-शीर्ण भवनों को तोडकर 632 एकड़ भूखंड पर किया गया है। इस नये भवन मे कुल निर्मित क्षेत्रफल 28388 वर्गमीटर है जो पुराने समाहरणालय की तुलना में काफी ज्यादा है। नए समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी के कार्यालय के साथ-साथ जिला परिषद कार्यालय-सह-जिला विकास भवन तथा अनुमंडल पदाधिकारी सदर के कार्यालय भवन का भी निर्माण किया गया है।

### नीतीश 17 से 20 मार्च तक 8 जिलों का करेंगे दौरा

**समृद्धि यात्रा का चौथा चरण**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राज्यसभा चुनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार यह यात्रा 17 से 20 मार्च तक बिहार के कई जिलों में आयोजित होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे, अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेंगे और स्थानीय लोगों तथा जनप्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। जारी कार्यक्रम के मुताबिक, 17 मार्च को मुख्यमंत्री भागलपुर और बांका का दौरा करेंगे। इसके बाद 18 मार्च को वे जमुई और नवादा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 19 मार्च को उनका कार्यक्रम मुंगेर और लखीसराय में तय किया गया है।

## बिहार पुलिस दरोगा भर्ती का प्रीलिम्स रिजल्ट जारी

**पटना (एनएसबी)।** बीपीएसएससी ने बिहार पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा का प्रारंभिक परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग ने लाखों उम्मीदवारों में से कुल 35,857 अभ्यर्थियों को मुख्य लिखित परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया है। दरोगा भर्ती के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा 18 और 21 जनवरी 2026 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में राज्यभर से करीब 7.26 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। अब प्रारंभिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के अगले चरण यानी मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होना होगा।

**मुख्य परीक्षा में होंगे दो पेपर :** मुख्य लिखित परीक्षा में कुल दो प्रश्न पत्र होंगे। पहला पेपर सामान्य हिंदी का होगा, जो 200 अंकों का रहेगा। इस पेपर में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे और परीक्षा की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। इस पेपर को पास करने के लिए उम्मीदवारों को कम से कम 30 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दावा-भारत ने होर्मुज के पास दो युद्धपोत तैनात किए

**आज पहला LPG जहाज गुजरात पहुंचा**

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत ने होर्मुज स्ट्रेट के पास अपने दो युद्धपोत तैनात किए हैं। अठकने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारतीय नौसेना के ये टास्क फोर्स जहाज तेल और गैस लेकर भारत आने वाले व्यापारी जहाजों और टैंकरों को सुरक्षा देंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें हर तरह की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस बीच युद्ध के माहौल में भारत का पहला छढ्रॠ जहाज शिवालिक आज गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। जहाज करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG लेकर आया है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।

### पाक में इमारत की छत गिरने से आठ महिलाओं की मौत, 50 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के रहीम यार खान जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में आठ महिलाओं की मौत हो गई। कल्याणकारी भुगतान के वितरण के दौरान एक इमारत की छत गिरने से महिलाओं की दबकर मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं।अधिकारियों के अनुसार, छत कथित तौर पर घटिया सामग्री से बनाई गई थी। भारी भीड़ का वजन सहन नहीं कर सकी और अचानक गिर गई, जिससे कई महिलाएं मलबे के नीचे फंस गईं।

### राज्यसभा में LPG सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में LPG सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि LPG की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते।

### बीरभूम में पत्थर खदान धंसी, दो मजदूरों की मौत

**बीरभूम।** जिले में सोमवार को एक पत्थर खदान में धंसने की घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मुरारई थाना क्षेत्र के गोपालपुर इलाके में हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिस खदान में दुर्घटना हुई, उसका मालिक बीरभूम जिला परिषद के कर्माध्यक्ष सिराजुल इस्लाम बताए जा रहे हैं।

# राज्यसभा चुनाव में एनडीए का क्लीन स्वीप

## नीतीश कुमार, नितीन, उपेंद्र, शिवेश और रामनाथ जाएंगे राज्यसभा

### बिहार की सभी पांच सीटें जीती

**पटना (एनएसबी)।** एनडीए ने बिहार की सभी 5 राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इसका ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं।

जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर को 42 वोट, उपेंद्र कुशवाहा को 42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरियता में बीजेपी उम्मीदवार शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरियता में शिवेश राम ने राजद के एडी सिंह को हरा दिया है। एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं। राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाले हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने ही वोट डाले हैं। जीत के लिए 41 विधायकों की जरूरत थी, लेकिन शाम 4 बजे तक महागठबंधन के 4 विधायक वोटिंग करने नहीं पहुंचें।

### महागठबंधन के चार विधायकों ने नहीं डाला मत











### नितिन नवीन, सम्राट समेत सभी एनडीए विधायकों ने किया वोट

राज्यसभा चुनाव में वोट डालने के लिए भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार विधानसभा पहुंचे और अपना वोट डाला। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। सम्राट चौधरी ने भी अपने मत का प्रयोग किया और उन्होंने विक्ट्री का साइन दिखाया। वहीं जेल से वोट डालने मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह पहुंचे। इस दौरान अनंत सिंह ने आगे चुनाव न लड़ने का ऐलान किया। मंत्री बिजेंद्र यादव अस्वस्थ दिखे, वे दो लोगों के सहारे विधानसभा की सीढ़ियां चढ़ीं। मतदान के दौरान तेजस्वी यादव के कक्ष से मांझी की बहू और समधन निकलती दिखीं। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा वोट डालने के लिए दौड़ते दिखे।

**वोटिंग से पहले रिटर्निंग ऑफिसर का ट्रांसफर :** इधर, राज्यसभा चुनाव की वोटिंग से कुछ घंटे पहले रिटर्निंग ऑफिसर के ट्रांसफर का आदेश जारी हुआ। ख्याति सिंह बिहार विधानसभा की सचिव हैं, चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर भी हैं। उनके ट्रांसफर का आदेश निकला। उन्हें पटना उच्च न्यायालय में ओएसडी के पद पर ट्रांसफर किया गया है।

### कांग्रेस के 3, राजद के 1 विधायक नहीं पहुंचे

ढाका से राजद विधायक फैसल रहमान वोटिंग में शामिल नहीं हुए। पार्टी नेता लगातार उनसे संपर्क बनाने की कोशिश करते रहें, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं कांग्रेस के तीन विधायक भी वोट डालने नहीं पहुंचें। इनमें से दो विधायक सुरेंद्र कुशवाहा और मनोज विश्वास से पार्टी नेताओं का संपर्क नहीं हो पाया। बता दें राज्यसभा की 5 सीटों के लिए मैदान में 6 उम्मीदवार थे। इसके चलते वोटिंग की नौबत आई। एक सीट जीतने के लिए 41 विधायकों के वोट की जरूरत थी। एनडीए की तरफ से सीएम नीतीश कुमार, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री शिवेश राम को उम्मीदवार बनाया गया था।

### कुछ लोग धोखा नहीं दिए होते तो हमारी जीत तय थी : तेजस्वी



**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी की हार पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए दावे के साथ कहा कि अगर कुछ लोग धोखा नहीं दिए होते तो हमारी जीत तय थी। उन्होंने चुनाव परिणाम के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि महागठबंधन के पास शुरूआत में मजबूत बढ़त थी। पहले से ही तय था कि पांचवें प्रत्याशी के लिए हमारे पास छह और एनडीए के पास तीन वोट कम थे। इसके बाद भी हमने लड़ना पसंद किया, न कि उनके सामने झुकना। उनकी जो विचारधारा है उससे हमेशा हम लड़ना पसंद करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि इसके बाद हमने एआईएमआईएम और बसपा से समर्थन और सहयोग प्राप्त कर लिया था और छह की संख्या पूरी कर ली थी। उन्होंने 'हॉर्स ट्रेडिंग' की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा का 'चाल, चरित्र और चेहरा' हमेशा से ही छल, कपट, धनबल और मशीन तंत्र, सत्ता तंत्र का दुरुपयोग का रहा है। आज सुनने में आया है कि यह केवल बिहार में ही नहीं, कई राज्यों में ऐसा किया गया है।

## सूबे में एलपीजी और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता : मुख्य सचिव



**पटना (एनएसबी)।** राज्य में घरेलू गैस, पाइपलाइन गैस (पीएनजी), पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और इनकी आपूर्ति पूर्णतः निर्बाध रूप से जारी है। यह जानकारी सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में संपन्न हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रमुख तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि राज्य के सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और अनावश्यक घबराहट में आकर गैस या ईंधन का भंडारण न करें।

### मैनें भी तय कर लिया कि चुनाव अब नहीं लड़ूंगा : अनंत सिंह



**पटना (एनएसबी)।** राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान करने सोमवार को बिहार विधानसभा पहुंचे मोकामा विधायक अनंत सिंह ने अपने राजनीति भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया। मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही यह बात साफ कर दी थी कि अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सक्रिय राजनीति में नहीं रहेंगे तो वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

इस लिस्ट में भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को टिकट दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों से मैदान में उतारा गया है। बता दें कि भाजपा की पहली लिस्ट में बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को भवानीपुर और नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले चुनाव में सुवेंदु अधिकारी ने




नंदीग्राम में सीएम ममता बनर्जी को करीब 2000 वोटों के अंतर से हराया था। वहीं, अग्निमित्रा पॉल को आसनसोल दक्षिण से टिकट दिया गया है। कूचबिहार उत्तर (अजा) से सुकुमार रॉय, सीतलकुची (अजा) से सावित्री बर्मन और दिनहाटा से अजय रॉय को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही, तूफानगंज से मालती रावा रॉय, कुमारग्राम (अजजा) से मनोज कुमार ओरांव, कालचिनी (अजजा) से विशाल लामा, माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी (अजा) से आनंदमय बर्मन, सिलीगुड़ी से डॉ. शंकर घोष, फांसीदेवा (अजजा) से दुर्गा मुर्मू, गोलपोखर से सरजीत बिस्वास और चाकुलिया से मनोज जैन को मैदान में उतारा गया है। पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में 12 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुलाई गई थी।

## राज्यसभा चुनाव : सिर्फ संख्या बल नहीं, सियासी समीकरणों ने एकतरफा की बाजी

**त्वरित टिप्पणी**

**आरके सिंह**

बिहार में राज्यसभा चुनाव 2026 के परिणामों ने राज्य की राजनीति में एक नए युग की शुरूआत का संकेत दिया है। एनडीए द्वारा सभी 5 सीटों पर क्लीन स्वीप करना न केवल संख्या बल की विजय है, बल्कि यह भविष्य के राजनैतिक समीकरणों और 'महागठबंधन' की कमजोर होती पकड़ का भी परिचायक है।

बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए मार्च 2026 में हुए चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित तो नहीं थे, लेकिन उन्होंने राज्य की भावी राजनीति के लिए जो लकीर खींची है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विपक्ष को पूरी तरह शिकस्त देते हुए पांचों सीटों पर कब्जा कर लिया है। इस जीत के साथ ही बिहार से राज्यसभा में जाने वाले चेहरों में स्वयं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जैसे कद्दावर नाम शामिल हैं। यह जीत केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं है, बल्कि बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद एनडीए की मजबूत होती स्थिति और विपक्षी खेमे (आरजेडी और सहयोगियों) की घटती शक्ति का स्पष्ट प्रमाण है। बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मौजूदा समीकरण के अनुसार, एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए प्रथम वरीयता के कम से कम 41 वोटों की आवश्यकता थी। 2025 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत (202 सीटें) हासिल करने के बाद एनडीए के पास 4 सीटें जीतने के लिए स्पष्ट बहुमत था। एनडीए के पास भाजपा (89), जदयू (85), लोजपा-रामविलास (19), हम (5) और आरएलएम (4) के कुल 202 विधायक हैं जबकि इसकी तुलना में विपक्ष की स्थिति काफी कमजोर है। विपक्षी खेमे में आरजेडी (25), कांग्रेस (6) और वामपंथी दलों (3) की कुल संख्या महज 34-35 के करीब सिमट गई। पांचवीं सीट के लिए मुकाबला दिलचस्प था, लेकिन विपक्ष के पास खुद की एक सीट बचाने के लिए भी पर्याप्त आंकड़े नहीं थे। ऐसे में एनडीए ने पांचों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे और रणनीतिपूर्वक जीत हासिल की। इस चुनाव का सबसे बड़ा आकर्षण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वयं राज्यसभा के लिए नामांकन करना रहा। नीतीश कुमार का ऊपरी सदन में जाना बिहार की राजनीति में एक 'पावर शिफ्ट' का संकेत है। यह माना जा रहा है कि अब बिहार की कमान धीरे-धीरे भाजपा के हाथों में पूरी तरह स्थानांतरित हो जाएगी। नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना एनडीए के भीतर एक 'सुचारू नेतृत्व परिवर्तन' की प्रक्रिया का हिस्सा है। वहीं भाजपा के लिए अहम बात यह रही कि नितिन नवीन और शिवेश कुमार की जीत ने यह साफ कर दिया है कि अब बिहार एनडीए के केंद्र में भाजपा है। राज्यसभा में भी बिहार से भाजपा का प्रतिनिधित्व बढ़ा है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की नीतियों को बिहार में लागू करना और आसान होगा। एनडीए ने इस चुनाव में अपने छोटे सहयोगियों को भी साधे रखा। आरएलएम सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजकर भाजपा ने पिछड़ों और अति-पिछड़ों के वोट बैंक को एक संदेश दिया है। चिराग पासवान की लोजपा और जीतन राम मांझी की 'हम' ने भी एनडीए के पक्ष में एकजुटता दिखाकर यह साबित किया कि गठबंधन के भीतर दरार पैदा करने की विपक्ष की कोशिशें नाकाम रही हैं। उधर, महागठबंधन खेमे के तीन विधायकों ने मतदान में हिस्सा न लेकर गहरा झटका दिया है। कभी बिहार की सबसे बड़ी पार्टी रही आरजेडी के लिए यह चुनाव किसी दुःस्वप्न से कम नहीं था। प्रेम चंद्र गुप्ता और अमरेंद्र धारी सिंह जैसे कद्दावर नेताओं की खाली हुई सीटों को आरजेडी दोबारा नहीं भर पाई।

## खबरें : एक नजर में

### राज्य सभा चुनाव में बिखर गया विपक्ष : डा. प्रमोद चंद्रवंशी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. प्रमोद चंद्रवंशी ने राज्य सभा की 5 सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की धमाकेदार जीत पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि यह जीत इस बात का प्रमाण है कि बिहार में एनडीए का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई प्रेषित की है।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई प्रेषित करते डा. प्रमोद चंद्रवंशी।

ड चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य सभा चुनाव से साबित हो गया कि विपक्ष बिखरा हुआ है। महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव चुनाव से पहले शेखी बघार रहे थे और जीत का दंभ भर रहे थे। परिणाम के बाद उनका दावा खोखला साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को यह पहले से ही पता था कि वे जीत नहीं रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपने परिवार से हटकर उम्मीदवार बनाया था। यदि उन्हें जीत का भरोसा होता तो वे अपने परिवार से ही किसी को उम्मीदवार बनाते। चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में एनडीए पूरी तरह से एकजुट है, बिहार विकास के पथ पर तेज गति पकड़े रहेगा।

बिहार सरकार के मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. प्रमोद चंद्रवंशी ने राज्य सभा चुनाव में विजयी हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को मिलकर बधाई दी। राज्य सभा के अन्य विजयी उम्मीदवार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार , केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर , आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

### एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना द्वारा पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**पटना।** एम़एस़एम़ई विकास कार्यालय , पटना द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना में एक दिवसीय विपणन एवं उद्यमिता उन्मुख प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वकर्मा कारीगरों को उद्यमिता विकास, विपणन, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाना था। इस दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, उद्यम पंजीकरण अनबोर्डिग, क्यूआर कोड


विपणन एवं उद्यमिता उन्मुख प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सृजन तथा एमएसएमई मंत्रालय एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संजीव कुमार वर्मा, सहायक निदेशक , एमएसएमई-डीएफओ, पटनाय डा. श्वेता एम् देवतले, आईईडीएस, सहायक निदेशक एमएसएमई-डीएफओ, पटना तथा संस्थान के उप विकास पदाधिकारी सत्यानन्द शर्मा उपस्थित रहे। तकनीकी सत्र के दौरान अनुपम प्रियदर्शी, निदेशक, प्राइवेट लिमिटेड ने प्रतिभागियों को वित्तीय एवं डिजिटल हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, डिलीवरी तथा इन्वेंट्री प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। वहीं सुश्री देबलीना चौधरी, निदेशक, द बोंग कंपनी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए विपणन सहायता योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। इस कार्यशाला से कारीगरों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

### विक्की मंडल को भगत सिंह सम्मान 2026 से किया गया सम्मानित

**गया जी ।** गया जी के हरिदास इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता अधिवेशन में अयाची नगर युवा फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल को भगत सिंह सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे तथा शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद ने विक्की मंडल को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद विक्की मंडल ने कहा अयाची नगर युवा फाउंडेशन के सभी रक्तवीरों का है, जो एक आह्वान पर आगे बढ़कर रक्तदान करते हैं और जरूरतमंदों की जान बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए।कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए रक्तदाता, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया तथा रक्तदान के महत्व पर चर्चा की गई।



पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे तथा शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद ने विक्की मंडल को सम्मानित किया।

## साहित्य सम्मेलन में लेख्य-मंजूषा तथा अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय ने आयोजित की संगोष्ठी, हुआ कवि-सम्मेलन

# कृत्रिम-बौद्धिकता कहीं मनुष्य का हृदय न छीन ले, रहें सावधान !

**पटना (एनएसबी)।** अत्यंत तीव गति से बदल रहे संसार में कृत्रिम-बौद्धिकता एक बहुत बड़ा युगांतर उत्पन्न करने जा रही है। यद्यपि कि यह मानव-बुद्धि की ही उपज है, किंतु यदि इसे मर्यादित नहीं रखा गया तो यह कुछ ही दिनों में संसार की बुद्धि ही नहीं मानव का हृदय भी छीन लेगी। तकनीक के इस युग में इससे न तो बचा जा सकता है और न इसे टाला ही जा सकता है। यह मानव-जीवन का अपरिहार्य और अनिवार्य हिस्सा बनने जा रही है। यदि इसका सदुपयोग किया जा सका तो संसार बहुत शीघ्रता से समृद्ध हो जाएगा, और यदि दुरुपयोग हुआ तो विनाश भी शीघ्र हो सकता है। साहित्यकारों के लिए यह विषय अत्यंत चुनौती भरा है। क्योंकि अंततः समाज के मार्ग-दर्शन का दायित्व साहित्य समाज पर ही है।

यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में साहित्यिक संस्था लेख्य-मंजूषा, पटना तथा अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय बंगलुरु के संयुक्त तवावधान में आयोजित हुए साहित्योत्सव का उद्घाटन करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने कही।

उन्होंने कहा कि समान विचार-धारा वाली देश की संस्थाएँ संयुक्त होकर साहित्य और समाज को संतृप्त कर रही हैं, यह एक स्तुत्य और स्वागत योग्य कार्य है। साहित्यिक संस्थाएँ भी कृत्रिम-बौद्धिकता जैसे तकनीकी विषयों को अपने चिंतन में ले रहीं हैं, यह भी परितोषप्रद है।

डा सुलभ ने इस अवसर पर लेख्य-मंजूषा की ओर से संस्था की अध्यक्ष विभारानी श्रीवास्तव के सम्पादन में प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका साहित्यिक स्पंदन तथा कोलकाता की लेखिका सविता भुवानिया के लघुकथा-संग्रह खिलते कुसुम का लोकार्पण भी किया। चंदा मिश्र की वाणी-वंदना और अभ्युदय की संस्थापिका डा इन्दु झुनझुनवाला तथा कवयित्री डा कृष्णा मणिश्री द्वारा प्रस्तुत अभ्युदय-गान से आरम्भ हुए इस साहित्योत्सव में उद्घाटन-सत्र के पश्चात कृत्रिम-बौद्धिकता का कैसे हो सदुपयोग विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें बंगलुरु से पधारे अभ्युदय के अध्यक्ष डा प्रेम तन्मय, अनिल वसंत मोघे, डा इन्दु झुनझुनवाला, डा ध्रुब कुमार, गाजियाबाद से पधारीं वरिष्ठ विदुषी कमला अग्रवाल तथा रंजना सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



डा. अनिल सुलभ को डा. सतीशराज पुष्करणा स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया।

उद्घाटन-सत्र का संचालन रवि भूषण ने तथा गोष्ठी का संचालन मैसूर से पधारीं डा कृष्णा मणिश्री ने किया। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं की ओर से डा. अनिल सुलभ को डा सतीशराज पुष्करणा स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया।

भोजनावकाश के पश्चात वरिष्ठ कवि और साहित्य सम्मेलन के साहित्यमंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में एक भव्य कवि-सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमें नोएडा से पधारे मंजिल समूह साहित्यिक मंच के मुख्य कार्यकारी सुधीर सिंह सुधाकर, डा शशि भूषण सिंह, मधुरेश नारायण, शुभचंद्र सिन्हा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा किशोर सिन्हा, डा उषा सिन्हा, डा अनीता राकेश, मीरा श्रीवास्तव, कमल किशोर वर्मा कमल, डा शालिनी पाण्डेय, मीरा प्रकाश, डा मीना कुमारी परिहार मान्या, डा अमृता सिन्हा, राँची से आयीं अर्पणा सिंह अर्पी, आशा रघुदेव, शिशिर झा, एकता कुमारी, नूतन सिन्हा, डा सुमन लता, तनुजा सिन्हा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र, सुनीता रंजन, खुशबू प्रिया आदि कवयित्रियों और कवियों ने अपनी रचनाओं के मधुर पाठ से कवि-सम्मेलन को चिर-स्मरणीय बना दिया। कवि-सम्मेलन का संचालन अपराजिता रंजना ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रो सुधा सिन्हा ने किया।

# सहकारिता में है रोजगार की असीम संभावनाएं : डा. प्रमोद

## पैक्सों के विस्तार से समाज को होगा लाभ, सरकार पैक्सों को दे रही है गोदाम, कॉमन सर्विस सेंटर और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं

**पैक्स और एफपीओ को सशक्त करने के लिए डीएनएस क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में शुरू हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है सभी पैक्सों और एफपीओं को उद्यमी के तौर पर विकसित करना**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य के चयनित पैक्सों और एफपीओं को सशक्त करने के लिए सोमवार को डीएनएस क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में एंटरप्राइज डेवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार पैक्सों को गोदाम, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रशिक्षण जैसी कई सुविधाएं दे रही है, इसलिए पैक्सों का दायित्व बनता है कि वे समाज के अन्य लोगों तक इसका लाभ पहुंचाए।

पैक्सों का जितना अधिक विस्तार होगा उतना ही अधिक लाभ पैक्सों और समाज को मिलेगा। पैक्सों में शहद उत्पादन, बकरी पालन, वेजफेड आदि से संबंधित या कोई नया काम शुरू कर समाज को सुढ़ कर सकते हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझें और उसके समाधान का रास्ता ढूंढ़ें। सहकारिता में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, बस सभी को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

इस दौरान सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पैक्सों और एफपीओं को उद्यमी के तौर पर विकसित करना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। पैक्स किसी एक व्यक्ति का नहीं है, यह एक लोकतांत्रिक संस्था है, इसमें सभी का बराबर अधिकार है। यहां सामाजिक भागीदारी कैसे बढ़े, इसके लिए प्रयास करना होगा। इससे यहां के लोगों को काम के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग पैक्सों की सभी समस्याओं का समाधान करेगा।


प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते सहकारिता मंत्री डा. प्रमोद कुमार व अन्य।

इस अवसर पर विभाग के निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार दिया जाए और आत्मनिर्भर गांव बनाया जाए, ताकि जो लोग गांव से बाहर काम के लिए जा रहे हैं वे गांव में रहकर रोजगार से जुड़ें।

इस मौके पर नाबार्ड, बिहार के मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, जीटी के कार्यकारी निदेशक रिशु रवि और अपर निबंधक विकास कुमार बरियार ने भी अपनी बातें रखीं।

**कार्यक्रम में मिलेगा बाजार और तकनीक का प्रशिक्षण :** इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य पैक्स को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार, नए उद्यमों की स्थापना तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के स्तर पर पैक्स प्रतिनिधियों को कृषि आधारित उद्यमों, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, बाजार से जुड़ाव तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### उत्तर बिहार के आपदा प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे राज्यपाल

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के नए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने बिहार आपदा प्रबंधन के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों को लेकर विभागीय पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार के लोगों से वह जल्द जाकर मुलाकात करेंगे। इन्हें आपदा से बचाने के लिए जल्द ही कारगर कार्य योजना तैयार की जाएगी। बिहार के राज्यपाल का पदभार संभालने पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में सोमवार को उनके स्वागत में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इसे संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए तकनीक और फंडिंग पर सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए राज्य में चलाई जा रही योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वयन पर प्राधिकरण को बधाई देते हुए कहा कि पदाधिकारियों को स्वयं के साथ आंतरिक समीक्षा पर भी जोर देना होगा। आपदा प्रबंधन में प्रोफेशनल अटेंशन जरूरी है। आपदा की घटनाओं से सबसे अधिक बच्चे, महिलाएं और बूढ़े प्रभावित होते हैं। यह खुशी की बात है कि बिहार जैसे राज्य में इन वर्गो को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं।

## बुद्ध के सिद्धांतों पर पांच चित्रित पाण्डुलिपियों का प्रदर्शन

**बिहार की बौद्धिक परंपरा : पांडुलिपियां, चित्र एवं अभिलेख विषयक प्रदर्शनी**

**प्रदर्शनी में 36 विषयों पर केन्द्रित 72 पाण्डुलिपियों के डिजिटल अभिलेख शामिल**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, खुदाबख्श ओरिएंटल लाइब्रेरी और बिहार संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अभिलेखागार भवन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बिहार की बौद्धिक परंपरा : पाण्डुलिपि, चित्र एवं अभिलेख विषय पर आयोजित इस प्रदर्शनी में चौरासी बुद्ध एवं सिद्धों की पांच चित्रित पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी विषेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी का उध्द्घाटन करते हुए कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अभिलेख निदेशक मो. फैसल अब्दुल्लाह ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित पाण्डुलिपि, चित्र एवं अभिलेखों से बिहार की बौद्धिक परंपरा से जनमानस परिचित होगा और इनके संरक्षण की दिशा में प्रयास करेंगे।

इस प्रदर्शनी में 36 विषयों पर केन्द्रित 72 पाण्डुलिपियों के डिजिटल अभिलेख को शामिल किया गया है। दो अगल-अलग विषयों को जोड़ती हुई पाण्डुलिपियां भी प्रदर्शनी में है, जैसे तंत्र और जीवन, इतिहास और तंत्र, प्रार्थना और जीवन, कविता और इतिहास, कविता और तंत्र, धर्म और कविता, दर्शन और धर्म, व्याकरण और धर्म तथा तंत्र के साथ धर्म समेत अन्य शामिल हैं।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण (ज्ञान भारतम के अंतर्गत) संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी के दुर्लभ चित्रांकित पांडुलिपियों का भी प्रदर्शन किया गया। इनमें भागवत पुराण (1748) के चित्रांकित फोलियो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में सूफी काव्य कृति पद्मावत (166970) के चित्र भी प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा श्री स्तोत्र (लगभग 1830-50) से महर्षि वेदव्यास, हनुमान तथा अर्धनारीश्वर के चित्र, श्रीमद्भगवद्गीता (1797) में कृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश देते हुए दृश्य तथा रामायण (1778) से राम, सीता, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न से संबंधित चित्र भी प्रदर्शनी का हिस्सा रहे।

## बिहार में पहला बधिर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के बधिर समुदाय के विकास, अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहला बिहार बधिर सम्मेलन 15 मार्च 2026 को भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बधिर समुदाय के सदस्य, विभिन्न बधिर संगठनों के प्रतिनिधि तथा समाज के समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए ।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सांकेतिक भाषा (भारतीय सांकेतिक भाषा आई एस एल) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बधिर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, रोजगार, सुलभता (सरल उपयोग) और समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में बधिर समुदाय के भीतर एकता, नेतृत्व और अधिकारों के लिए सशक्त आवाज को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कई प्रमुख अतिथि उपस्थित रहे।

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ द डेफ (एआईएफडी), नई दिल्ली के महासचिव रोशन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने अपने संबोधन में राज्य स्तर पर बधिर संगठनों को मजबूत करने तथा पूरे देश में बधिर व्यक्तियों के अधिकार, सम्मान और पहचान को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से भी प्रतिनिधि शामिल हुए।

ऑल उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ द डेफ (औपैड) के महासचिव अमन सक्सेना तथा संयुक्त सचिव श्री वेद प्रकाश ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बिहार के बधिर समुदाय के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की और उत्तर प्रदेश में बधिर संगठनों को मजबूत करने तथा बधिर व्यक्तियों के अधिकारों और सुलभता को बढ़ावा देने के अपने अनुभव साझा किए। यह सम्मेलन बिहार कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समावेशी सांस्कृतिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया।


भारतीय नृत्य कला मंदिर, पटना में बिहार में पहला बधिर सम्मेलन ।

सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें भारतीय सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देना और मान्यता दिलाना, बधिर विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता, रोजगार के अवसरों का विस्तार, नेतृत्व विकास, तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) और संयुक्त राष्ट्र दिव्यांगजन अधिकार अभिसमय (यूएनसीआरपीडी) के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे शामिल थे।

प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी सेवाओं में बेहतर सुलभता, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अधिक अवसर तथा बधिर समुदाय के लिए मजबूत वकालत (वकालत) की आवश्यकता है। यह सम्मेलन बिहार में बधिर आंदोलन को मजबूत करने, आपसी सहयोग बढ़ाने और भविष्य के लिए नई पहल शुरू करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि बधिर व्यक्तियों के अधिकार, सम्मान और समाज में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी मिलकर आगे भी निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# पाटलिपुत्र प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, 32 टीमें ले रहीं हिस्सा

**पाटलिपुत्र मैदान में विधायक और महापौर ने किया उद्घाटन**

**31 को फाइनल, विजेता टीम को ट्रफी और 75 हजार रुपए**

**पटना (एनएसबी)।** पाटलिपुत्र कलोनी मैदान में रविवार की देर शाम पाटलिपुत्र प्रीमियर लीग (पीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। डे-नाइट टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय विधायक संजीव चौरसिया और पटना की महापौर सीता साहू ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर डा. चौरसिया ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देता है। महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।


पाटलिपुत्र मैदान में विधायक ने किया उद्घाटन।

प्रतियोगिता के आयोजक ओआरबी डेवलपर के राजेश सिंह और राकेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है। उद्घाटन समारोह में भाजपा पटना महानगर के जिला मंत्री पंकज कुमार गुड्डू व अन्य अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। 31 मार्च को फाइनल में खिताब के लिए जंग होगी। विजेता टीम को ट्रफी और 75 हजार रुपए की जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार की इनामी राशि मिलेगी।

# बिहार में सहायक प्राध्यापक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों की मांगें तेज

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में सहायक प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों की मांगें लगातार तेज होती जा रही हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत बनाना है, तो भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाना अत्यंत आवश्यक है।

छात्र नेता सौरभ कुमार सहित अभ्यर्थियों की सबसे प्रमुख मांग बिहार एलिजिबिलिटी टेस्ट के आयोजन की है। उनका कहना है कि देश के कई राज्यों में बनने के लिए या जैसी राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा आयोजित की जाती है, लेकिन बिहार में लंबे समय से ऐसी परीक्षा का नियमित आयोजन नहीं हो रहा है। यदि बिहार में का आयोजन होता है, तो राज्य के हजारों योग्य विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकेगा। इससे छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और अधिक विद्यार्थी स्नातकोत्तर, तथा शोध की ओर आगे बढ़ेंगे।

अभ्यर्थियों की दूसरी बड़ी मांग चयन प्रक्रिया को वस्तुनिष्ठ बनाने की है। अभ्यर्थियों का सुझाव है कि सहायक प्राध्यापक भर्ती में कुल 200 अंकों की चयन प्रणाली लागू की जाए, जिसमें 180 अंक आधारित वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा तथा 20 अंक साक्षात्कार के लिए निर्धारित हों। उनका कहना है कि कई राज्यों में वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रणाली अपनाई जाती है, जिससे चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनती है। वहीं वर्णनात्मक परीक्षा में मूल्यांकन पूरी तरह परीक्षक पर निर्भर होता है, जिससे पारदर्शिता को लेकर कई बार सवाल उठते हैं। तीसरा प्रमुख मुद्दा आयु सीमा से जुड़ा हुआ है। अभ्यर्थियों का कहना है कि हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में सहायक प्राध्यापक भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा सामान्यतः 21 से 22 वर्ष निर्धारित है, जबकि बिहार के प्रस्तावित ड्राफ्ट में इसे 23 वर्ष कर दिया गया है। अभ्यर्थियों के अनुसार वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में कई छात्र 22 वर्ष की आयु तक स्नातकोत्तर और जैसी आवश्यक योग्यताएं प्राप्त कर लेते हैं। ऐसे में न्यूनतम आयु 23 वर्ष होने से कई योग्य अभ्यर्थियों को एक वर्ष तक अवसर से वंचित रहना पड़ सकता है। इसलिए न्यूनतम आयु सीमा को 22 वर्ष करने की मांग की जा रही है। साथ ही अधिकतम आयु सीमा को 45 वर्ष से बढ़ाकर 55 वर्ष करने का भी सुझाव दिया गया है। इसी क्रम में 16 मार्च को पटना के गांधी मैदान में सहायक प्राध्यापक अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण बैठक कर अपनी मांगों को दोहराया। यह बैठक छात्र नेता सौरभ कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया और सरकार से परीक्षा, पारदर्शी चयन प्रणाली तथा आयु सीमा में संशोधन की मांग की। इस बैठक में अनिल कुमार मौर्या, विजय आरव, अनिल कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश, आशीष कुमार सिंह, रवि कुमार, पुष्कर कुमार, राजेश कुमार यादव, अर्चना कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे । अभ्यर्थियों का मानना है कि यदि परीक्षा का आयोजन, वस्तुनिष्ठ चयन प्रणाली और तर्कसंगत आयु सीमा लागू की जाती है, तो इससे बिहार में सहायक प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को भी मजबूती मिलेगी।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों के साथ प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाएं सभी विभाग : हिमांशु कुमार

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** प्रमण्डलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमण्डलीय सभागार, दरभंगा में दरभंगा प्रमण्डल के अन्तर्गत आने वाले तीनों जिलों - दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान आयुक्त ने परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व संग्रहण, वाहन जाँच अभियान तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिया। अवैध परिचालन तथा बिना कागजात के चलने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी विभाग खासकर वर्क डिपार्टमेंट (कार्य विभाग) 31 मार्च तक सभी कर (टैक्स ) की कटौती करना सुनिश्चित करें।



समीक्षा बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ।

**आयुक्त ने कहा-अवकाश में जाने से पूर्व सभी अधिकारी देंगे सूचना**

**विद्यालयों में नियमित रूप से निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का भी दिया निर्देश**

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को शिक्षा विभाग की रिव्यु बैठक होता है, इसलिए कार्य प्रणाली में आवश्यक सुधार अपेक्षित है।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने अधिकारियों को 24*7 रोस्टर बनाने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने बिना लाइसेंस वाले दवाई दुकानों पर अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण पर विशेष ध्यान दें तथा सभी योजनाओं और कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करना सुनिश्चित करें। अवकाश पर जाने से पूर्व सभी अधिकारी इसकी सूचना पूर्व में ही देना सुनिश्चित करेंगे।

## ब्याहता पुत्री एवं दो नाती को गायब कर देने का मामला दर्ज

**जाले (एनएसबी)।** जाले थाना क्षेत्र के राढ़ी सौरिया गांव निवासी अब्दुल जब्बार की पत्नी अख्तरी खातून ने कमतौल थाना को आवेदन देकर कमतौल थाना क्षेत्र के करदोहली गांव निवासी मो निजामुद्दीन सहित दो नामजदों के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि इनकी ब्याहता पुत्री एवं दो नाती बीते 5 मार्च 2026 से गायब है।इन संदर्भ में बीते 7 मार्च को करदोहली आकर ब्याहता पुत्री एवं दो नाती की खोज खबर ली तो दोनों नामजदों ने बीते 8 मार्च 2026 के 12 बजे दिन तक वादिनी के हवाले कर देने का वचन दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।उल्टे दोनों नामजद अपने घर में ताला लगा कर फरार हो गए है।मामले की तहकीकात अनि विजय कुमार कर रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्षों से बसे गरीबों को उजाड़ने के खिलाफ खेग्रामस के नेतृत्व में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय पर सोमवार को खेग्रामस के नेतृत्व में वर्षों से बसे गरीबों को उजाड़ने के खिलाफ हुआ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन।प्रदर्शन में पहले बसाओ फिर हटाओ-वासभूमि आवास की गारंटी करने, गरीबों को जीवन जीविका की सुरक्षा की मांग को लेकर अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा खेग्रामस के बैनर तले सैकड़ों भूमिहीनों ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कई वर्षों से वसे भूमिहीनों द्वारा जमीन व पर्चा का आवेदन देने के वावजूद अंचलाधिकारी द्वारा अभी तक जमीन वितरण क्यों नही नीतीश सरकार जबाव दो,राशन कार्ड में छूटे हुए तमाम गरीबों को पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर नाम जोड़ने, मनरेगा कानून वापस करने सहित छः सूत्री मांगों के समर्थन में नारा लगा रहे थे।इस अवसर पर खेग्रामस के प्रखंड सचिव हरि पासवान की अध्यक्षता व भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य नन्दलाल ठाकुर की संचालन में आयोजित सभा को खेग्रामस के राज्याध्यक्ष सह भाकपा माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल, आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजित कुमार, भाकपा माले प्रखंड सचिव विनोद सिंह,किसान नेता प्रवीण यादव, परमेश्वर पासवान,पिंकी देवी, हरिश्चंद्र पासवान,दामोदर पासवान आदि ने सम्बोधित किया।

### पूजा समिति ने निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया

**गौराबोराम (एनएसबी)।** प्रखंड के बंगरहटा गांव में श्री श्री 108 श्री चित्रगुप्त पूजा समिति बंगरहटा के तत्वावधान में अमरेश कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ग दसवीं के 11 छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया। समिति के उपाध्यक्ष मुरारी कुमार ने कहा 15 मार्च से 20 मार्च तक निःशुल्क आवेदन लिया जाएगा। 22 मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 25 मार्च को परिणाम दिया जाएगा।5 अप्रैल से वर्ग का संचालन किया जाएगा। परीक्षा में 11 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्रबंधन निदेशक विकास नायक ने कहा अलग अलग विषय के शिक्षकों के द्वारा छात्रों को अध्ययन करवाया जाएगा। सचिव सचिन कुमार ने प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों को शमिल होने की अपील किया। मौके पर दीपक सिंह,मयंक, विक्रम, सुशील, दीपक, रवि राज, आनंद,अमन,सुमन, नवनीत, सुंदर ,सुजीत सहित पूजा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।


बैठक मे पूजा समिति के सदस्य ।

### उच्च सदन में देश और समाज की आवाज बुलंद करेंगे विकासपुरुष नीतीश कुमार : ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** राज्यसभा के पांचों सीट पर हुए एनडीए के ऐतिहासिक जीत के बाद जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सहर्ष शुभकामनाएं देते हुए भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन , उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर एवं शिवेश राम को भी बधाई दिया हैं। विधायक ईश्वार मंडल ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय झा के भरोसे का जीत बताया हैं। विधायक श्री मंडल ने कहा है कि एनडीए के लोग सभी अपने पांचो उम्मीदवारों को जीताने के लिए पूर्व से ही संकल्पित थे यही वजह हैं कि बिहार की उन्नति को देखते सबों ने यह एकजुटता दिखाई हैं।विकासपुरुष नीतीश कुमार ने पूरे बिहार का कायाकल्प कर दिया है। प्रदेश के कोने -कोने में विकास की सुखद तस्वीरें दिखती हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी अनुभव, समर्पण और जनसेवा के भाव से संसद के उच्च सदन में देश और समाज की आवाज को मजबूती से रखेंगे तथा विकास के मार्ग को और सशक्त करेंगे।


ईश्वर मंडल विधायक दरभंगा ग्रामीण ।

**विधायक ईश्वर मंडल ने राज्यसभा के पांचों निर्वाचित सदस्यों को दी शुभकामनाएं**

### जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दिये 2 लाख

**बेनीपुर (एनएसबी)।** पीएम जीवन ज्योति बीमा से मृतक परिवार को उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की बेनीपुर शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पोहद्दी गांव के मृतक परिवार को 2 लाख रुपये प्रदान किए। शाखा प्रबंधक रश्मि कुमारी ने बताया कि पोहद्दी पंचायत की मोहिसीना खातुन (पतिः नजरे आलम) की 20 जनवरी 2026 को ठंड लगने से मौत हो गई थी। उनके परिजनों को आज यह राशि दी गई।मृतिका ने 14 मई 2025 को बेनीपुर शाखा में खाता खोला था, जहां केवल 436 रुपये का एकमात्र प्रीमियम जमा कर बीमा कराया गया था। फिर भी, बीमित राशि समय पर भुगतान कर दी गई।

### ट्रक व हाईवा की ठोकर से बिजली का पोल छतिग्रस्त

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के शोभन गांव में ट्रक एवं हाईवा की ठोकर से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे गांव में आपूर्ति ठप हो गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों एवं कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति को बहाल किया। इस मामले में विभाग जेई दीपक कुमार के आवेदन पर सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें बताया गया है कि ट्रक एवं टाटा हायवा ने ठोकर मारकर बिजली के पोल को गिरा दिया। जिससे विभाग को 25 हजार 320 रुपये की छति हुई है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से घायल

**बेनीपुर (एनएसबी)।** धरौड़ा सकड़ी के मुख्य मार्ग के कंन्थूडीह गांव में सोमवार को एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव के पवन कुमार झा की 10 वर्षीय पुत्री तुलसी कुमारी महादेव स्थान से पूजा कर साइकिल से घर लौट रही थी।

## मनरेगा में लूट खसोट करने वालों पर डीडीसी ने की कार्रवाई

# कई पूर्व व वर्तमान कर्मियों पर गिरी गाज

राजेश कुमार झा रतन

**बेनीपुर।** मनरेगा योजना मे आवश्यकता से अधिक प्राक्कलन बनाने, काम से अधिक मापी पुस्तिका में राशि दर्ज करने तथा मजदूर के बजाय जे सी बी से काम करा कर मजदूर के नाम पर भुगतान प्राप्त करना बेनीपुर मनरेगा पीओ से लेकर पीआरएस तक को काफी महंगा पड़ गया।

विदित हो कि प्रखंड के महिनाम पंचायत के मेन रोड से बालेश्वर चौक तक 9,44,918 रुपये से नाला उड़ाहीकरण में बरती गई अनिमिताता की शिकायत पंचायत निवासी राजन कुमार झा ने उप विकास आयुक्त से शिकायत किया। उप विकास आयुक्त ने मामले की गंभीरता से लेते हुए मामले की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच किया। जांच के दौरान राजन झा द्वारा लगाए गए आरोपों को सत्य करार देते हुए उप विकास आयुक्त ने वर्तमान पीओ गौरव कुमार तत्कालीन पीओ शाहनवाज रहमत जो वर्तमान में मुजफ्फरपुर मे पदस्थापित है, सहायक अभियंता राज मोहन चौधरी जो मुजफ्फरपुर में पदस्थापित है तो तत्कालीन कनिय अभियंता हरि साहू जो वर्तमानम जल संसाधन विभाग में कार्यरत है के अलावा वर्तमान लेखपाल सुंदर पासवान एवं पंचायत के रोजगार सेवक अश्विनी कुमार मिश्र को दोषी करार देते हुए मापी पुस्तिका में कार्य से अधिक भुगतान की राशि को वापस करने तथा कनिय अभियंता हरि साह एवं रोजगार सेवक को वापसी का आदेश दिया है।

**नाला उड़ाहीकरण के नाम पर कई अधिकारियों ने की गई थी राशि की बंदरबांट**

**मापी पुस्तिका में कार्य से अधिक भुगतान की राशि को वापस करने का आदेश**

इसके अलावा गलत प्राक्लन निर्माण करने एवं गलत मापी पुस्तिका में राशि अंकित करने के आरोप में तत्कालीन कनीय अभियंता हरि शाह से 10000 तथा प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृत देने वाले सहायक अभियंता राज मोहन चौधरी 5000 भुगतान का आदेश देते हूऐ इसकी प्रति सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी के वर्तमान पदस्थापना कार्यालय को उपलब्ध कराते हुऐ पंचायत रोजगार सेवक पर पद एवं नियम का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

## सानवी इनोवेशन के निदेशक को मिला ग्लोरी ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड 2026

**दरभंगा (एनएसबी)।** सानवी इनोवेशन के निदेशक इंजीनियर प्रवीण कुमार, दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में ग्लोरी ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित हुए। उत्कृष्ट तकनीकी नवाचार और डिजिटल समाधान के दिशा में कार्य करने के लिए इन्हें यह सम्मान इंडिया बिजनेस मीट एवं पीस कॉन्फ्रेंस के दौरान म्यान्मार के राजदूत यू मोई क्याव अंग ने प्रदान किया। इसमें कई राजनयिक, उद्योगपति एवं अन्य क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इसमें व्यापार और दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। इंजीनियर प्रवीण ने इस सम्मान को मिथिला क्षेत्र के विकास से जोड़ते हुए कहा कि सानवी इनोवेशन यहां टैक्संवेयर के साथ मिलकर टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल समाधान के लिए कार्य कर रही है। आईओटी और ऐआई आधारित डिजिटल नवाचार से कार्यों को करना बहुत ही आसान हो गया है और हम लगातार इस ओर प्रयोग कर रहे हैं, जिससे हमारे क्षेत्र में भी रोजगार मिलना आसान हो जाए।


म्यांमार दूतावास में सम्मानित होते निदेशक इं प्रवीण कुमार।

## सेवानिवृत बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों का हुआ सम्मेलन

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय पोलो फील्ड रोड स्थित माउंट समर कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में विभिन्न जिलाओ से आए सेवानिवृत्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारीयो एवं महिला पर्यवेक्षीकाओ का भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समेकित बाल विकास परियोजना के कार्यों एवं सेवाओं की चर्चा की गई। सन 02 अक्टूबर 1975 से लेकर आज तक बाल विकास परियोजना मे हो रहे बदलाव तथा आंगनबाड़ी केंद्रो के संचालन के संबंध मे चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत,राष्ट्रीय गान, गणेश स्तुति एवं स्वागत नृत्य से हुई। विभिन्न पदाधिकारीयो ने अपने- अपने विचारों को रखा । सर्वप्रथम दरभंगा प्रमंडल की वरीय सेवानिवृत्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेवती कुमारी ने बाल विकास के उद्देश्यो पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रेम लता झा , शैलजा सिन्हा, अजरा जमील, उषा अग्रवाल ने अपने विचारों को साझा किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ पदाधिकारीयो ने अपने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो एवं कठिनाइयों का वर्णन किया। इस अवसर पर रागिनी कुमारी, मुन्नी कुमारी, प्रेमबाला सिन्हा, मंजू कुमारी, धर्मशीला सिन्हा, नीलू रानी, माला सिन्हा आदि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षीकाऐ उपस्थित थी । कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मिनी प्रियदर्शिनी एवं वरीय बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेवती कुमारी ने संयुक्त रूप से धन्यावाद ज्ञापन किया। अतिथि के रूप मे डॉ नूमानी, मधुरंजन प्रसाद, विजय झा एवं जय प्रकाश की उपस्थिति सराहनीय रही।



सम्मेलन में भाग लेती सीडीपीओ एवं अन्य।

## मध्यमा परीक्षा-2026 का शुभारंभ, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा 2026 सोमवार से प्रारम्भ हो गयी। परीक्षा के प्रथम दिन बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मधुबनी जिले के सूरज नारायण सिंह देव नारायण गुड़मैता परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक तथा शिक्षकों से परीक्षा की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।अध्यक्ष ने कहा कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष मध्यमा परीक्षा के सफल संचालन के लिए विशेष तैयारी की गयी है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है तथा बोर्ड की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते मृत्युंजय कुमार झा ।

उल्लेखनीय है कि मध्यमा परीक्षा 2026 का आयोजन 16 मार्च से 19 मार्च तक किया जा रहा है। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित हो रही है। पहली पाली में प्रातःकालीन तथा दूसरी पाली में अपराह्न सत्र की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा के प्रथम दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई।

## तालाब में स्नान के दौरान अधेड़ की डूबने से मौत

**बेनीपुर (एनएसबी)।** मझौड़ा स्थित महादेव मंदिर के निकट पुरनी तालाब में सोमवार को स्नान के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बहेड़ा निवासी स्व. भगवान रस्तोगी के 58 वर्षीय पुत्र नंद किशोर रस्तोगी उर्फ (करैट ) के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक अन्य दिनों की तरह तालाब में स्नान करने गए थे, जहां गहरे पानी में चले जाने से उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को उबलते देख हल्ला किया स्थानीय लोगों के सहयोग से शव निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बहेड़ा थाना पुलिस पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पूछताछ कर यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया गया। मृतक चार भाइयों एक बहन में सबसे बड़े थे। उनकी पत्नी डोली कुमारी ननद के ससुराल गई हुई हैं। उनका इकलौता 21 वर्षीय पुत्री पायल कुमारी पढ़ाई कर रही है। नंद किशोर बहेड़ा बाजार में छोटे कटघरे में व्यवसायी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सांसद, नाइट लैंडिग की शुरूआत किए जाने की रखी मांग

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन से संबंधित सौ करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं के शीघ्र उद्घाटन करने के लिए उन्होंने देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी से मिलकर आग्रह किया है तथा रक्षा मंत्री श्री सिंह ने यथाशीघ्र इन मुद्दों पर ठोस पहल किए जाने के लिए आश्वस्त किया है।

दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने सोमवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर इन मुद्दों पर चर्चा करने के बाद उपरोक्त जानकारी दी है।रक्षा मंत्री से मुलाकात के मौके पर सांसद डा ठाकुर ने रक्षा मंत्री श्री सिंह को पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। सांसद डा ठाकुर ने रक्षा मंत्री श्री सिंह के साथ हुई भेंट में चर्चा किए गए विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने श्री सिंह से यथाशीघ्र दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन परिसर में 50 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार 50 आवासीय क्वार्टर का उद्घाटन, लगभग 20 की लागत से भारतीय वायु सेना स्टेशन परिसर की नवनिर्मित चारदीवारी का उद्घाटन , इसके साथ इस एयरफोर्स स्टेशन परिसर में लगभग 25 करोड़ की लागत से नव निर्मित अस्पताल सह मेडिकल स्टेशन के शुभारम्भ किए जाने का आग्रह किया है।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलते डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन परिसर में अवस्थित वायु सेना स्कूल को प्राथमिक स्कूल से उच्च माध्यमिक स्कूल में उन्नयन करने का आग्रह करते हुए बताया है कि इस वायु सेना स्कूल के उच्चतर कक्षाओं में अपग्रेड होने से इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को काफी सहूलियत होगी तथा वायु सेना स्कूल के माध्यम से छात्र छात्राओं को उच्चतर कक्षाओं में अध्ययन के लिए अनेक तरह के अवसर प्राप्त होंगे।

**दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन पर बन कर तैयार योजनाओं के उद्घाटन के लिए रक्षा मंत्री से सांसद ने किया आग्रह**

रक्षा मंत्री श्री सिंह के साथ दरभंगा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग हेतु लगाए गए कैट - 1 एवं कैट -2 तथा आईएलएस उपकरण की शुरूआत किए जाने पर विस्तार से करते हुए कहा है कि इस एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए यहां से नाइट लैंडिग उड़ान सेवा शुरूआत करना आवश्यक है ताकि विमानों की संख्या बढ़ सके तथा यात्रियों का सहूलियत हो सके।

## जिले में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है गैस सिलेंडर

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वरीय पदाधिकारियों की गैस गोदाम और कार्यालय में प्रतिनियुक्ति की गई है।

वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में गैस सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चलते रहें। उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 16 मार्च को 2588 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 9657 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 17 मार्च 2026 को 9480 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 19137 गैस सिलेंडर 17 मार्च को वितरण होने की संभावना है। जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। नागरिक अपने घरों में गैस को अनावश्यक जमा नहीं करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार दिवस समारोह : चित्रकला प्रतियोगिता में विवेक ने मारी बाजी



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय डीह ढेपुरा, प्रखंड विद्यापतिनगर के छात्र विवेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले के 20 प्रखंडों के छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें विवेक कुमार ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद मेराज आलम ने विवेक कुमार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीआरसी दीपक कुमार साहू ने भी छात्र को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से ही इस प्रकार की सफलता प्राप्त होती है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार चौधरी, रौशन कुमार, रिंदू कुमारी, सूर्य नारायण यादव, चंचल कुमारी एवं बिट्टू कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी विवेक कुमार को बधाई दी और कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय परिवार ने विवेक कुमार की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा जताई कि वे आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर विद्यालय, प्रखंड विद्यापतिनगर और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

### विद्यापतिनगर के स्कूलों में ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विभागीय निर्देश पर प्रखंड के 14 उच्च माध्यमिक स्कूलों में ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गया है। जिसमे छात्र को कहीं एक बेंच पर दो से तीन को बैठने की व्यवस्था किया गया है। परीक्षा को लेकर बच्चों में उत्साह और उपस्थिति भी स्कूलों में अच्छी बनी है। जो 24 मार्च तक ली जाएगी। नौवीं की परीक्षा भी 18 मार्च से चलकर 24 मार्च को समाप्त होगी। शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए शिक्षक सक्रिय देखे गए। जिसकी भी तैयारी स्कूल में पूर्व से ही किया गया है। एचएम आत्मजा कुमारी, रमेश रजक ने बताया की प्रखंड के चौदह स्कूलों उच्च माध्यमिक विद्यालय मनियारपुर, कांचा, सोठगामा, बढ़ौना, बाजिदपुर, हरपुरबोचहा आदि स्कूलों के परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति है। सभी को कापी और प्रश्न पत्र दिए गए है। जिसपर छात्र शांतिपूर्वक परीक्षा दे रहे है। 18 मार्च से नौवीं का भी परीक्षा शुरू हो जाएगा। जिसकी तैयारी कर की गई है। वर्ग एक से आठ तक की परीक्षा भी 19 तक जारी है।



### दूसरे दिन नौ कुण्डीय यज्ञ सह संस्कार महोत्सव में दर्जनों लोगों ने किया हवन



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के मऊ बाजार में पुरानी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आज दूसरे दिन नौ कुण्डीय यज्ञ सह संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया। काफी बड़ी संख्या में लोगों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। इसके साथ साथ दर्जनों व्यक्तियों ने विभिन्न प्रकार के संस्कार करवाये। इस अवसर पर शान्तिकुज प्रतिनिधि आचार्य राम बालक शास्त्री ने लोगों को दुर्व्यसन और दुर्बुद्धि का त्याग कर सदुबुद्धि अपनाने के लिए प्रेरित किया। सद्बुद्धि के अपनाने से ही लोगों की सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। युग संदेश के साथ साथ भजन और संगीत से लोगों का लोकरंजन किया। मौके पर विमल कुमार झा, रीतिक रौशन, अनिल पंडित, रेखा देवी, वीणा देवी, राम जन्म सिंह, गोपाल कुमार महतो, राजू कुमार आदि उपस्थित थे।

### छात्र हत्या कांड में पुलिस ने गांव के ही पिता पुत्र को गिरफ्तार कर किया अदालत में पेश

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना के मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के वार्ड पाँच के पप्पू झा के पुत्र निलेश कुमार झा की हत्या में पुलिस ने त्वरित कारवाई करते दो को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट भेज दिया है। गिरफ्तार सुबोध साह पिता स्व. महावीर साह और सुशांत कुमार पिता सुबोध साह दोनों पिता पुत्र है और गांव के ही रहने वाले है। जिसे पुलिस के घटना के कुछ ही समय में दोनो आरोपी को घर दबोचा था। जिससे पूछताछ कर आज न्यायिक अभिरक्षा में कोर्ट भेजा गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया की गिरफ्तार आरोपी के घर में ही छात्र निलेश को गोली मारी गई थी। जिसने उसकी हत्या हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में उसी रात त्वरित कारवाई करते छापेमारी कर दोनों पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया की बांकी सभी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। जल्द सभी पकड़े जाएंगे। ज्ञात हो कि निलेश वाराणसी में बीबीए की पढ़ाई करता था और होली में अपने घर आया था जो रविवार को ही वाराणसी कालेज जाने वाला था। जिसकी हत्या से गांव में मातम छाया है वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना है।

### ऑटो पुल के नीचे गिरा ट्रक, एक की मौत, कई घायल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में समस्तीपुर-गुदारघाट मुख्य पथ पर स्थित गुदारघाट पुल पर सोमवार की सुबह करीब 7 बजे एक बालू लदा ट्रक ऑटो रिक्शा को टक्कर मारते हुए पुल का रेलिंग तोड़ कर पुल के नीचे गिर गया। इस घटना में ऑटो के परचक्खे उड़ गए जिससे ऑटो में सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। बताया जाता है कि, ऑटो में करीब चार बच्चे और अन्य लोग सवार थे। जिसमें बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ऑटो में फंसे अधेड़ के शव को जेसीबी से ऑटो तोड़कर बाहर निकाला गया। हालांकि शव की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। वहीं ट्रक ड्राइवर का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन में जुटी है।

### एसडीओ ने की गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल के सभी गैस एजेंसी संचालकों साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि, गैस वितरण के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन तथा सभी निदेर्शों को अपने कार्यालय एवं अन्य प्रमुख जगहों पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लोगों को गैस उपलब्धता की जानकारी मिल सके। इस दौरान बैठक में उपस्थित गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस के लिए शहरी क्षेत्र में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के बाद ही नंबर लग रहा है तथा यह नंबर सिर्फ उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल से ही लगाया जा सकता है। नंबर लगाने के बाद गैस प्राप्त करते समय उपभोक्ताओं अपने मोबाईल पर एक ओटीपी प्राप्त होता है जिसे गैस प्राप्त करते समय भेंडर को बताना अनिवार्य होता है। संचालकों ने बताया कि, विगत माह के औसत गैस सिलेंडर वितरण के हिसाब से उनके पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलव्ध है। इस अवसर पर श्री किशन ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि, अपने क्षेत्र अंतर्गत गैस एजेंसी कार्यालय एवं गोदाम पर भ्रमणशील रहकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे गैस सिलेंडर वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता ना हो एवं सभी सही उपभोक्ताओं को सही तरीके से गैस प्राप्त हो सके और किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी विवेक कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा शुरू



परीक्षा देते बच्चे।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखंड के सभी 14 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार से 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा को लेकर विद्यालयों में सुबह से ही छात्रों की चहल-पहल देखी गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए विभाग की ओर से विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सभी विद्यालयों को प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई है, ताकि परीक्षा का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जा सके। परीक्षा शुरू होने से पहले ही विद्यालय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली थीं। प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल विद्यापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ वाजिदपुर दक्षिण में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। इस विद्यालय में करीब 450 छात्र-छात्राओं ने पहले दिन परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों के बैठने की व्यवस्था रोल नंबर के आधार पर की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार की संभावना न रहे। प्रत्येक वर्ग कक्ष में तीन-तीन शिक्षकों को वीक्षण कार्य में लगाया गया है। साथ ही परीक्षा कक्षों की नियमित निगरानी भी की जा रही है। परीक्षा केंद्र पर समय से पहले ही छात्र-छात्राएं पहुंच गए थे और निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू कर दी गई। परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राएं गंभीरता के साथ प्रश्नों का उत्तर लिखते नजर आए। वहीं शिक्षक भी लगातार कक्षों का निरीक्षण करते रहे, जिससे परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित भूषण ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा को पूरी तरह कदाचार मुक्त माहौल में कराया जा रहा है। इसके लिए सभी शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का महत्व काफी अधिक है, क्योंकि इसी के आधार पर छात्रों को अगली कक्षा में नामांकन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहेंगे या अनुत्तीर्ण होंगे, उन्हें किसी भी परिस्थिति में 12वीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से परीक्षा को गंभीरता से लेने और पूरी ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की है। वहीं प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाजिदपुर में जगह की कमी के कारण छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ धनेशपुर दक्षिण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालकृष्ण पुर मड़वा सहित अन्य विद्यालयों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित है।

# दस दिन बाद फिर बदमाशों ने विकास मित्र के घर पर फायरिंग

## धमकी भरा पर्चा फेंक जान से मारने की धमकी




पर्चा दिखाता पीड़ित।

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के अजनौल गांव में विकास मित्र बैजनाथ राम के घर पर 5 मार्च को बाइक सवार बदमाशों द्वारा की गई तीन राउंड फायरिंग के ठीक दस दिन बाद रविवार रात पुनः दो राउंड फायरिंग की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। इस बार तीन की संख्या में बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग के बाद धमकी भरा पर्चा भी फेंका, जिसमें बैजनाथ राम के पुत्र प्रकाश कुमार और संतोष कुमार की तस्वीरों पर लाल रंग से क्रॉस चिह्न लगाकर दस दिनों के अंदर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। दोनों घटनाएं घर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं, बावजूद इसके पुलिस ने अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। बताते चलें कि पहली घटना 5 मार्च की रात को हुई थी, जब बाइक सवार बदमाशों ने तीन राउंड गोली चलाई थी। पीड़ित परिवार ने तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार रात की घटना के बाद पूरे परिवार में दहशत फैल गई। बैजनाथ राम के दोनों बेटे प्रकाश कुमार और उनकी पत्नी संतना कुमारी तीन छोटे बच्चे, बीमार पत्नी सीता देवी और सास उमा देवी भयभीत हैं। प्रकाश ने बताया, "पहली फायरिंग के बाद हम किसी तरह परिवार सहित घर में डरे-सहमें रह रहे थे, लेकिन अब धमकी भरे पर्चे से जान का खतरा मंडरा रहा है।" पीड़ित प्रकाश ने आरोप लगाया कि यह सब गांव के ही स्व बिहारी राम बहादुर राम ,स्व योगेंद्र राम, शंकर राम और प्रमोद राम की साजिश है। विवाद एक जमीन को लेकर है, जो बैजनाथ राम और उनके चाचा विजय राम के नाम दर्ज है। शंकर राम और प्रमोद राम ने राम बहादुर को वह जमीन बेच दी, लेकिन दाखिल-खारिज के दौरान परिवार ने आपत्ति लगाई, जिससे खारिज हो गया। "इसी रंजिश में वे जबरन जमीन पर कब्जा जमाए हुए हैं और हमें डराने के लिए गोली चला रहे हैं, ताकि हम विरोध न करें। परिवार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, लेकिन दरोगा ने कहा, "आदेश मिलने पर गिरफ्तारी होगी।" किसके आदेश का इंतजार है, इस पर पुलिस ने स्पष्ट नहीं की । घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद पुलिस की सुस्ती से पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद में टकटकी लगाए है। प्रकाश ने कहा, "पुलिस सिर्फ कागजी कार्रवाई कर रही है। हमें और परिवार को तत्काल सुरक्षा चाहिए। परिवार ने उच्च अधिकारियों से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया, "पूरे मामले की गहन जांच चल रही है। जमीन विवाद के अलावा कुछ अन्य रंजिश भी हैं, जिनकी पड़ताल की जा रही। सीसीटीवी में कैद बदमाशों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी होगी।" उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# इफ्तार पार्टी में जुटे कई जनप्रतिनिधि



पार्टी में शामिल लोग।

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** शहर के काली चौक स्थित मॉल के प्रांगण में मो आरसी और मो जावीर के नेतृत्व में रोजेदारों के बीच इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार थानाध्यक्ष मो इरशाद आलम सहित राजद के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। इफ्तार से पहले सभी लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी। जैसे ही अजान हुई, रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके बाद सभी ने मिलकर इफ्तार किया।

कार्यक्रम में पहुंचे एसडीओ किशन कुमार ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द मजबूत होता है।

इफ्तार पार्टी में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। मौके प्रखण्ड अध्यक्ष जाबिर हुसैन, मो अरसी, राज दीपक, राजद के जिला अध्यक्ष राजेश्वर महतो चन्दन प्रसाद, जलील अख्तर, नंदकिशोर महतो बादशाह सैफ, मो अइयाज, मो कैफी, नीलम देवी सीपीआई नेत्री, प्रशांत सागर, मो नवाव, मो सालाउद्दीन, मौजूद थे।

# भगवान शिव द्वारा कही गई अमर कथा है श्री रामचरितमानस : सत्यनारायण

**मोरवा (एनएसबी)।** भगवान शिव के द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई अमर कथा है श्री रामचरितमानस। अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य सत्यनारायण मिश्र सत्य ने सूर्यपुर यती स्थान में आयोजित 61 वां जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। ऐतिहासिक सूरजपुर यती स्थान में आयोजित महा विष्णु यज्ञ के अवसर पर आयोजित रामचरितमानस के जिला सम्मेलन के प्रथम सत्र में प्रांतीय एवं जिला के अधिकारियों के द्वारा बैठक आयोजित कर विगत एक साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में संपूर्ण जिले के सभी पंचायतों में चल रहे रामचरितमानस गोष्ठी के अध्यक्षों एवं कमेटी सदस्यों की जानकारी दी गई। मोरवा प्रखंड अध्यक्ष अंजनी कुमार झा, प्रखंड मंत्री सुशील कुमार वर्मा, सराय रंजन अध्यक्ष गिरिधारी झा, प्रखंड मंत्री महेश कुमार झा एवं उपाध्यक्ष रामकेशव मिश्र मनोनीत किए गए।दूसरे सत्र में कथा, संकीर्तन एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महा विष्णु यज्ञ के यज्ञाधीश आचार्य ऋषिकांत जी महाराज, संयोजक फूल बाबू झा, श्यामलाल राय, पुजारी सुबोध कुमार झा तथा अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के जिला एवं प्रांतीय अधिकारियों सहित गणमान्य लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य सत्यनारायण मिश्र के द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इकसठवें जिला सम्मेलन को महा विष्णु यज्ञ के यज्ञाधीश आचार्य ऋषिकांत जी महाराज,संयोजक फूल बाबू झा, श्यामलाल राय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष इंद्रकांत झा, राम लगन सिंह, डॉ मित्र कुमार ठाकुर, प्रोफेसर अवधेश कुमार झा, राम कथा वाचक लालबाबू ईश्वर, आचार्य महेश कुमार झा, लक्ष्मी शरण मिश्र,पंडित हरिकांत झा, रामनारायण सिंह,राम केशव मिश्र, कृष्ण कुमार झा, शिवकुमार झा, दीपक कुमार ठाकुर सीताराम ठाकुर ,अंजनी

# मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण के निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम, समस्तीपुर द्वारा जिला अदालत परिसर स्थित मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण कराने के निर्णय का अधिवक्ता संघ ने स्वागत करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस निर्णय से अधिवक्ताओं के बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार अधिवक्ता संघ ने नगर निगम की महापौर अनिता राम से मोख्तारखाना भवन में एक आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग की थी। मांग के बाद महापौर ने अपने सहयोगियों और निगम कर्मियों के साथ मोख्तारखाना भवन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महसूस किया कि वहां शौचालय की व्यवस्था बेहद आवश्यक है।

बताया गया कि परिसर में पहले से एक शौचालय मौजूद है, लेकिन वह लंबे समय से अनुपयोगी स्थिति में है, जिससे आसपास दुर्गंध फैलती रहती है। इसके कारण अधिवक्ताओं, मुवक्किलों तथा विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ता संघ ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम जल्द ही शौचालय निर्माण के इस निर्णय को अमलीजामा पहनाएगा, जिससे परिसर में स्वच्छता और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी। इस पहल में जिला अधिवक्ता संघ के वरीय अधिवक्ता हेमेंद्र कुमार यादव, डॉ. परमानंद लाभ, रमेश कुमार वर्मा, बसुंधरा खुर्शीद, अकबर रजा सोज, मेराज आलम, शिवेश कुमार, अब्दुल सलाम सहित भूपनेश्वर राम, उदयशंकर सिंह और अशोक कुमार वर्मा समेत कई सामाजिक लोगों की विशेष भूमिका रही।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



प्रशिक्षण में शामिल कार्यकर्ता।

**बिथान (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर, बिथान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बिथान दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार निषाद ने की, संचालन रामबालक कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री बैजनाथ झा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी भारतीय राजनीति व समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण अभियान का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को कार्यकताओं तक पहुंचाना है, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं के बीच सात प्रमुख विषयों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा की गई। इनमें वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास व विकास, कार्य विस्तार की दृष्टि, संगठन की कार्य पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, मीडिया की भूमिका तथा बूथ प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे। वक्ताओं ने इन विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकताओं को संगठनात्मक रूप से अधिक सक्रिय रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन सत्य नारायण ब्रह्मचारी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर अरविंद महतो, संजय गुप्ता, पिंकी सिंह, ममता कुमारी, आलोक कुमार, निखिल मिश्रा, ऋषि राज, शिव शंकर कुशवाहा, महेंद्र महतो, अशोक मुखिया, पंकज मुखिया, मनीष पंजीयार समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान -2026 समस्तीपुर ग्रामीण पश्चिम मंडल में प्रशिक्षण सम्पन्न



प्रशिक्षण में शामिल भाजपा नेता।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्तीपुर पश्चिम मंडल का प्रशिक्षण शिविर पोखरैरा पंचायत राज भवन समस्तीपुर में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता विधानसभा संयोजक किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष विष्णुदेव कुशवाहा ने किया। क्रमशः अलग-अलग वर्गो में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर के कार्यकताओं को भारत को 2047 तक विकसित एवं वैभवशाली बनाने का आह्वान अपने उद्घाटन भाषण में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नेता राम सुमिरन सिंह ने किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो विजय कुमार शर्मा ने सुरक्षित प्रकृति, पर्यावरण, खेत खलिहान में भारत को श्रेष्ठ बनाने हेतु इतिहास और विकास पर प्रशिक्षण दिया। भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने केंद्र सरकार के उपल्बिध के साथ भारतीय सभ्यता संस्कृति का प्रेरणा के साथ राष्ट्रवाद के विचार को प्रबल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया । भाजपा नेत्री श्रीमती विमला सिंह ने सेवा और ज्ञान के साथ सामुहिकता, समरसता के बदौलत भारत को 2047 तक वैभवशाली बनाने हेतु कार्य विस्तार में हमारी दृष्टि विषय पर प्रशिक्षण दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु बूथ प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। जिला मिडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार ने विकास में सोशल मिडिया के महत्त्व के विषय पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन सिंह,भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो विजय कुमार शर्मा, श्रीमती विमला सिंह जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार बबलू , डॉ हरि किशोर सिंह,श्यामनंदन प्र सिंह, अशोक नायक,मिडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार, प्रशांत कुमार, अमरेश कुमार, राजकुमार पोद्दार, इंद्रजीत सिंह, जगरनाथ पासवान सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार राज्य महिला आयोग, पटना की सदस्य द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर, का किया गया निरीक्षण

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार राज्य महिला आयोग, पटना की माननीय सदस्य श्रीमती सजल झा एवं श्रीमती पिंकी कुमारी के द्वारा सोमवार को सखी वन स्टॉप सेंटर, मधुबनी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान माननीय सदस्यों का स्वागत जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, ललिता कुमारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। इसके पश्चात केंद्र प्रशासक, सुषमा कुमारी द्वारा माननीय सदस्यों को मिथिला की पारंपरिक पाग एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। सदस्यों द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। साथ ही महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों तथा महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत संचालित सामाजिक पुनर्वास कोष योजना की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।



### वार्षिक परीक्षा का परिणाम 30 मार्च को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में किए जाएंगे प्रकाशित

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामला उर्दू सहित कई विद्यालयों में रविवार को 1 से 8 तक की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा जारी रही. जो 19 मार्च तक चलेगी. परीक्षा में अध्यनरत छात्र छात्रा शामिल हो रहे हैं. परीक्षा दो पालियो में आयोजित की जा रही है.कदाचार व पारदर्शी बनाने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है. परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र ई शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से परीक्षा शुरू होने से लगभग 45 मिनट पहले डाउनलोड किए जाते हैं और विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बच्चों को उत्तर लिखने के लिए कहा जाता है. विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुस्लिम ने बताया कि वार्षिक पढ़ाई और पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार किया गया है. जिसमें वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय और वर्णनात्मक प्रश्न शामिल है. बीईओ शेखर कुमार ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए विभाग के द्वारा कई कदम उठाए गए हैं. परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के बीच कम से कम 2 फीट की दूरी बनाए रखा जा रहा है. वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम 30 मार्च को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के दौरान प्रकाशित की जाएगी.

### इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन, विधायक सहित कई जन प्रतिनिधि रहे उपस्थित

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी दक्षिणी पंचायत में रमजान महीने के शुभ अवसर पर युवा कमेटी के ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी मे मुख्य रूप से विधायक आसिफ अहमद एवं क्रिप्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर मरगूब नियाजी उपस्थित रहे. इस मौके पर विधायक आसिफ अहमद ने कहा कि इफ्तार पार्टी भाईचारे का पैगाम देता है. इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोग एक साथ में बैठकर इफ्तार करते हैं और यह रमजान के पवित्र महीने में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है. उन्होंने कहा कि हमारे हिंदुस्तान की खूबसूरती है कि हम सभी समुदाय के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं और भाईचारे का पैगाम देते हैं. विधायक ने कहा कि हम कई समुदाय के लोगों ने कहा कि इफ्तार पार्टी में जाने से मुझे बहुत खुशी औरआनंद मिलता है. वही प्रतीमा अध्यक्ष अनुराग कुमार ने कहा के रमजान का पवित्र महीना ह. बड़ी शांति से यहां लोग इस महीने को मानते हैं और एक दूसरे का सहयोग भी करते है. वहीं इफ्तार पार्टी के दौरान प्रखंड क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, एवं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ युवा कमेटी परसौनी के संयोजक, मो वली अहमद, परवेज हसन दानिश,मो अमानुल्लाह, मो नसीम,फरहान फैसल शाहित सहीत कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे.



### बाल एवं किशोर श्रम जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को बाल एवं किशोर श्रम से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विशेष लोक अभियोजक (बाल श्रम एवं किशोर) श्रम से जिले के दोषी नियोजकों के विरुद्ध दायर प्राथमिकी की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में पृच्छा की गई, उनके द्वारा संतोषजक जवाब नहीं देने पर जिला पदाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई एवं स्पष्टीकरण की मांग की गई। *जिलाधिकारी द्वारा निर्देश श्रम अधीक्षक मधुबनी को निदेश दिया गया कि विमुक्त बाल श्रमिक का अद्यतन स्थिति से अगली बैठक में अवगत करावेन एवं शहर में बाल एवं किशोरों द्वारा ई-रिक्सा इत्यादि का परिचालन किया जाता है, तो उनके नियोजक,माता पिता पर भी विधिमान्य कारवाई करे। इसके अलावा समी ईंट भट्टों, लाइन होटल, सभी जगह जॉइंट ऑपरेशन चलाकर बाल श्रमिक को विमुक्त कराने हेतु निदेश दिया।बैठक में डीडीसी, सुमन प्रसाद साह, श्रम अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, रश्मि, नगर आयुक्त, उमेश भारती, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति सदस्य सहित अन्य उपस्थि थे।



### समर्पण और जनसेवा के भाव से उच्च सदन में देश और समाज की आवाज बुलंद करेंगे विकासपुरुष नीतीश कुमार : विधायक

**मधुबनी (एनएसबी)।** राज्यसभा के पांचों सीट पर हुए एनडीए के ऐतिहासिक जीत के बाद जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सहर्ष शुभकामनाएं देते हुए भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नवीन , उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर एवं शिवेश राम को भी बधाई दिया हैं। विधायक ईश्वर मंडल ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय झा के भरोसे का जीत बताया हैं। विधायक श्री मंडल ने कहा है कि एनडीए के लोग सभी अपने पांचो उम्मीदवारों को जीताने के लिए पूर्व से ही संकल्पित थे यही वजह हैं कि बिहार की उन्नति को देखते सबों ने यह एकजुटता दिखाई हैं।विकासपुरुष नीतीश कुमार ने पूरे बिहार का कायाकल्प कर दिया है। प्रदेश के कोने -कोने में विकास की सुखद तस्वीरें दिखती हैं। शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क,बिजली और उद्योगों के क्षेत्र में उम्मीद से ज्यादा काम हुए हैं। महिलाएं उद्यमी बन रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी अनुभव, समर्पण और जनसेवा के भाव से संसद के उच्च सदन में देश और समाज की आवाज को मजबूती से रखेंगे तथा विकास के मार्ग को और सशक्त करेंगे।



### एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी करनेवाले दो के विरुद्ध प्राथिमिकी दर्ज

**मधुबनी (एनएसबी)।** एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को जिले में सुचारु, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा गठित टीम के द्वारा प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस की कालाबाजारी करनेवालों एवं जमाखोरी करनेवालों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जा रही है।इसी क्रम में रविवार को गठित टीम के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 72 गैस सिलेंडरों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्णपुर, मधुबनी स्थित एक जड़ी-बूटी, किताब आदि की दुकान में एलपीजी गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर रूद्रपुर थाना, मधुबनी की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान से बड़ी संख्या में खाली एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

# मिथिला महोत्सव-2026 का 20 एवं 21 मार्च को होगा शानदार आयोजन

## मिथिला महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के हिंदी, मैथिली लोक गाथाओं तथा हास्य कलाकारों की प्रस्तुतियों पर झूमेंगे दर्शक

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला महोत्सव-2026 का 20 एवं 21 मार्च को वाट्सन उच्च विद्यालय परिसर में शानदार एवं भव्य आयोजन किया जायेगा।इस अवसर पर स्थानीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के हिंदी, मैथिली लोक गाथाओं तथा हास्य कलाकारों के द्वारा अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया जायेगा। वही 22 मार्च को उसी पंडाल में बिहार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के सभी भवनों एवं विद्यालयों तथा आंगनवाडी केंद्रों पर 114 दीप जलाया जायेगा। साथ ही सरकारी भवनों को नीली बत्तियों से विद्युत सजावट भी किया जायेगा।

मिथिला महोत्सव के अवसर पर कॉफी टेबुल बुक का भी प्रकाशन किया जायेगा। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। कॉफी टेबुल बुक में मिथिला के गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ यहां कला, खान-पान, लोक उत्सव और अनेक लोक परंपराओं की झलक सचित्र रूप में दिखेगी।वही डीडीसी की अध्यक्षता में गठित दूसरी समिति के द्वारा स्थानीय,राज्य स्तरीय,राष्ट्रीय स्तर के हिन्दी, मैथिली के साथ-साथ लोक गाथाओं के कलाकारों, हास्य कलाकारों आदि का चयन किया जायेगा।जिसमे 70 प्रतिशत स्थानीय स्तर के कलाकार होंगे। इस अवसर पर अलग-अलग विधाओं और क्षेत्रों से संबंधित स्टॉल यथा- मिथिला चित्रकला, मिथिला व्यजन, सिक्की कला एवं सैंड आर्ट से सबंधित संस्था को चिन्हित कर स्टॉल भी लगाया जायेगा। दोनों दिन के कार्यक्रम में मिथिला के परंपरा पर आधारित खान-पान वेशभूषा, रहन-सहन, लोक उत्सव आदि से संबंधित 25 स्टॉल लगाया जायेगा।



डीडीसी की अध्यक्षता में बैठक।

साथ ही विभागीय स्टॉल में तीनों दिन के कार्यक्रम में संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित पुस्तक प्रचार सामग्री एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित पम्पलेट आदि भी रखेंगे। दिनांक-20 एवं 21 मार्च को मिथिला महोत्सव तथा दिनांक-22.03.2026 को बिहार दिवस के अवसर पर वाट्शन उच्च विद्यालय, मधुबनी के प्रांगण में उत्तम श्रेणी का हैंगर पंडाल एवं स्टेज आदि की व्यवस्था की जायेगी। जो तीनों तिथियों के लिए होगा।मिथिला महोत्सव कार्यक्रम 11: बजे दिन से प्रारंभ करते हुए रात्रि के 10 बजे तक किया जायेगा। उद्घतन संध्या को 5. बजे में आमंत्रित अतिथियों,जिला प्रशासन के पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।जिला के विभिन्न विद्यालयों के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्च्चों के बीच सुगम संगीत, वाद्य वादन, लघु नाटक आदि का कार्यक्रम से संबंधित प्रस्तुति दी जायेगी।शाम के समय में अच्छे स्थानीय कलाकारों, प्रख्यात मैथिली गायकों की प्रस्तुति होगी।

**बिहार दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर जलाए जाएंगे 114 दीप कार्यक्रम**

इस प्रतियोगिता में चयनित कलाकरों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार शाम में जिला पदाधिकारी के हस्ताक्षर से दिया जायेगा। शाम के कार्यक्रम में हिन्दी, मैथिली एवं भोजपुरी गायन एवं प्रहसन के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे।दोनों तिथियों को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मधुबनी को उप विकास आयुक्त, मधुबनी एवं अपर समाहर्त्ता, मधुबनी मार्गदर्शन एव उचित परामर्श देंगे।

# भामती वाचस्पति महोत्सव-2026 के अवसर पर परिचर्चा सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में 'भामती वाचस्पति महोत्सव-2026' के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दूसरे दिवस में परिचर्चा सत्र का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, मैथिली भाषा तथा क्षेत्रीय इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।संध्या मैं आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री बिंदु गुलाब यादव, नीतीश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंधराठाढ़ी तथा भामती वाचस्पति निर्माण समिति के अध्यक्ष श्री रत्नेश्वर झा के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का पारंपरिक मैथिली पाग, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों ने मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, लोककला और विद्या परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए इस महोत्सव की सराहना की।जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री बिंदु गुलाब यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिथिला की भूमि सदैव ज्ञान, दर्शन और संस्कृति की धरती रही है। पंडित वाचस्पति मिश्र जैसे महान दार्शनिकों ने इस क्षेत्र को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपरा, संस्कृति और इतिहास से जोड़ने का कार्य करते हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री संजय यादव ने जिला प्रशासन तथा आयोजन समिति को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऐसी पहल से स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलता है तथा हमारी लोक संस्कृति को नई ऊर्जा प्राप्त होती है।संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंचनाद क्लासिकल फ्यूजन बैंड राग अहीर भैरव में अलबेला साजन आयो री , रंजना झा (प्रसिद्ध मैथिली गायिका)के द्वारा चानन भेल अन्य विद्यापति रचित गीत , अरविंद सिंह (मैथिली भजन गायक) ने श्याम गजब सहर दरभंगा , नेहा कुमारी एवं समूह (ओडिसी नृत्य),वर्षा झा (मैथिली गायिका), प्रिया कुमारी एवं समूह (लोक नृत्य), दिव्या एवं शांति (गायिका) ने छाप तिलक सब चीनी , डेजी ठाकुर (गायिका) के द्वारा चैती तथा तनय झा (गायक) ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का कुशल संचालन आनन्द मोहन झा उद्घोषक ने किया।



कार्यक्रम के उद्घाटन करते, कार्यक्रम प्रस्तुत करते।

# 22 मार्च को बिहार दिवस का होगा भव्य आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** 22 मार्च को बिहार दिवस का आयोजन वाट्सन उच्च विद्यालय, मधुबनी के प्रांगण में किया जायेगा। जिला मुख्यालय के सभी सरकारी कार्यालय परिसर में 114 दीप जलाएँ जाएंगे। बिहार एवं जिला का लोगो भी प्रदर्शित किया जाएगा तथा विद्युत्त सजावट नीला बत्ती से की जायेगी। सभी अनुमण्डल एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यालयों तथा विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में भी 114 की शक्ल में दीप जलाया जायेगा। इस अवधि में बिहार के गौरव गान प्रमुख स्थानों के साथ सभी सरकारी कार्यालयों में भी मध्यम ध्वनि से बजाया जायेगा। ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के सभी विद्यालयों में क्षेत्रानुसार संयुक्त संयोजन कर प्रातः काल 7: बजे पूर्वाह्न में प्रभात फेरियाँ निकाली जायेगी जिसमें निजी विद्यालयों को भी शामिल किया जायेगा। इसमें बिहार के गौरव एवं प्रेरणा से ओत-प्रोत लिखे हुए नारे बैनर,तख्तियाँ से प्रदर्शित की जाएँ एवं प्रभात फेरी के दौरान नारे लगाएँ जाएंगे।दिन के समय विद्यालयों में खेल-कूद प्रतियोगिता वाद विवाद, निबंध, लेखन प्रतियोगिता, चित्रांकन, रंगोली इत्यादि का आयोजन किया जायगा।जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यकम स्थान वाट्सन उच्च विद्यालय प्रांगण से प्रभात फेरी प्रात 7:बजे, पूर्वाहन 11: बजे (वाट्सन उच्च विद्यालय) कार्यक्रम का उदघाटन एवं विभागीय स्टॉल का निरीक्षण अपराह्न 11:30 बजे वाट्सन उच्च विद्यालय तथा सांस्कृतिक कार्यकम :-स्थानीय स्कूली बच्चों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा 'प्रभात फेरी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा शहर के विद्यालय के बच्चों के साथ निकाली जायेगी, जो रेलवे स्टेशन स्थित गाँधी जी की प्रतिमाँ पर माल्यार्पण के पश्चा प्रारंभहोकर महिला कॉलेज रोड, बाटा चौक, थाना मोड़ होते हुए समारोह के मुख्य स्थल वाट्सन उच्च विद्यालय, मधुबनी पहुँचेगी। प्रातः 7:30 बजे बापू की मूर्ति स्टेशन,विद्यापति मूर्ति विद्यापति टावर तथा बाबा साहेब भी राव अम्बेडकर की मूर्ति नगर भवन पर जिला पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा मार्ल्यापण किया जायेगा।5: बजे अपराह्न से कार्यक्रम प्रारम्भ किया जायेगा। उक्त अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटने के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उ द्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालयों के स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा 'बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अक्षय पांडेय, उप निदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार, निदेशक, डीआरडीए, सैयद सरफराजुद्दीन अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चंदन कुमार झा, शिक्षक, अभिषेक कुमार एवं उमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने किया औचक निरीक्षण

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षाझ्र2026 सोमवार से प्रारम्भ हो गयी। परीक्षा के प्रथम दिन बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मधुबनी जिले के सूरज नारायण सिंह देव नारायण गुड़मैता परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक तथा शिक्षकों से परीक्षा की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष मध्यमा परीक्षा के सफल संचालन के लिए विशेष तैयारी की गयी है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है तथा बोर्ड की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी, अनुशासित और शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायी जाए।औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों से भी बातचीत की और उन्हें निष्ठापूर्वक परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा के विकास के लिए विद्यार्थियों का परिश्रम और अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण है।उल्लेखनीय है कि मध्यमा परीक्षाझ्र2026 का आयोजन 16 मार्च से 19 मार्च तक किया जा रहा है। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित हो रही है। पहली पाली में प्रातःकालीन तथा दूसरी पाली में अपराह्न सत्र की परीक्षा ली जा रही है।परीक्षा के प्रथम दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। बोर्ड अध्यक्ष के औचक निरीक्षण से परीक्षा व्यवस्था में और अधिक सतर्कता तथा अनुशासन देखने को मिला।



निरीक्षण करते अध्यक्ष ।

# जयनगर-आरा इंटरसिटी एक्सप्रेस के साधारण बोगी में उठा धुआं, ट्रेन रोकने से टला बड़ा हादसा

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर से आरा के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 13225 इंटरसिटी एक्सप्रेस में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब ट्रेन के एक साधारण (जनरल) बोगी से अचानक धुआं निकलने लगा। हालांकि रेलकर्मियों की तत्परता और सतर्कता से समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जयनगर से आरा के लिए प्रस्थान करने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पर चल रही थी। इसी दौरान ट्रेन के पिछले हिस्से में लगे साधारण बोगी से धुआं निकलता हुआ देखा गया। धुआं निकलते देख यात्रियों के बीच अचानक हड़कंप मच गया। कई यात्रियों ने घबराकर एक-दूसरे को सूचना दी और बोगी के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन में तैनात गार्ड रंजीत कुमार ने तुरंत स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लोको पायलट अशोक कुमार सिंह तथा सहायक लोको पायलट सचीन कुमार सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया और ट्रेन को कोरहिया स्टेशन के समीप सुरक्षित स्थान पर रोक दिया गया।ट्रेन के अचानक रुकने के बाद रेलवे कर्मियों द्वारा संबंधित बोगी की जांच शुरू की गई। इस दौरान यात्रियों को शांत रहने की अपील की गई तथा स्थिति को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि बोगी में तकनीकी कारणों से धुआं उठ रहा था। रेलवे कर्मियों ने तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए समस्या को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू की।

घटना के समय ट्रेन में मौजूद कई यात्री भयभीत हो गए थे। कुछ यात्री एहतियातन बोगी से बाहर भी निकल आए। हालांकि रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को समझाकर शांत कराया और उन्हें भरोसा दिलाया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरती गई।करीब 20 मिनट तक जांच और मरम्मत का कार्य चलने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। तकनीकी समस्या दूर होने के बाद रेलवे कर्मियों ने ट्रेन के सुरक्षित होने की पुष्टि की। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस को पुनः अपने निर्धारित मार्ग के लिए रवाना कर दिया गया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार लोको पायलट और गार्ड की सूझबूझ के कारण स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना होने से बचाव हो गया। यदि समय रहते ट्रेन को नहीं रोका जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।इस घटना के बाद यात्रियों के बीच कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा, हालांकि ट्रेन के पुनः चलने के बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो गई। कई यात्रियों ने रेलवे कर्मियों की तत्परता की सराहना की और कहा कि उनकी सजगता के कारण ही एक बड़ा हादसा टल सका।



रुकी हुई ट्रेन।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा मंडल विकास अभियान के तहत नए क्लबों का गठन व पुराने क्लबों का हुआ पुनर्गठन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत मुसहरी, मड़वन एवं कुढ़नी प्रखंडों में युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से सोमवार को नए युवा क्लबों का गठन तथा पुराने क्लबों का पुनर्गठन किया गया। इस अभियान के तहत क्लस्टर स्तर पर युवाओं को जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें नेतृत्व, कौशलविकास सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के अवसर मिल सके। इसी क्रम में मुसहरी प्रखंड के खादी भंडार कैम्पस, कन्हौली में स्वतंत्रता सेनानी नन्नू लाल यूथ क्लब का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से क्लब के अध्यक्ष के रूप में शुभम रानी, सचिव कृष्णा कुमार तथा कोषाध्यक्ष मो अरशक का चयन किया गया। वहीं मुसहरी प्रखंड की मधुबनी पंचायत के चौसिमा गांव में एक नए युवती मंडल का गठन किया गया। आम बैठक में सर्वसम्मति से मंडल का नाम चौसिमा युवती मंडल रखा गया। बैठक की अध्यक्षता गांव की मुखिया निर्मला देवी ने की। सर्वसम्मति से वर्षा कुमारी को अध्यक्ष, अंशु कुमारी को सचिव तथा शिवानी कुमारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। यह गठन और पुनर्गठन युवा मंडल विकास अभियान के अंतर्गत चंदन कुमार एवं अंशु कुमारी की टीम द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ते हुए समाज और देश के सकारात्मक परिवर्तन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।




### नवादा में आयोजित 12वीं सीनियर रग्बी प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर को मिली ऐतिहासिक जीत

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** नवादा में संपन्न हुई 12वीं सीनियर रग्बी (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। मुजफ्फरपुर की टीम ने क्वार्टर फाइनल में भागलपुर को 17झ0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद सेमीफाइनल में पटना को कड़े मुकाबले में 7झ5 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वही फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नालंदा को 17झ0 से हराकर पहली बार चैम्पियन बनने का इतिहास बनाया। इस शानदार उपलब्धि पर बिहार रग्बी की महासचिव डॉ पंकज कुमार ज्योति, सचिव मुकेश कुमार सिंह, अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद तथा संरक्षक अरविंद आनंद ने मुजफ्फरपुर की पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। टीम के कप्तान राहुल कुमार, उप-कप्तान हर्ष राज के साथ टीम में राहुल, हर्ष, विद्यानंद, मंजीत, रणजेश, शुभम, विपुल, सनी, शिवम, सचिन, रूपेश और सुमित ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 44 शिक्षक हुए सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आयुष्मान भारत कार्यक्रम एवं आरकेएसके के अंतर्गत विधालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम में प्रखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल 44 शिक्षकों को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्वास्थ्य) तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शिक्षा द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्रखण्ड मुरौल के मध्य विद्यालय इटहा, द्वितीय पुरस्कार प्रखण्ड बंदरा के मध्य विद्यालय हारपुर एवं तृतीय पुरस्कार मड़वन प्रखंड के मध्य विद्यालय रेपुरा को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए मनोज कुमार (गुणवत्तापूर्ण- शिक्षा) एवं नीलेश कुमार (जिला समन्वयक सी 3) को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए जिलास्तर पर प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, पोषण तथा जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीसी आरबीएसके कम डीसीएम डॉक्टर प्रशांत कुमार, डीडीए राज किरण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता रानू शंकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि के लिए चयनित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत की एक संस्था एमजीजीपी के ग्लोबल डायरेक्टर डॉ माइक लिटेमन और भारत के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ आचार्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर पिछले 23 वर्षों से काम करने के लिए जिले के पारु प्रखंड अंतर्गत कमलपुरा ग्राम निवासी गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता रानू नीलम शंकर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि के लिए चयनित किया गया है। रानू नीलम शंकर को यह सम्मान गांधी के शांति व सत्य अहिंसा के संदेश को घर घर तक पहुंचाने का किए जा रहे काम तथा अपने गांव कमलपुरा स्थित गांधी आश्रम के विकास व उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयास को लेकर दिया जाएगा। इस संबंध में रानू नीलम शंकर ने बताया कि उन्हें सम्मान के लिए चयनित किए जाने की सूचना पत्र द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि यह सम्मान उड़ीसा में संभावित समारोह में एमजीजीपी के ग्लोबल डायरेक्टर डॉ माइक लिटेमन द्वारा चयनित लोगों को दिया जाना है। ज्ञात हो कि रानू नीलम शंकर बीते 23 वर्षों से कमलपुरा स्थित गांधी आश्रम, जिसकी स्थापना स्वयं महात्मा गांधी ने 1934 में अपने बिहार प्रवास के दौरान स्वयं की थी, उसके विकास, आश्रम को गांधी सर्किट से जोड़कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमलपुरा गांधी आश्रम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और मेरे दादा की स्मृतियां जुडी है, जिसके कारण आश्रम से उनका भावनात्मक लगाव है और इस आश्रम को वे देशस्तर पर दर्शनीय स्थल व चर्चित गांधी जी के चर्चित स्मृति स्थल बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।



### स्लुईस गेट के पास सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड के स्थानीय लोगों ने पाकर चौक के पीछे स्थित स्लुईस गेट के पास बिहार सरकार की जमीन पर हुए अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जताई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी औराई को आवेदन देकर उक्त स्थान को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। स्थानीय मुखिया एवं सरपंच द्वारा अग्रसारित आवेदन में बताया गया है कि औराई चौक के पीछे बने स्लुईस गेट के पास नाला है, जिसे कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत रूप से अतिक्रमित कर लिया गया है। इसके कारण नाले का पानी सही तरीके से नहीं निकल पाता है। वही हल्की बारिश होते ही आसपास के इलाके में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आवेदन को स्थानीय विधायक सह मंत्री को भी अग्रसारित करते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र के बाहर का एक दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति स्लुईस गेट के निकट बिहार सरकार की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त अतिक्रमण को हटाना जनहित में अत्यंत आवश्यक है, ताकि नाले की सफाई हो सके और जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। वही औराई अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि जाँच के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्पादन में उत्कृष्ट सुरक्षा में अव्वल और समाज के विकास में अग्रणी है कांटी एनटीपीसी इकाई : संजीब कुमार सुआर

**इकाई के परियोजना प्रमुख ने ऐश यूटिलाइजेशन 126 प्रतिशत व सुरक्षा मानकों में शानदार प्रदर्शन के साथ गिनाई अपनी उपलब्धियां**

**कांटी/एनएसबी।** एनटीपीसी काँटी इकाई बिजली उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उक्त बातें एनटीपीसी काँटी के परियोजना प्रमुख संजीब कुमार सुआर ने सोमवार को एनटीपीसी कांटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने बताया कि सुरक्षा मानकों के मामले में भी एनटीपीसी काँटी अग्रणी है। सभी कर्मचारियों की कार्यकुशलता और समर्पण के कारण एनटीपीसी कांटी इकाई ने निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ऐश यूटिलाइजेशन का स्तर 126 प्रतिशत तक पहुँचना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी काँटी स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करता है तथा पिछले चार वर्षों में किसी भी दुर्घटना में मृत्यु की घटना नहीं हुई है। साथ ही बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकारों के प्रति भी एनटीपीसी काँटी हमेशा संवेदनशील और अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि आसपास के गांवों में आमलोगों के लिए प्रत्येक सप्ताह मेडिकल कैंप का आयोजन, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एक विशेष एम्बुलेंस सेवा परिचालन तथा स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयाँ और आवश्यक परीक्षण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डिजिटल युग में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए ह्यबालिका सशक्तिकरण अभियानह्ल के तहत हर वर्ष काँटी क्षेत्र की 40 बालिकाओं को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण, बेकरी प्रशिक्षण एवं अचार निर्माण जैसे कौशल विकास कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए सड़क और नाला निर्माण जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। वही आसपास के स्कूलों में अबतक लगभग 900 डेस्क वितरित किए जा चुके हैं।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए उन्होंने कहा कि एनटीपीसी काँटी द्वारा अबतक 70 हजार से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है।

युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 18 विद्यार्थियों को सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, हाजीपुर में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था, जिनमें से सभी 18 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी काँटी द्वारा इस वर्ष कई नई पहल की शुरूआत हुई है, जो समाज के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस मौके पर देबेश पाढ़ी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), महेश कुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सभी विभागाध्यक्ष, तथा मानव संसाधन, सीएसआर एवं प्रचालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी उपलब्धियां गिनाते एनटीपीसी कांटी इकाई के परियोजना प्रमुख।

# औराई में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच, जनप्रतिनिधि एकादश बनी विजेता

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड के रामजेवर हाई स्कूल मैदान में सोमवार को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में प्रशासन एकादश की टीम में बीडीओ रजनीश शंकर झा, सीओ गौतम कुमार सहित कई अधिकारी मैदान में उतरे, वहीं जनप्रतिनिधि एकादश की टीम में प्रमुख प्रतिनिधि साकेत सुमन, विभिन्न पंचायतों के मुखिया और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मैच को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला तथा मैदान तालियों की गूंज से गूंजता रहा। टॉस जीतकर प्रशासन एकादश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जनप्रतिनिधि एकादश की टीम ने 14 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 169 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश की टीम अच्छी शुरूआत के बावजूद दबाव में आ गई और पूरी टीम 99 रन पर ही सिमट गई। इस तरह जनप्रतिनिधि एकादश ने मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच के बाद बीडीओ रजनीश शंकर झा ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय और आपसी समझ मजबूत होती है। वहीं सीओ गौतम कुमार ने कहा कि जीत किसी की भी हो, लेकिन असली जीत औराई की हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारा बढ़ाने के साथ-साथ लोगों में खेल के प्रति जागरूकता भी पैदा करते हैं। प्रमुख प्रतिनिधि साकेत सुमन ने बताया इस मैच के माध्यम से लोगों में आपसी सामंजस बना रहेगा और यह प्रत्येक साल आयोजित की जाएगी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शाहनवाज आलम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रवींद्र मंडल, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामजनम उर्फ सोनू, मुखिया प्रहलाद कुमार,मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद पूर्वे, मो असगर, मोहम्मद साकिब, हजारी भाई, बेचन महतो समेत कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



विजेता शील्ड के साथ विजयी टीम के खिलाड़ी गण।

# जिले की विधि व्यवस्था तथा कई अन्य मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा से मिले विधायक अजीत कुमार


विभिन्न मामले को लेकर राज्य के दोनों मुख्यमंत्री से मिलते विधायक अजीत कुमार।

**कांटी(एनएसबी)।** जिले की विधि व्यवस्था तथा कई अन्य जन समस्याओं के समाधान को लेकर कांटी विधायक अजीत कुमार ने सोमवार को एनडीए की बैठक के बाद राज्य के उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान श्री कुमार ने उप मुख्यमंत्री को मुजफ्फरपुर जिले की विधि व्यवस्था एवं कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने बताया कि इस चर्चा के उपरांत उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कांटी आने का ससम्मान पूर्वक निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए राज्यसभा चुनाव के बाद कांटी का कार्यक्रम तय करने का भरोसा दिलाया। श्री कुमार ने बताया कि उन्होंने कांटी व मड़वन क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, प्रशासनिक व्यवस्था सहित स्थानीय जनहित के कई मामले से उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उधर, राज्यसभा चुनाव के मतदान के पश्चात अजीत कुमार ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ कांटी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मुजफ्फरपुर जिला संचालन समिति की बैठक शीघ्र बुलाकर विकास की नई योजनाओं का चयन करने का आग्रह किया। जिसपर उप मुख्यमंत्री ने 31 मार्च के बाद इस पर विचार कर बैठक आहूत करने का आश्वसन दिया है।

# स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कर्मियों के साथ समारोह में मातृ शिशु पोषण कर्मियों को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत संगम संकुल स्तरीय संघ गोबरसही में सोमवार को जिलास्तरीय मातृ शिशु पोषण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खाद्य पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले में पोषण संबंधित गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा ने कहा कि पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सभी के लिए बेहद जरूरी है। बिना इसके कोई भी व्यक्ति आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि मातृ शिशु पोषण अभियान किसी भी समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। जीविका के माध्यम से चलाए जा रहे स्वस्थ एवं पोषण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी कर्मियों से समर्पण भाव से कार्य करते हुए कुपोषण मुक्त समाज बनाने के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इसके साथ ही चमकी बुखार के प्रति जागरूकता के लिए भी सभी को शपथ दिलाया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक शोभा साव ने कार्यक्रम कि रूप रेखा पर चर्चा करते हुए बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों का हौसला बढ़ाया. इस अभियान के तहत 16 प्रखंडो के 3741 ग्राम संगठनों के साथ ही 66 संकुलस्तरीय संघ में आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग 35 हजार दीदियों को सम्मानित किया गया। वहीं जिलास्तर पर 9 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर संचार प्रबंधक राजीव रंजन, रितेश कुमार, विकास कुमार, बीपीएम प्रणव कुमार, अजय कुमार, जीवछ कुमार के साथ नीतू सिंह, सरिता कुमारी, राजेश कुमार, प्रीति, रंजीत कुमार, किरण सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## कार्यहित में 61 डाटा एंट्री ऑपरेटरों का तबादला, कई अंचलों में बदले गए कर्मी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने प्रशासनिक कार्यों को सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के 61 डाटा एंट्री ऑपरेटरों का स्थानांतरण कर दिया है। समाहरणालय के जिला भूमिसुधार शाखा की ओर से जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नये पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यालय कार्य हित को ध्यान में रखते हुए इन डाटा एंट्री ऑपरेटरों का स्थानांतरण विभिन्न अंचल कार्यालयों में किया गया है। सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि आदेश प्राप्त होते ही नये पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। आदेश के अनुसार कई कर्मियों को एक अंचल से दूसरे अंचल में भेजा गया है। इनमें औराई, मुसहरी, सरैया, गायघाट, बोचहां, सकरा, मीनापुर, मोतीपुर, कांटी, साहेबगंज, कटरा, पारू, मड़वन और बंदरा अंचल शामिल हैं। सूची के अनुसार धीरज कुमार को औराई से पारू, मो. कमल को औराई से साहेबगंज तथा अमित कुमार को औराई से कुढ़नी अंचल में पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार पप्पू कुमार को मुसहरी से सरैया, मुकेश कुमार को मुसहरी से औराई तथा राम बाबू कुमार शर्मा को मुसहरी से मीनापुर भेजा गया है।

# राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुजफ्फरपुर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने 14 पदक जीतकर जिले और बिहार का नाम किया रौशन

**पटना/मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आउटडोर स्टेडियम, कंकड़बाग पटना में सपन्न हुए 12वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर ऑटिज्म (एएसडी) 2025झ26 तथा 21वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) में मुजफ्फरपुर जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीतकर मुजफ्फरपुर एवं बिहार राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार सरकार के पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश ने मशाल प्रज्वलित कर किया। वहीं समापन समारोह एवं मेडल वितरण कार्यक्रम में बिहार के खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने देशभर से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ी अपने राज्य के साथ-साथ देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। मैं मंत्री के साथ साथ आपकी बहन के रूप में सदैव आपके साथ हूँ। इस प्रतियोगिता में

मुजफ्फरपुर की रानी लक्ष्मीबाई महिला विकास समिति द्वारा संचालित सफल स्पेशल स्कूल के खिलाड़ियों ने यादगार उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में प्रत्युष (एएसडी-2) सॉफ्टबॉल थ्रो एवं 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान के साथ दो स्वर्ण पदक, भव (एएसडी -8) 50 मीटर असिस्टेड वॉक में प्रथम स्थान पर स्वर्ण पदक एवं सॉफ्टबॉल थ्रो में द्वितीय स्थान पर रजत पदक, शिवम कुमार साहनी (एएसडी-5) सॉफ्टबॉल थ्रो में प्रथम स्थान (स्वर्ण) एवं 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर रजत पदक, प्रिंस राज (टीएफ-20) ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर रजत एवं शॉट पुट में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक प्राप्त किया। वही उत्कर्ष मौर्य (टीएफ-34) ने 50 मीटर असिस्टेड वॉक में प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण) एवं सॉफ्टबॉल थ्रो में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक हासिल किया। जबकि अभिज्ञान भारद्वाज (टीएफ-20) ने सॉफ्टबॉल थ्रो में प्रथम स्थान पर स्वर्ण एवं 50 मीटर दौड में द्वितीय स्थान पर रहते हुए सिल्वर पदक तथा विशाल कुमार (टीएफ-20) ने शॉट-पुट में द्वितीय स्थान पाने के साथ रजत एवं 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इस तरह मुजफ्फरपुर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण, 5 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय कोच एवं पीडब्ल्यूडी संघ के जिला कार्यक्रम समन्वयक लालू तुरहा ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले से आए इन विशेष खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि इन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाए, ताकि अन्य दिव्यांग खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ एस्कॉर्ट के रूप में संस्था की अध्यक्ष मैरी सिन्हा, मेघा कुमारी एवं यशु ने सहयोग किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था की कोषाध्यक्ष उषा मनाकी, सचिव संगीता कुमारी, शिक्षक आकाश कुमार, रामदयाल कुमार तथा खिलाड़ियों के अभिभावकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतने वाली टीम के प्रमुख को पुरस्कृत करती राज्य की खेलमंत्री श्रेयसी सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

### यूजीसी बिल के समर्थन में धरना-प्रदर्शन आज तैयारी जोरो पर


धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए छात्रावास में जनजागरण अभियान में शामिल छात्र।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** यूजीसी समता बिल लागू करने, जातिगत जनगणना कराने, हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा के माध्यम से जजों की नियुक्ति करने, आरक्षित खाली बैकलॉग सीट को भरने, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा एवं कमजोर वर्गों पर हो रहे शोषण एवं अत्याचार समाप्त करने के पांच सूत्री मांगों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा सीतामढ़ी के तत्वावधान में 17 मार्च 26 को जिला मुख्यालय स्थित डॉ आंबेडकर स्मारक स्थल पर आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन की सफलता के लिए मोर्चा के जिला संयोजक नागेंद्र पासवान के नेतृत्व में आंबेडकर कल्याण छात्रावास, कपूरी छात्रावास, पटेल छात्रावास, यादव छात्रावास, कुशवाहा छात्रावास, सुरी छात्रावास, धानुक छात्रावास सहित विभिन्न छात्रावासों में जनजागरण अभियान चलाया गया। मोर्चा संयोजक नागेंद्र पासवान ने कहा कि, जुल्म सहने से जुल्मी की ताकत बढ़ती है, चुपचाप रहने से हालात नहीं बदलती हैं। उन्होंने सभी छात्रों एवं सामाजिक संगठनों से अपने हक और अधिकार की लडाई में शामिल होने की अपील की। जनजागरण कार्यक्रम में शंभू पंडित, विकास पासवान, बेचन पटेल, सूरज कुशवाहा, संजय पूर्वे, अजय यादव, धनंजय साहनी, राजीव सहनी, साजन कुमार, जयनंदन मंडल, राजकपूर,पांडव महतो, रंजन चंद्रवंशी, गोविंद दास, विश्वनाथ चौपाल, सुनील मुखिया, मुन्ना ठाकुर, बबलू शर्मा, सत्यजीत गुप्ता, सीताराम साह, सुभाष कापर, संजीत राउत, पीकू मंडल, सौरव मंडल, सुधीर चौरसिया, आशुतोष पंडित, गौरव भंडारी, सत्यम बारी, अरमान नट, जुबैर अंसारी, पप्पू राइन, सुधीर पाल, अभिषेक राम,श्याम बैठा, बिकाऊ मांझी, चंदन मेहतर, बिनोद चौधरी सहित दर्जनों छात्र थे।

### सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।


अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

### फेसबुक पर अधिकारियों को गाली देने वाला युवक धराया, बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना एक व्यक्ति को काफी महंगा पड़ गया है। जिला जनसंपर्क कार्यालय की शिकायत पर सीतामढ़ी साइबर थाने में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्यनारायण सिंह पिता- बिंद किशोर सिंह सुप्पी थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी ने अपने फेसबुक पेज पर जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के विरुद्ध अपमानजनक और भ्रामक टिप्पणियां पोस्ट की थीं। पत्र के अनुसार, आरोपी ने न केवल आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि अधिकारियों को गालियां देते हुए समाज में भय और भ्रम का माहौल पैदा करने की कोशिश की। इतना ही नहीं आरोपी ने एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर सरकार और प्रशासन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से 'नेपाल जैसे आंदोलन' करने की धमकी भी दी, जिसे प्रशासन ने सरकारी कार्य में बाधा और शांति भंग करने की साजिश माना है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह के पत्र के आलोक में साइबर थाना पुलिस ने कांड संख्या-27/26 दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जिसमें 352, 353 (1बी), 353 (2), 356 (2), 196 (1ए), 238, 223 धारा 66 एवं 67 शामिल है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी सत्यनारायण सिंह का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में भी सुप्पी थाने में दो मामले दर्ज हैं। वर्तमान मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर फेराज हुसैन को जांच का जिम्मा सौंपा गया है और जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अधिकारी या संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी या भ्रामक खबरें फैलाना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में साइबर सेल की पैनी नजर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### मिड डे मील में गड़बड़ी पर प्रधानाध्यापक पर 1.73 लाख का जुमार्ना बरकरार

**डीईओ ने खारिज की अपील, एक माह में राशि जमा नहीं करने पर वेतन से कटौती**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्कूलों में बच्चों के भोजन से जुड़ी योजना में लापरवाही और अनियमितता को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। मध्य विद्यालय सहियारा, प्रखंड बथनाहा में मध्याह्न भोजन (पीएम पोषण) योजना के संचालन में गड़बड़ी पाए जाने के मामले में प्रधानाध्यापक पर लगाया गया 1,73,031 रुपये का आर्थिक दंड बरकरार रखा गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपील को खारिज करते हुए एक माह के भीतर राशि जमा करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार 31 जुलाई 2025 को जिला साधन सेवी, जिला लेखापाल एवं जिला समन्वयक, मध्याह्न भोजन योजना की त्रिस्तरीय समिति ने विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति और खाद्यान्न भंडारण में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके आधार पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना ने सात अक्टूबर 2025 को प्रधानाध्यापक पर 1,73,031 रुपये का आर्थिक दंड लगाया था। जांच रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्रों की वास्तविक उपस्थिति 234 पाई गई, जबकि पोषाहार पंजी में पिछले छह दिनों की औसत उपस्थिति 415 दर्ज थी। इसके अलावा खाद्यान्न के भंडारण में भी अनियमितता पाई गई।

# गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को गैस सिलेंडर की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर समाहरणालय स्थित विमर्श सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को घबराने या अनावश्यक रूप से गैस बुक कराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पैनिक बुकिंग न करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि हाल के दिनों में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर कुछ भ्रामक सूचनाएं फैल रही हैं, जिसके कारण लोगों में अनावश्यक चिंता देखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गैस कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति की जा रही है और उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप सिलेंडर उपलब्ध हैं। कहा कि स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि



प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य अधिकारी ।

सभी अनुमंडल अधिकारी, मार्केटिंग अधिकारी एवं प्रखंड विकास अधिकारियों को इन कार्यों में लगाया गया है। उनके द्वारा लगातार इसका अनुश्रवण किया जा रहा है। अगर आपको किसी प्रकार की दिक्कत का सामना करना पड़ता है तो आप जिला आपूर्ति अधिकारी के साथ उपरोक्त अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं ।साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष में 06226झ250316 पर कंप्लेन दर्ज करा सकते हैं। जिला नियंत्रण कक्ष में दर्ज सभी कंप्लेंन का निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसबी एवं पुलिस बल के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता होने पर ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। प्रशासन द्वारा पूरे वितरण तंत्र की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, साइबर डीएसपी, विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित थे।

## कालाजार उन्मूलन को लेकर आईआरएस अभियान के प्रथम चक्र का शुभारंभ



उद्घाटन के दौरान उपस्थित डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय, सीतामढ़ी के प्रांगण में कालाजार उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंडोर रेसिडुअल स्प्रे (आईआरएस) 2026 के प्रथम चक्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आईआरएस अभियान का मुख्य उद्देश्य घरों की दीवारों पर कीटनाशक का छिड़काव कर बालू मक्खी (सैंडफ्लाई) को पनपने से रोकना है, जो कालाजार रोग का प्रमुख वाहक है। उन्होंने कहा कि कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह अभियान निर्णायक साबित होगा। स्वास्थ्य विभाग की कार्ययोजना के अनुसार इस वर्ष प्रथम चक्र में जिले के 10 प्रखंडों के 31 गांवों में 16 दलों द्वारा छिड़काव किया जाएगा। इसके तहत 52,668 घरों

**52 हजार से अधिक घरों में होगा कीटनाशक छिड़काव, बालू मक्खी पर नियंत्रण का लक्ष्य**

तथा लगभग 2,89,449 लोगों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान डॉ. यादव ने आगामी गर्मी और मानसून को देखते हुए चमकी बुखार (एईएस) और जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) की तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में दवाओं के साथ विशेष बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक असित रंजन, वीडीसीओ पवन कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड रोहित कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने जिले को कालाजार मुक्त बनाने का संकल्प लिया और छिड़काव दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## टीबी व डीआर-टीबी की पहचान और उपचार में निजी चिकित्सकों की भूमिका अहम : सीएस

**डीआर-टीबी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए चिकित्सकों की क्षमता निर्माण बैठक**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रग रेजिस्टेंस ट्यूबरक्लोसिस (डीआर-टीबी) के प्रभावी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार की शाम होटल सितायन, रेलवे स्टेशन रोड में क्षमता निर्माण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।


डीआर-टीबी प्रबंधन पर क्षमता निर्माण बैठक में उपस्थित चिकित्सक व विभागीय अधिकार ।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि क्षय रोग के अधिकांश मरीज प्रारंभ में निजी चिकित्सकों के पास ही उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में टीबी एवं डीआर-टीबी की समय पर पहचान और सही प्रबंधन सुनिश्चित करने में निजी चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. जेड. जावेद के नेतृत्व में हिन्दुस्तान लेटक्स फॅमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट (एचएलएफपीपीटी) के सहयोग से आयोजित इस बैठक में निजी चिकित्सकों को डीआर-टीबी के प्रभावी प्रबंधन, प्रारंभिक जांच, प्री-ट्रीटमेंट मूल्यांकन तथा मानकीकृत उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. जावेद ने बताया कि संभावित टीबी मरीजों के लिए सीबीएनाट या ट्रूनाट जैसी आणविक जांच अत्यंत आवश्यक है, जिससे दवा प्रतिरोध का शीघ्र पता लगाया जा सके। यह सुविधा जिला टीबी केंद्र सहित जिले के 25 स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में बताया गया कि डीआर-टीबी के उपचार से पूर्व प्री-ट्रीटमेंट इवैल्यूएशन (पीटीई) के माध्यम से मरीज की चिकित्सीय स्थिति का आकलन कर उपयुक्त उपचार पद्धति का चयन किया जाता है। नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम (एनटीईपी) के अंतर्गत बीपालएम रेजीमेन (6 माह), शॉर्टर ओरल रेजीमेन (9झ11 माह) तथा लॉन्गर ओरल रेजीमेन (18झ20 माह) जैसी मानकीकृत उपचार पद्धतियां उपलब्ध हैं, जिनकी दवाएं राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निर्मल कुमार गुप्ता ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए निजी चिकित्सकों की ओर से निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने डीआर-टीबी मरीजों के सफल उपचार के लिए समय पर पहचान, सही उपचार, नियमित फॉलो-अप और प्रभावी काउंसलिंग को आवश्यक बताया। बैठक का संचालन एचएलएफपीपीटी के प्रतिनिधि चतुरानंद ठाकुर (प्रोजेक्ट लीड), मेजर डॉ. प्रियंका अग्रवाल (टेक्निकल एक्सपर्ट डीआर-टीबी), डॉ. किशोर रेड्डी (लैब टेक्निकल एक्सपर्ट), आकाश कुमार (राज्य कार्यक्रम प्रबंधक) तथा डब्लूएचओ कंसल्टेंट डॉ. मेजर अवकाश सिन्हा ने किया। बैठक में शहर के कई चिकित्सकों सहित जिला यक्ष्मा केंद्र के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

**मुजफ्फरपुर-सोनबरसा एनएच-122 के फोरलेन**

## मुआवजा मिलने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं शुरू किया अतिक्रमण हटाना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी होते हुए भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनबरसा तक जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 122 (एनएच-122) को फोरलेन में बदलने की कवायद अब धरातल पर दिखने लगी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सड़क की अधिग्रहित भूमि से अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किए जाने के बाद परियोजना ने गति पकड़ ली है। प्रशासन की सख्ती और विकास की उम्मीद के बीच ग्रामीण खुद ही अपने निर्माणों को हटाने में जुट गए हैं।

**वर्ष 2013 में ही मिल चुका है मुआवजा :** स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क पहले टू-लेन के रूप में विकसित की गई थी, जिसे उस समय एनएच-77 के नाम से जाना जाता था। सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया बहुत पहले पूरी कर ली गई थी और प्रभावित भू-स्वामियों को वर्ष 2013 में ही मुआवजे का भुगतान कर दिया गया था। उस समय टू-लेन सड़क तो बन गई, लेकिन कई लोगों ने अपनी अधिग्रहित जमीन पर बने मकानों या दुकानों को पूरी तरह से नहीं हटाया था। अब जब फोरलेन का निर्माण शुरू होना है, तो एनएचएआई ने पूरी जमीन को खाली कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

**स्वयं मकान तोड़ रहे फराछहिया और फतहपुर के ग्रामीण:** एनएचएआई की ओर से नोटिस मिलते ही फराछहिया, दोस्तिया और फतहपुर जैसे गांवों में हलचल तेज हो गई है। इन गांवों के निवासियों ने कानून का सम्मान करते हुए और भविष्य की विकास योजनाओं को देखते हुए खुद ही अपने पक्के मकानों और अन्य अवैध निमार्णों को तोड़ना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चूंकि वे पहले ही मुआवजा प्राप्त कर चुके हैं, इसलिए वे निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करना चाहते। लोगों में इस बात की समझ है कि सड़क चौड़ी होने से उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

**अररिया गांव में नोटिस का इंतजार:** एक ओर जहां कई गांवों में अतिक्रमण हटाने का काम युद्धस्तर पर जारी है, वहीं अररिया गांव में अभी तक नोटिस नहीं पहुंचा है। वहां के निवासी भी असमंजस की स्थिति में हैं और एनएचएआई के नोटिस का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नोटिस मिलने के बाद वे भी नियमानुसार अपनी जमीन खाली कर देंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि विभाग जल्द ही अररिया क्षेत्र के लिए भी आदेश जारी करेगा, ताकि पूरी सड़क का निर्माण कार्य एक साथ सुचारू रूप से चल सके।

**विकास और कनेक्टिविटी को लगेंगे पंख:** एनएच-122 का फोरलेन में तब्दील होना सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिलों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस सड़क के चौड़ीकरण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी भारी कमी आएगी। सामरिक और व्यापारिक दृष्टिकोण से यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सीधे नेपाल सीमा को जोड़ता है। फोरलेन बनने से सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## जीविका की नई पहल : अब डिजिटल संचार और लहठी क्लस्टर से सशक्त होंगी 5.5 लाख दीदियां

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी जीविका अब सीतामढ़ी जिले में विकास के एक नए अध्याय की शुरूआत करने जा रही है। पिछले 15-20 वर्षों के सफल सफर के बाद, अब परियोजना का ध्यान केवल समूह बनाने तक सीमित न रहकर दीदियों के आर्थिक उत्थान को आधुनिक और तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने पर है। जिले में करीब 5.5 लाख जीविका दीदियों के विशाल नेटवर्क को अब ज्ञान प्रबंधन एवं संचार (केएमसी) की नई कड़ियों से जोड़ा जा रहा है। इस नई कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के हुनर को आधुनिक बाजार और इंटरनेट की शक्ति से जोड़ना है, ताकि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों और उनकी मेहनत को वैश्विक पहचान मिल सके।

**बैरगनिया में लहठी क्लस्टर की शुरूआत और 100 दीदियों का चयन:** जीविका के आगामी कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण कदम बैरगनिया प्रखंड में लहठी क्लस्टर यानी चूड़ी निर्माण केंद्र की स्थापना है। इसके लिए प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और प्रथम चरण में करीब 100 कुशल दीदियों का चयन किया गया है। इस क्लस्टर के तहत दीदियों को एक ही छत के नीचे कॉमन शेड उन्नत प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह पहल न केवल पारंपरिक रोजगार को पुनर्जीवित करेगी, बल्कि एक व्यवस्थित प्लेटफॉर्म मिलने से दीदियों के उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि होगी। आने वाले समय में यह क्लस्टर जिले के अन्य प्रखंडों के लिए स्वरोजगार का एक मॉडल बनेगा, जिससे दीदियों की मासिक आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा सकेगी।



जीविका की नई पहल केएमसी को लेकर आयोजित कार्यशाला में शामिल अधिकारी।

### विफलताओं का विश्लेषण और समाधान आधारित नई कार्यशैली

जीविका की नई रणनीति में केवल सफलताओं पर ही नहीं, बल्कि जमीनी चुनौतियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला और राज्य स्तर की टीमें अब उन फेलियर केस स्टडीज पर भी काम करेंगी, जहाँ किसी दीदी को जीविकोपार्जन में कठिनाई आई है या उनका व्यवसाय सफल नहीं हो पाया है। इन विफलताओं के कारणों की पहचान कर उनका समाधान निकाला जाएगा ताकि भविष्य में अन्य दीदियों को वैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही, जीविका स्टाफ को संचार के आधुनिक उपकरणों और इंटरनेट के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा और जीविका के कार्यों में अधिक पारदर्शिता आएगी।

**डिजिटल विजुअल्स और सफलता की कहानियों का वैश्विक प्रसार:** जीविका अब अपनी दीदियों की सफलता को दुनिया के सामने लाने के लिए अत्याधुनिक संचार माध्यमों का सहारा लेने जा रही है। जिले के प्रत्येक प्रखंड से ऐसी केस स्टडी चुनी जा रही हैं, जहाँ महिलाओं ने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। इन सफलता की कहानियों की पेशेवर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इन वीडियो का उपयोग न केवल राज्य और देश के स्तर पर होगा, बल्कि विदेशों से आने वाले मेहमानों और नीति निमार्ताओं को भी यह दिखाया जाएगा कि बिहार की ग्रामीण महिलाएं किस तरह आर्थिक क्रांति ला रही हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से इन कहानियों का प्रसार करने से जीविका के उत्पादों की ब्रांडिंग होगी और दीदियों को सीधे बड़े बाजारों से जुड़ने का मौका मिलेगा।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और सुशासन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और सुशासनरू त्रिम बुद्धिमत्ता एवं मानवीय ष्टिकोण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और सुरक्षा संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लेकर तकनीक, रणनीति और सुशासन के बदलते स्वरूप पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चीफ प्रक्टर प्रो़ प्रसून दत्त सिंह, प्रो़ डी़पी़ पंडित तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो़ सुजीत कुमार चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

उद्घाटन सत्र में प्दकपं थ्वनदकंजपवद के रिसर्च फेलो ड़ पवन चौरसिया ने कहा कि भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को त्रिम बुद्धिमत्ता के ष्टिकोण से पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने रणनीतिक योजना और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन ड़ रजनीश कुमार ने बताया कि एआई भारतीय वायु सेना के लिए 'फोर्स मल्टीप्लायर' की तरह कार्य कर रहा है, जिससे युद्ध संचालन में सटीकता और गति बढ़ी है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो़ संजय कुमार पांडे ने सुशासन की दार्शनिक पृष्ठभूमि और वैश्विक भू-राजनीति में तकनीक की भूमिका पर चर्चा की। नेपाल के पूर्व राजदूत प्रो़ डी़पी़ पंडित ने भारत और नेपाल के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने एआई, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और आधुनिक युद्ध रणनीतियों पर विचार रखे। डा. विदुषी चतुर्वेदी ने एआई के विकास क्रम और आधुनिक तकनीकों जैसे बेंजळच्ज का उल्लेख करते हुए भारत की डिजिटल प्रगति पर प्रकाश डाला। डा. लक्ष्मण कुमार बेहेरा और डा. जे. जगन्नाथ ने आधुनिक युद्ध में तकनीकी नवाचारों तथा ठसांवज ।

पतेजतपाम जैसे उदाहरणों के माध्यम से सामरिक बदलावों को रेखांकित किया।सम्मेलन में देशभर के 200 से अधिक शोधार्थियों और छात्रों ने भाग लिया। दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों के प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। अंत में प्रो़ पंकज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और राष्ट्रगान के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित लोग।

# केविवि में समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के प्रबंधन विज्ञान विभाग द्वारा समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के सहायक प्रोफेसर डा. शिवम भारतीय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रबंधन विज्ञान विभाग के एमबीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा खाद्य एवं षि व्यवसाय प्रबंधन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अपने व्याख्यान में डा. शिवम भारतीय ने समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट करते हुए कहा कि आज पर्यटन केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक समावेशन, स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण और सतत विकास से भी गहराई से जुड़ा हुआ हैस उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन क्षेत्र में सतत एवं उत्तरदायी पर्यटन की अवधारणा तेजी से महत्व प्राप्त कर रही है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संसाधनों का संतुलित उपयोग तथा सांस्तिक विरासत के संरक्षण पर विशेष बल दिया जाता है।ड़ भारतीय ने विद्यार्थियों को पर्यटन प्रबंधन, ग्रामीण पर्यटन, पारिस्थितिकी पर्यटन, डिजिटल पर्यटन विपणन तथा पर्यटन नीति निर्माण जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध व्यापक करियर संभावनाओं की जानकारी दी और उन्हें इस क्षेत्र में नवाचार तथा उद्यमिता के लिए प्रेरित किया।इस विशेष व्याख्यान का आयोजन प्रबंधन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर ड़ शिवेंद्र सिंह की पहल पर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने डा. शिवम भारतीय का स्वागत करते हुए उनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया तथा विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में समावेशी पर्यटन विकास की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं, जिनका लाभ स्थानीय समुदायों तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो़ सपना सुगंधा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यटन उद्योग आज विश्व के सबसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था, सांस्तिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण साधन भी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कियास इस अवसर पर प्रबंधन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अरुण कुमार तथा अतिथि संकाय डा. कमलेश कुमार, डा. राजीव रंजन और श्री बाला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डा. शिवम भारतीय ने विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

## टाइटन शो रूम में शर्ट सर्किट से लगी आग

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर में बैंक अफ बड़ौदा के नीचे स्थित टाइटन शो रूम में रविवार सुबह अचानक शर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।आग लगने से शो रूम के अंदर रखे सामान और फर्नीचर को नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लाखों रुपये की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अधिकारियों ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# जनगणना-2027 के लिए तकनीकी टीम व डाटा एंट्री अपरेटरों का प्रशिक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिला स्तरीय टेक्निकल टीम एवं संविदा डाटा एंट्री अपरेटरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन का सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मकान सूचीकरण से संबंधित कार्यो को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और भवनों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस बार डेटा संग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इसके लिए मोबाइल एप के माध्यम से अनलाइन मोड में जानकारी एकत्र की जाएगी, जिससे कार्य को सहज और पारदर्शी बनाया जा सके।प्रशिक्षण में बताया गया कि पहली बार जनगणना कार्य के लिए सेंसस 2027-एचएलओ मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा। यह मोबाइल ऐप एंड्रयड तथा आईओएस संस्करण के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा। एचएलओ मोबाइल ऐप को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह सरल, सुविधाजनक और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा, जिससे सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण आसानी से कर सकेंगे।

नोडल पदाधिकारी जनगणना-2027 सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि टेक्निकल टीम और डाटा एंट्री अपरेटरों की भूमिका इस कार्य में महत्वपूर्ण होगी तथा उनसे जनगणना से संबंधित कार्य समयबद्ध तरीके से लिया जाएगा।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना से आए प्रशिक्षक श्री विकास सिंह तथा जिले के नोडल प्रशिक्षक श्री आदित्य कुमार ने किया। मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार और राजीव कुमार सिंह ने प्रशिक्षण को व्यवहारिक और रुचिकर तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे प्रतिभागियों को मोबाइल एप और डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को समझने में आसानी हुई।

इस अवसर पर प्रबंधन कोषांग से गोपाल जी मिश्र और कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आपरेटर।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने गणगौर के सिंजारा का किया आयोजन

**रक्सौल(एनएसबी)।** शहर के बैंक रोड स्थित श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर परिसर में श्रीसत्यनारायण मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, शाखा रक्सौल के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर का सिंजारा समारोह हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन नगर परिषद के उप सभापति पुष्पा देवी, प्रांतीय बाल विकास प्रमुख वीणा गोयल, अध्यक्ष सोनू काबरा, सीताराम गोयल सहित सम्मेलन के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन की प्रांतीय बाल विकास प्रमुख वीणा गोयल, सोनू काबरा ने संयुक्त रूप से बताया कि गणगौर राजस्थान का आस्था और भक्ति से ओतप्रोत एक प्रमुख लोकपर्व है, जिसे चौत्र मास में पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि गणगौर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है - गण अर्थात भगवान शिव और गौर अर्थात माता पार्वती।

उन्होंने बताया कि इस पूजा में 16 अंकों का विशेष महत्व है, क्योंकि यह पर्व लगातार 16 दिनों तक मनाया जाता है।इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाते हुए काजल, रोली, मेंहदी और बिंदी के साथ सोलह श्रृंगार में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना करती हैं। गणगौर पूजा में अर्पित किए जाने वाले फल और सुहाग के सामानों की संख्या भी सोलह ही होती है। सुहागन महिलाएं भगवान शिव और गौरा माता पार्वती की पार्थिव मूर्तियां स्थापित कर उनकी पूजा कर अपने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। चौत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को मुख्य पूजा के बाद संध्या समय मूर्तियों का विसर्जन सरोवर या नदी में किया जाता है।इस अवसर पर विभिन्न गृहपयोगी सामानों के स्टल लगाए गए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। साथ ही विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्तिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रक्सौल शाखा की अध्यक्षा सोनू काबरा, प्रांतीय बाल विकास प्रमुख वीणा गोयल, आभा केशान, संगीता अग्रवाल, संगीता रुंगटा, अनुराधा शर्मा, बबीता रुंगटा, बबली अग्रवाल, मधु अग्रवाल, मीना भरतिया, खुशबू भरतिया, शिल्पा भारतीय, सुमन अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, रचना रुंगटा, सुनीत शाह, शिप्रा अग्रवाल, ज्योति शर्मा, सरिता शर्मा, सारिका अग्रवाल एवं नीलम खेतान समेत सम्मेलन की कई सदस्य उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेड क्लर्क मुन्ना पाण्डेय का आकस्मिक निधन, स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर

**सिविल सर्जन की अध्यक्षता ने शोक सभा आयोजित**

**मोतिहारी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले के ढाका अस्पताल में कार्यरत हेड क्लर्क मुन्ना पाण्डेय का इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग सहित आम लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए मोतिहारी स्थित रहमनिया नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।मुन्ना पाण्डेय लंबे समय से ढाका अस्पताल में हेड क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। वे अपने कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव, सरल व्यवहार और सहयोगी प्रवृत्ति के लिए जाने जाते थे। अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और कर्मचारियों के बीच उनकी एक अलग पहचान थी। उनके असामयिक निधन से स्वास्थ्य विभाग को गहरा आघात पहुंचा है। सहकर्मियों ने बताया कि वे अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहते थे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे।उनके निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी में सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि मुन्ना पाण्डेय एक कर्मठ, ईमानदार और जिम्मेदार कर्मचारी थे, जिनकी कमी स्वास्थ्य विभाग को हमेशा महसूस होगी। शोक सभा में अस्पताल के उपाधीक्षक ड एस एन सत्यार्थी, अस्पताल प्रबंधक कौशल दुबे, सहित कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### मोतिहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**3 नाबालिकों को कराया मुक्त व एक आरोपी को किया गिरफ्तार**

**मोतिहारी (एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिकों को मुक्त कराते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च की रात्रि करीब 16-17बर्ष एक बालक न्याय की गुहार लगाते हुए बंजरिया थाना पहुंचा। जहां डियुटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारी को बालक ने बताया कि उसके दोस्त को कुछ लोग उठाकर ले गया है तथा उसे मारपीट कर भगा दिया है। सूचना प्राप्त होते ही बंजरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये गए स्थान पर पहुंच कर छापेमारी की गयी।इस दौरान जमला गांव के एकांत में एक अर्धनिर्मित मकान से एक नाबालिग लड़की एवं तलाशी के दौरान मकान के वासरुम से एक अन्य नाबालिग लड़का बरामद किया।जिसे बंधक बनाकर रखा गया था। उसके द्वारा बताया गया कि 13 मार्च को अपहरण करके पहले मारपीट किया गया और उसका हाथ पैर बांधकर वासरुम में रखा गया था। पूछताछ के दौरान पीड़ित बालिका व बालक द्वारा बताया गया कि उसे मकान दिलाने का झांसा देकर उक्त मकान में लाया गया था। जहां बालक को मारपीट कर दूर ले जाकर छोड़ दिया और लड़की के साथ बलात्कार जैसे घिनौनी घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही एक आरोपी नगर थाना क्षेत्र के महमूद नगर निवासी हुसैन अंसारी के पुत्र अब्बास आलम को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि उक्त मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 166ध्26 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। छापेमारी टीम में सदर-1 के डीएसपी दिलीप कुमार, परिक्ष्यमान डीएसपी सह मुफ्फसिल थानाध्यक्ष कुमारी प्रियंका, बंजरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार, पीटीसी राजनारायण प्रीतम, सिपाही हरि किशोर सिंह, गृहरक्षक साहेब राम, कमलेश कुमार व सशस्त्र बल मुफ्फसिल थाना एवं बंजरिया थाना शामिल थे।

### कवलपुर में खन्ना बुटिक फैशन का शुभारंभ

**तुरकौलिया(एन एस बी)।** धीरे-धीरे फैशन का हब बनते जा रहा है। खासकर कपड़े और सिलाई के मामले में बहुत आगे बढ़ चुका है। साथ ही कुशल कारीगरों द्वारा फैशन और स्टाइल का नया नया लूक भी दिया जा रहा है। अब कवलपुर चौक के पास मेनरोड वाली मस्जिद के पास खन्ना बुटिक फैशन का शुभारंभ हुआ है। जिसका उदघाटन मुख्तार हुसैन, तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल व अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रोपराइटर मुश्ताक ने बताया कि छोटे बड़े सभी तरह के रेडिमेड सुट उपलब्ध है। सभी तरह के कपड़ा भी है। कपड़े खरीदकर लेडिज सूट बनवा सकतीं हैं। साथ ही कुर्ता, कुर्ती, जीन्स, पैंट, टी-शर्ट, लेडिज सूट सहित प्रकार का रेडिमेड गारमेंट्स मिलेगा। मौके पर हाजी अख्तर हुसैन सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### वार्ड नंबर 25 में सड़क व नाला निर्माण प्रगति पर

**मोतिहारी (एस एन बी )।** नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 25 के चांदमारी स्थित झा जी के ट्रांसफार्मर के पास ब्राह्म स्थान वाली गली में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह सड़क कई वर्षों से उपेक्षित था जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन तथा जल निकासी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी की कुशल नेतृत्व एवं निर्देशानुसार इस महत्वपूर्ण सड़क एवं नाला निर्माण कार्य को प्रारंभ कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा ,तथा विशेषकर बरसात के मौसम में स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।नगर निगम मोतिहारी चांदमारी सहित पूरे शहर के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। निगम का उद्देश्य सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना तथा नागरिकों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना है।स्थानीय लोगों ने इस निर्माण कार्य के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम मोतिहारी एवं महापौर श्रीमती कुमारी के प्रति आभार व्यक्त किया है।वही लोगों में आपार हर्ष का माहौल है।

### सर्वोदय विद्यालय जाहिंगरा में 11वीं की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ : जितेंद्र

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** सर्वोदय.2 उच्च विद्यालय, जाहिंगरा पिपरा में 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता की देखरेख में किया गया। परीक्षा के संचालन में वरीय शिक्षक धनंजय कुमार रवि एवं अनूप कुमार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा के प्रथम दिन पहली पाली में भौतिकी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी पाली में रसायनशास्त्र तथा राजनीतिशास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न हुईस प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुईस परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें धनंजय कुमार रवि (भूगोल), अनूप कुमार (सामाजिक विज्ञान), नीतू कुमारी (ईपी़एस), शोभा कुमारी (हिंदी), अब्दुल समद (कंप्यूटर साइंस), रेणु कुमारी (कंप्यूटर साइंस), शकील अहमद अंसारी (उर्दू), नेहा कुमारी (गणित) तथा राजकिशोर (वनस्पति शास्त्र) शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### उपेंद्र कुशवाहा को पुनः राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर जीशू सिंह नें जताया हर्ष



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख एवं बिहार की राजनीति के सशक्त स्वर उपेंद्र कुशवाहा को पुनः राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकत्राओं ने उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ व्यक्त की है। प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र सिंह जीशू एवं जिलाध्यक्ष अर्चना आनंद नें कहा कि उपेंद्र कुशवाहा का यह पुनर्निर्वाचन न केवल आपके संघर्ष, अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है, बल्कि बिहार की जनता के विश्वास का भी प्रतीक है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप राज्यसभा में पहले की तरह ही मजबूती से बिहार के हक, शिक्षा, सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों को उठाते रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता से संवाद कार्यक्रम आयोजित, सैंतीस आवेदनों पर सुनवाई।



**सहरसा (एनएसबी)।** सोमवार को सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अंतर्गत जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आम नागरिक से संवाद कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल सैंतीस आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई,एवं संबंधित कार्यालयों को प्राप्त आवेदनों के सम्यक निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है। सुनवाई क्रम में रंजना कुमारी, सहरसा निवासी, नुनूलाल साह, अमरपुर कहरा द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया, जिसके निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी कहरा को निर्देशित किया गया है। चंद्रशेखर यादव महिषी द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया है, जिसके निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी महिषी को निर्देश दिया गया है। प्रमोद कुमार एवं राणा रंजीत यादव सौर बाजार द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदनों के सम्यक निवारण हेतु अंचलाधिकारी सौर बाजार को निर्देश दिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्था अंतर्गत सभी कार्यालयों में आम नागरिक से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की गई है। आज आयोजित जनता दरबार में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अपर समाहर्ता गणेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### बजटीय बैठक से पहले महापौर ने पार्षदों के साथ की मंत्रणा, वार्डवार सुझावों पर बनी सहमति




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम सहरसा की आगामी 24 मार्च को होने वाली बजटीय बैठक को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम की महापौर बेन प्रिया ने पार्षदों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बजट को लेकर विस्तृत मंत्रणा की। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों से जुड़े विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी।महापौर बेन प्रिया ने कहा कि नगर निगम का बजट जनता की जरूरतों और वार्डों की वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों से वार्डवार सुझाव मांगे गए हैं, ताकि शहर के हर इलाके के विकास को समान रूप से प्राथमिकता मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन्हें संकलित कर बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। कई पार्षदों ने सड़कों की मरम्मत, नाली निर्माण, जलनिकासी की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को बजट में प्राथमिकता देने की मांग की। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण, पार्कों के विकास और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी चर्चा हुई।महापौर ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि नगर निगम का बजट जनहित को केंद्र में रखकर बनाया जाएगा और शहर के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों के सुझावों को गंभीरता से लिया जा रहा है, ताकि बजट में अधिक से अधिक जरूरी योजनाओं को शामिल किया जा सके।ज्ञात हो कि नगर निगम की बजटीय बैठक 24 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नगर निगम का बजट पारित किया जाएगा। इस बैठक में शहर के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन से 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ललित ग्राम से दिल्ली जा रही थी वैशाली एक्सप्रेस वैशाली एक्सप्रेस से सहरसा आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी ने 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद किया।यह ट्रेन ललित ग्राम से नई दिल्ली जा रही थी हालांकि मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। जानकारी अनुसार सोमवार को 15565 ललित ग्राम नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से खुली। सुपौल आने से पहले वैशाली एक्सप्रेस के सामान्य कोच में आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी ट्रेन की गश्त कर रही थी। अचानक बैठने के सीट के नीचे एक लावारिस संदिग्ध अवस्था में बैग दिखा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछे जाने पर किसी ने उसे बैग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद एस्कॉर्ट पार्टी ने इसकी सूचना सहरसा आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव को दी। वही घटना की सूचना रेलवे सुरक्षा बल के एनडीओ संतोष कुमार सुमन को भी दी गई। जब ट्रेन सहरसा पहुंची तो आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहले से मौजूद थी।वही ट्रेन के रुकने पर फिर से लावारिस बैग के बारे में यात्रियों से पूछताछ की गई लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।तब स्टेशन अधीक्षक की मौजूदगी में जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें गांजा भरा था।जब बैग का वजन किया गया तो 4 किलो 165 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस संदर्भ में सूचना जिला प्रशासन को दी गई। वही जीआरपी के अवर निरीक्षक राजेश कुमार के अलावा जीआरपी की टीम ने गांजा बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।ज्ञात हो कि पिछले महीना भी ललितग्राम से नई दिल्ली जाने वाली वैशाली एक्सप्रेस से करीब 45 किलो गांजा बरामद किया गया था।ट्रेन में तैनात आरपीएफ की स्कॉट पार्टी ने सामान्य कोच से गांजा बरामद किया था।

### संवाद कार्यक्रम में विधानसभा में भाग लेंगी सोनवर्षा की बेटी गीतांजलि, यूनियन बजट 2026 विकसित भारत विषय पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगी।



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार विधानसभा पटना में आयोजित होने वाले युवा संवाद कार्यक्रम के लिए सोनवर्षा की बेटी पोस्ट ग्रेजुएट की छात्रा गीतांजलि कुमारी का चयन होने से परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गीतांजली नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार निवासी व्यवसायी विजय मिश्रा व गृहिणी रेणु मिश्रा की बडी है। अपने चयन के बाबत गीतांजलि ने बताया कि ह्ययूनियन बजट 2026 विकसित भारतह्न विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम में बिहार विधानसभा में उसे अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त हुआ है।जिले से अन्य प्रतिभागी का भी चयन किया गया है।उन्हौने बताया की युवा संवाद कार्यक्रम में चयनित होकर वो अपनी कौशल का परिचय सेंट्रल हॉल बिहार विधानसभा में के अपने प्रस्तुत।

# पप्पू यादव ने की छोटू मिश्रा हत्याकांड में मांगा एसआईटी जांच और स्पीडी ट्रायल की मांग

## बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा, कानून का डर खत्म, पीड़ित परिवार से मिलकर जताई संवेदना



परिजन से मिलकर संवेदना व्यक्त करते सांसद।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** विद्यापति नगर स्थित मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की और घटना पर गहरा दुख जताते पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन रविवार को सहरसा पहुंचे और 13 मार्च को हुए छोटू मिश्रा हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने इस दौरान उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। पीड़ित परिवार से मिलने के बाद पप्पू यादव ने कहा कि सहरसा में सतीश कुमार उर्फ छोटू मिश्रा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने एक-दो नहीं बल्कि कई गोलियां चलाकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं यह दशार्ती हैं कि अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं रह गया है और उनका मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। पप्पू यादव ने कहा कि यदि किसी प्रकार का व्यक्तिगत विवाद या अन्य कारण रहा हो, तो उसके समाधान के लिए कानून और अदालत का रास्ता मौजूद है। लेकिन किसी युवक को गोलियों से छलनी कर देना समाज में दहशत फैलाने जैसा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। सांसद ने इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल की भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच के दौरान किसी राजनेता या प्रभावशाली व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तस्वीरों को सार्वजनिक करने तथा मामले का स्पीडी ट्रायल कराकर जल्द न्याय दिलाने की मांग की।

पप्पू यादव ने कहा कि घटना के बाद कई प्रक्रियाओं में देरी हो रही है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में विश्वास कायम रहे। इस दौरान पप्पू यादव ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव में करोड़ों रुपये का खेल चल रहा है और जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त की बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायकों को पैसे, शराब और दावतों के जरिए प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ है। पप्पू यादव ने कहा कि अगर पप्पू यादव राज्यसभा जाना चाहते हैं तो यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन राज्य की राजनीति में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए राजनीतिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और नैतिकता का पालन होना चाहिए।

# विधायक के नागरिक अभिनंदन को लेकर महागठबंधन दलों की बैठक आयोजित

## युवती हत्याकांड में एक अपराधी गिरफ्तार, एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद, युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग, विवाद में की गई थी हत्या।



प्रेस वार्ता में एसडीपी, थानाध्यक्ष व गिरफ्तार आरोपी।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिला के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बहियार में बीते 8 मार्च को गोली मारकर हुई युवती हत्या कांड के घटना का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। एसपी हिमांशु के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने घटना में शामिल अप्राथमिकी के एक अभियुक्त को गिरफ्तारी किया है। जिनके निशानदेही पर उनके घर से एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया था। घटना का कारण युवती से प्रेम प्रसंग में हो रहे विवाद को बताया जा रहा था। सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया बीते 8 मार्च को जिला के सलखुआ थाना क्षेत्र स्थित बहियार में युवती के शव बरामद होने की सूचना मिली थी। उक्त युवती की गोली मारकर हत्या की गई थी। उनके पिता की शिकायत पर सलखुआ थाना कांड संख्या 40/26 दर्ज की गई थी। उन्होंने आगे बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी हिमांशु के निर्देश पर डॉग स्क्वायड की टीम, एफएसएल की टीम और डीआईयू की टीम को घटनास्थल पर भेज कर साक्ष्य का संकलन किया गया था। फिर एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई थी। जिसमें सिमरी बख्तियारपुर इंस्पेक्टर मो सिराजुद्दीन, सलखुआ थाना अध्यक्ष संजना कुमारी, पुलिस अवर निरीक्षक स्वीटी कुमारी, बबलू कुमार और दीपक कुमार के साथ पुलिस बल को शामिल किया गया था। जिसने मानवीय और तकनीकी सूचना के आधार पर घटना में शामिल अप्राथमिकी के एक अभियुक्त सलखुआ थाना क्षेत्र के कोपड़िया गांव, वार्ड 3 निवासी फतिगन यादव के पुत्र भूपेन यादव की गिरफ्तारी की गई थी। जिनके निशानदेही पर उनके घर में छिपा कर रखे एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया था। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने युवती से प्रेम प्रसंग होने और उसमें हो रहे विवाद के कारण हत्या की घटना को कारित करने की बातें स्वीकारी थी। गिरफ्तार अपराधी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था।

# 13 वर्षीय किशोर को बलहमपुर में मारी गयी थी गोली

## सोमवार को मामला दर्ज कर पुलिस कर रही कार्रवाई, गंभीर हालत में चल था रहा इलाज



रोते-बिलखते परिजन।

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रायपुरा पंचायत अंतर्गत बलहमपुर गांव में शनिवार सुबह एक 13 वर्षीय किशोर को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल प्रिंस कुमार का इलाज पटना में जारी है। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस के पिता सीकेन्द्र यादव के बयान पर एक नाबालिग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रिंस के पिता सीकेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह गांव का ही एक किशोर उनके घर आया था। उसने प्रिंस को परीक्षा देने के बहाने अपने साथ बुलाया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी कि उनके बेटे को उसी किशोर ने गोली मारकर घायल कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रिंस के पिता आरोपित किशोर के घर पहुंचे। वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी थी और जमीन पर खून फैला हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि घायल प्रिंस को इलाज के लिए गांव के एक निजी क्लीनिक ले जाया गया था। क्लीनिक पहुंचने पर चिकित्सक ने गोली लगने की पुष्टि की और उसे तत्काल बड़े अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद प्रिंस को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया। फिलहाल प्रिंस का इलाज पटना में जारी है। अभी तक घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है कि दोस्त ने अपने ही दोस्त पर गोली क्यों चलाई। ग्रामीणों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि एक नाबालिग के पास हथियार कैसे और कहां से आया। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस किशोर ने प्रिंस पर गोली चलाई, उसे घटना से दो दिन पहले भी गांव में हथियार के साथ घूमते हुए देखा गया था। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि घायल के पिता के बयान पर सोमवार को मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्रिंस कुमार अपने पिता सीकेन्द्र यादव का इकलौता पुत्र है।

# विपक्षी दलों द्वारा देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर प्रोपेगेंडा पर भाजपा ने जताया आक्रोश

## प्रतिपक्ष नेता द्वारा असंसदीय व्यवहार पर भाजपा नेताओं ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण



प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष व अन्य।

**सहरसा (एनएसबी)।** प्रतिपक्ष नेता द्वारा असंसदीय आचरण एवं व्यवहार पर भाजपा नेताओं ने सोमवार को परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। ज्ञात हो कि बजट सत्र 12 मार्च 2026 के दौरान संसद भवन के मुख्य द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के लगभग 20 सांसदों द्वारा चाय-विस्कुट साथ तथाकथित चाय पार्टी आयोजित करता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है, जिसकी गरिमा और मयार्दा चनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। किंतु इस घटना के माध्यम से संसद परिसर को एक प्रकार में पार्लियामेंट पिकनिक स्पॉट बनाने का प्रयान किया गया।जबकि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मुख्य द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक के बावजूद विपक्षी सांसदों ने वहां बैठकर विरोध का नाटक किया, जो संसदीय नियमों और अध्यक्ष के निदेर्शों की खुली अवहेलना है। भाजपा महामंत्री शिवभुषण सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा देश में रसोई गैस की कथित किल्लत को लेकर भ्रामक प्रचार भी किया जा रहा है। भाजपा उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा करना हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है। आवश्यक है कि जनता के बीच यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंचे कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशहित और जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# प्रो महेंद्र झा को 'धात्री पात सन गाम' के लिए साहित्य अकादमी का मूल पुरस्कार



प्रो महेंद्र झा।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मैथिली भाषा और साहित्य के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र झा को उनकी चर्चित कृति धात्री पात सन गाम के लिए साहित्य अकादमी का मैथिली भाषा में मूल साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस सम्मान की घोषणा के बाद मिथिला क्षेत्र सहित पूरे साहित्यिक जगत में खुशी और गर्व का माहौल है। डा महेंद्र झा का जन्म 6 जनवरी 1947 को हुआ था। उन्होंने मैथिली में एम.ए. तथा पटना विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे लंबे समय तक शिक्षण और साहित्य सृजन से जुड़े रहे। वर्ष 1971 से 2004 तक उन्होंने सहरसा कॉलेज के मैथिली विभाग में अध्यापन किया। बाद में 2004 से 2009 तक वे भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के पश्चिम परिसर पीजी सेंटर, सहरसा में विभागाध्यक्ष और मानविकी संकायाध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत रहे। 2009 में वे सेवा से सेवानिवृत्त हुए।श्री झा की साहित्यिक यात्रा बेहद समृद्ध रही है। उन्होंने कविता, संस्मरण, आलोचना और निबंध जैसी कई विधाओं में महत्वपूर्ण लेखन किया है। उनकी प्रमुख कृतियों में ह्यमेटायल पता पर अवैत चिट्ठीह्न, ह्यदिक्पालह्न, ह्यपाठान्तरह्न समेत कई रचनाएं शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने मैथिली की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कहानी, गीत, गजल और कविताएं भी लिखीं, जिनमें मिथिला की संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सरोकारों की गहरी झलक मिलती है।उनकी पुरस्कार प्राप्त कृति ह्यधात्री पात सन गामह्न को मैथिली साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। इस पुस्तक में गांव, समाज और मानवीय संवेदनाओं को बेहद सजीव और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। साहित्य अकादमी द्वारा इस कृति को सम्मानित किए जाने से मैथिली भाषा और साहित्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।साहित्य अकादमी का यह सम्मान भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों को दिया जाता है। महेंद्र झा को मिला यह पुरस्कार न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे मिथिला और मैथिली साहित्य जगत के लिए गर्व का विषय है। साहित्यकारों और पाठकों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि उनका लेखन आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।

# संत लक्ष्मीनाथ गोसाई महोत्सव में सिद्ध वीणा वादन व बाबाजी रचित गीत भजन से कार्यक्रम संपन्न




महोत्सव का दीप प्रज्वलित करते।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कला संस्कृति विभाग बिहार एवं जिला प्रशासन सहरसा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रेक्षागृह में महान सिद्ध संत परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम निशांत,जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा ,नंद शंकर झा, भरत झा, निर्मल मिश्र, बेचन पोद्दार, कुमोदानंद झा, ब्रजेश कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का संचालन आनंद झा एवं स्वागत भाषण जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम निशांत ने कहा कि लक्ष्मीनाथ गोसाई महोत्सव एक ऐसा कार्यक्रम है। जिसमें शास्त्रीय संगीत की सभी विधाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सिद्धहस्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। सिद्ध वीणा वादक सिद्धार्थ बनर्जी प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।अगली बार इस महोत्सव के लिए बनारस घराने से अच्छी ध्रुपद गायक को आमंत्रित किया जाएगा।जिला कला संस्कृति पदाधिकारी ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से संत लक्ष्मी नाथ गोसाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के एवं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयास किया जा रहा हैं। इस कड़ी में बाबाजी लिखित व रचित भजन कीर्तन एवं गीत का गायन कर स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों द्वारा संत लक्ष्मी नाथ गोसाई उर्फ बाबा जी रचित विभिन्न भजनों का की शानदार प्रस्तुति की गई। वीणा वादक सिद्धार्थ बनर्जी ने कहा कि संगीत एवं सिद्ध वीणा माँ सरस्वती के इस अनोखा वाद्य यंत्र का मै सेवक हूं। अपने जीवन के माध्यम से इसकी सेवा करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरे रूप चाहे जो भी हो चाहे कभी कलाकार गुरु या टीचर या कभी कंपोजर के रूप में हो निरंतर सेवा देते आ रहा हूं। आज बाबा जी के चरणों में मुझे भी हाजिरी लगाने का मौका मिला है इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं।सिद्धार्थ बनर्जी द्वारा राग यमन जिसे शास्त्रीय जिसका शास्त्रीय नाम राग कल्याण है जो शिवजी के चरणों में समर्पित हैं। इसके साथ ही ध्रुपद, तीन ताल, भजन, जय जय भैरवी, वैष्णव जन ते ने कहिए पीर पराई जानी रे जैसे धुन पर मधुर वीणा वादन कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। वही इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक नंद शंकर झा द्वारा बाबा जी रचित भजन सबके सरस राम के नाम, भजन करू निरंतर आठो याम, बेचन पोद्दार द्वारा गुरू व्दना प्रथम देव गुरुदेव जगत में, और न कोई दूजा, जिला स्नेहा झा के द्वारा कब अइहै रघुनाथ प्रिय मम सीता पति हितकारी, सबरी शगुन विचार विचारी एवं गजल तथा सुचित्रा मिश्रा के द्वारा बाबाजी की लिखित मोहन बिनु कौन चरैया गैया का सुमधुर गायन किया गया। वही बृजेश कुमार द्वारा सूफी गीत मैं तो एक हवा हूं मुझे ढूंढ ना पाओगे वहीं भारत झा के द्वारा सीताराम सुमित्रानंदन आये सरजू तीर रे जैसे भजन पर शानदार प्रस्तुति की गई इस मौके पर सभी कलाकार एवं वाद्य यंत्र वादको को पाग चादर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# रॉयल्टी कटौती को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ की बैठक


बैठक में शामिल डीएम ।


बैठक में शामिल विभागीय अधिकारी।

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार की अध्यक्षता में लघु खनिज के बावत रॉयल्टी मालिकाना फीस की कटौती से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा विभिन्न कार्य विभागोंधगर निकायों के अधिकारियों को निदेश दिया गया कि चयनित योजना के कार्यान्वयन में उपयोग किये जा रहे लघु खनिजों के उपयोग परिवहन आदि के निमित विभागीय निदेश के आलोक में चालान परमिट समर्पित करेंगे।

वित्तीय वर्ष समाप्ति में मात्र कुछ ही दिन शेष है, जिसे ध्यान में रखते हुए उपयोग किये गये व्यवहृत लघु खनिजों की रॉयल्टी एवं मालिकाना फीस की राशि कटौती कर यथाशीघ्र खनन शीर्ष में जमा करने का निदेश दिया गया।

उक्त बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी, सुपौल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सुपौल त्रिवेणीगंज वीरपुर, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, सुपौल नगर निकायों के पदाधिकारीगण, खान निरीक्षक, सुपौल आदि उपस्थित थे।

# त्रिवेणीगंज में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग गम्भीर रूप से घायल, एक युवक की मौत

## हादसों का दिन

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत तीन अलग अलग सड़क दुर्घटना में पिछले 24 घंटे के अंदर सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जबकि एक युवक की मौत हो गई।

पहली घटना जदिया थाना क्षेत्र के पिलवाहा - लक्ष्मीनिया सड़क मार्ग में पिलवाहा वार्ड 5 नवटोलिया में रविवार संध्या दो बाइक की आमने सामने की भीषण टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सभी को गंभीर रूप से घायलावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां तीनों जख्मियों को प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान जदिया थाना क्षेत्र के पिलवाहा वार्ड 3 निवासी अनंत यादव के 18 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार, सदानंद यादव के पुत्र 22 वर्षीय प्रमोद यादव और वार्ड 7 निवासी जवाहर राय के 23 वर्षीय पुत्र अमर कुमार के रूप में हुई है घायल शंकर कुमार और प्रमोद यादव को डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया जबकि एक घायल अमर कुमार की नाजुक स्थिति को देखते हुए इसे मधेपुरा मेडिकल कलेज रेफर किया गया।

वहीं दूसरी घटना अनुमंडल क्षेत्र के राजेश्वरी थाना क्षेत्र के चरने नयानगर वार्ड 7 में सोमवार दोपहर दीनाभद्री मंदिर के पास सड़क किनारे खड़े 4 युवकों को विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो ने जोड़दार ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया जिसके बाद गंभीर रूप से घायल सभी चारों युवकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डक्टर नित्या झा ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को मधेपुरा मेडिकल कलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान चरने निवासी रामबिलास यादव के 22 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार , राजकिशोर पासवान के 19 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार , बेचन यादव के 18 वर्षीय पुत्र बाबुल कुमार और विनोद मंडल के 20 वर्षीय पुत्र आभाष मंडल के रूप में हुई है राजेश्वरी थानाध्यक्ष युगलकिशोर ने बताया कि घटना में शामिल बोलेरो और मोटरसाइकिल दोनों को घटनास्थल से थाना लाया गया है मामले की जांच और अग्रतर करवाई की जा रही है।

वहीं तीसरी घटना त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के खट्टर चौक से लहरनियाँ जानेवाली सड़क मार्ग में विज्ञान कलेज मोड़ के समीप सोमवार दोपहर बाद सड़क दुर्घटना में एक 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। जबकि इस घटना में बाइक पर सवार एक अन्य युवक मामूली रूप से जख्मी हो गए।

जानकारी के अनुसार जदिया थाना क्षेत्र के गुड़िया पंचायत के नवडीह वार्ड 8 निवासी नवीन कुमार के 19 वर्षीय पुत्र इंटर छात्र पंकज कुमार स्प्लेंडर बाइक से अपने फुफेरे भाई मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र के मुरहो सिसवा निवासी छात्र रूपेश कुमार के साथ घर नवडीह से बाजार स्थित साइंस कलेज के समीप रह रहे लज पर जा रहे थे। इसी क्रम में खट्टर चौक से लहरनियाँ जानेवाली सड़क मार्ग में बाजार क्षेत्र के विज्ञान कलेज जानेवाली मोड़ के समीप आगे में अचानक एक ई-रिक्शा रुक गया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर पीछे से ई-रिक्शा में ठोकर मार दी।

इस घटना में पंकज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि बाइक पर पीछे बैठे रूपेश कुमार को मामूली चोटें लगी। दोनों को लोगों द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने गंभीर रूप से जख्मी पंकज कुमार को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सुपौल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते मे छात्र पंकज की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया हैं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

# सदर पुलिस के विरोध में सुपौल नगर परिषद के सफाईकर्मी गए हड़ताल पर, नगर परिषद कार्यालय में किया ताला बंद, शहर की सफाई व्यवस्था ठप

**सुपौल (सुपौल) (एनएसबी)।** सदर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय में ताला जड़कर हड़ताल शुरू कर दी है। सफाईकर्मियों के काम बंद करने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई है और कई जगह कचरा जमा होने लगा है।


हड़ताल में शामिल सफाई कर्मी ।


हड़ताल में शामिल सफाई कर्मी को समझाते नगर परिषद अध्यक्ष व अन्य।

दरअसल मामला शहर के वार्ड संख्या 22 का बताया जा रहा है, जहां रविवार को नाला खोदने का कार्य चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान अबू बकर नाम के एक युवक ने वहां काम कर रहे जेसीबी चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी ओर जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल किया। इस घटना के बाद नगर परिषद के कुछ कर्मचारी शिकायत दर्ज कराने के लिए एसटी-एससी थाना पहुंचे।कर्मचारियों का आरोप है कि थाना में पुलिस ने उनकी शिकायत लेने में आनाकानी की। इससे नाराज सफाईकर्मियों ने विरोध जताते हुए थाना गेट के सामने कचरा फेंक दिया। बताया जा रहा है कि इस घटना से नाराज पुलिस ने रात में नगर परिषद के एक क्लर्क असजद आलम जो लोकल बडीज संगठन के महासचिव है उसके घर पर छापेमारी कर मारपीट करते हुए कुल 5 लोगो को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के विरोध में नगर परिषद के सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों का कहना है कि जब तक गिरफ्तार कर्मियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर हड़ताल के कारण सुपौल शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मामले को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। सफाई कर्मी थाना अध्यक्ष ओर एक सब इंस्पेक्टर पर एसपी से करवाई की मांग कर रहे है।

## खबरें : एक नजर में

# सशस्त्र सीमा बल बीरपुर द्वारा रघुनाथपुर में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**सुपौल (एनएसबी)।** 16 मार्च 2026 को 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल , बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी फतेहपुर के जीवंत गाँव रघुनाथपुर में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रघुनाथपुर गाँव के स्थानीय ग्रामीणों के पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां वितरण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उनके पशुधन की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के पशु चिकित्सक डा. सूर्य प्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट (वेटरनरी) एवं अन्य कार्मिकों द्वारा कुल 75 पशुओं का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सशस्त्र सीमा बल के प्रति आभार व्यक्त किया। 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा भविष्य में भी सीमावर्ती क्षेत्रों में जनकल्याण एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।



शिविर में मौजूद चिकित्सक व अन्य।

# एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमा के समीप से 56 किलो गांजा किया जब्त

**सुपौल (एनएसबी)** । 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी कुनौली द्वारा भारतनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान मादक पदार्थ (गांजा) की एक महत्वपूर्ण जब्ती की है । इस संबंध में जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी श्री जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के जिम्मेवारी क्षेत्र अंतर्गत सीमा स्तम्भ संख्या 219/ 30 के समीप मादक पदार्थ की तस्करी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई । प्राप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी कुनौली के कार्मिकों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया तथा संदिग्ध स्थान की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान धरारा पलार (बीपी संख्या 219/30 के समीप) जमीन में दबे तीन बोरे बरामद किए गए। जब इन बोरों को खोलकर देखा गया तो उनमें से कुल तीन पैकेट मादक पदार्थ मारिजुआना (गांजा) बरामद हुआ, जिसका कुल वजन लगभग 56 किलोग्राम पाया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई उपरांत बरामद मादक पदार्थ (गांजा) को अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना कुनौली, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में सशस्त्र सीमा बल के सहायक उप निरीक्षक श्री संजय कुमार सहित अन्य कार्मिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


बरामद गांजा के साथ एसएसबी।

# डीएम ने छातापुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निरीक्षण किया

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार, द्वारा विद्युत शक्ति उपकेंद्र छातापुर का निरीक्षण किया गया जिसमें फीडर में 24 घंटा में कितना देर विद्युत आपूर्ति रहता है इस संबंध में रजिस्टर का निरीक्षण किया गया तथा अन्य बिंदुओं पर भी जांच किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि ससमय सभी फीडर का मेंटेनेंस का कार्य सम्पन्न कर लिया जाए ताकि 24 गूणा 7 निर्बाध रुप से विद्युत आपूर्ति की जा सके ।


जांच करते डीएम।


# चैत्र नवरात्रि 19 से 28 मार्च तक, आध्यात्मिक शक्ति की आराधना का है यह अनोखा पर्व : आचार्य धर्मेन्द्र नाथ

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । आध्यात्मिक शक्ति और देवी आराधना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से 28 मार्च तक मनाया जाएगा। विद्वान आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र के अनुसार चैत्र नवरात्रि को वासंतिक नवरात्रि भी कहा जाता है और यह साधना, उपासना तथा आध्यात्मिक उन्नति का विशेष अवसर माना जाता है।

उन्होंने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि में नौ पूजा तथा दशम यात्रा का विशेष योग बन रहा है। इस नवरात्रि में भगवती का आगमन दोला पर तथा प्रस्थान चरणायुध पर होगा। आगमन और प्रस्थान दोनों का फल सामान्य रहने वाला है।

नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा, जो अत्यंत विशिष्ट योग का संयोग माना जा रहा है।

धार्मिक कार्यक्रमों की तिथियां इस प्रकार निर्धारित हैं। 23 मार्च को षष्ठी वत के दिन एकभुक्त खरना किया जाएगा। 24 मार्च को सूर्य छठ वत के अंतर्गत सायंकालीन अर्घ्य, गज पूजा तथा बेलनोती का आयोजन होगा। 25 मार्च को नवपत्रिका प्रवेश एवं महारात्रि निशा पूजा संपन्न होगी।


जानकारी देते आचार्य धर्मेन्द्र नाथ।

26 मार्च को महाअष्टमी वत के साथ दीक्षा ग्रहण आदि धार्मिक अनुष्ठान होंगे। 27 मार्च को महानवमी वत, रामनवमी वत तथा दीक्षा ग्रहण के कार्यक्रम संपन्न होंगे।

वहीं 28 मार्च को विजयादशमी के अवसर पर अपराजिता पूजा, जयंती धारण, नवरात्र वत पारण, रामनवमी वत पारण तथा नीलकंठ दर्शन किए जाएंगे। जयंती छेदन काटने का समय 28 मार्च की प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है।

आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने श्रद्धालुओं से इस नवरात्रि में विधि-विधान से मां भगवती की आराधना कर आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# सिमराही नगर पंचायत में वार्ड पार्षद द्वारा इफ्तार पार्टी आयोजित

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । सिमराही नगर पंचायत में पवित्र रमजान माह के अवसर पर वार्ड 7 की पार्षद पूजा देवी एवं पार्षद प्रतिनिधि विनय भगत के नेतृत्व में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।

इफ्तार से पहले सभी ने क्षेत्र में अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। आयोजन में रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत सहित पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।


इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर पंचायत सिमराही के लोग, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पार्षद पूजा देवी और प्रतिनिधि विनय भगत ने कहा कि रमजान का महीना प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। इसी भावना से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया ताकि सभी लोग मिलकर इस पवित्र महीने की खुशियां साझा कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और क्षेत्र की शांति व तरक्की की कामना की।

# डीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार, द्वारा घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया ।

इस क्रम में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा श्री गंगेश्वर प्रसाद एचपी ग्रामीण वितरक के गोदाम का निरीक्षण किया गया एवं उठाव तथा वितरण के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई ।

गैस एजेंसी संचालक द्वारा बताया गया कि एलपीजी गैस की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उनके द्वारा पिछले दो दिनों से होम डिलीवरी भी की जा रही है।

जिला पदाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी संचालकों जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने का निदेश दिया और अनियमित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी स जिला पदाधिकारी द्वारा सभी उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग से बचने का अनुरोध किया गया ।


जांच पड़ताल करते डीएम।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रारंभिक स्कूलों में वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के सभी प्रारंभिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षा चल रही है। वर्ग 3 से 8 के बच्चों ने गणित की परीक्षा दी। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि यह परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को प्रथम पाली में वर्ग 3 से 5 तक के बच्चों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी। द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी। 18 मार्च को प्रथम पाली में 6 से 8 तक के बच्चों की विज्ञान विषय की जबकि द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की संस्कृत विषय की परीक्षा ली जाएगी। वहीं 19 मार्च को वर्ग 1 तथा 2 की प्रथम पाली में गणित की मौखिक परीक्षा ली जाएगी जबकि द्वितीय पाली में वर्ग 1 और 2 के लिए अंग्रेजी विषय की मौखिक परीक्षा ली जाएगी। परबत्ता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रदीप कुमार के द्वारा सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक को शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, ममता कुमारी, रंजू कुमारी, राजन भारती, शैलेन्द्री पाल, सरिता कुमारी, हयात परवेज, तमन्ना तबस्सुम, अंकित कुमार सिंह को लगाए गए हैं।

### थाने में आवेदन देकर की कार्रवाई करने की मांग

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के कुर्बन गांव निवासी स्व. शिवनंदन साह के पुत्र सुबोध साह उर्फ मंगल ने थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। मालूम हो कि कुर्बन बाजार से सटे कुशवाहा चौक के समीप सुबोध साह उर्फ मंगल साह अपना दुकान खोलकर जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं गांव के ही हरदेव सिंह ने मेरे घर के समीप ईंट रख कर मेरे रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इस संबंध दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सुबोध साह उर्फ मंगल साह बाजार की जमीन को कब्जे में ले लिया। कब्जे में लेकर अवैध रूप से पक्के मकान का निर्माण कर लिया फिर भी उक्त युवक अपने पड़ोसी हरदेव सिंह पर बार-बार थाने में आवेदन देकर तंग तवाह कर रहे हैं, जबकि उक्त मामले में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा मामले को शांत करवाने का प्रयास किया। लेकिन हरदेव सिंह पर बार-बार झूठ आवेदन देने से रुकता नहीं है। इस संबंध में उक्त पंचायत के मुखिया रजनीकांत राहुल, सरपंच संतोष कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि गोपाल यादव समेत दर्जनों पंचों ने जानकारी दिया कि जिस जमीन पर मंगल साह रह रहे हैं, वह बिहार सरकार की जमीन बताई जा रही है।

### युवक के गायब होने से परिवार के लोग परेशान

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के कंजरी पंचायत अंतर्गत गवास बिंद टोली निवासी अभिनंदन सिंह के 26 वर्षीय पुत्र मूसो सिंह बीते जनवरी माह से ही भटक गया है। उक्त युवक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। इस संबंध में मूसो सिंह के पत्नी खुशबू देवी ने बताया कि 20 जनवरी, 2026 को गांव में मेला लगा था, मेला से ही मेरा पति भटक गया है। उक्त मामले को लेकर खुशबू कुमारी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है।

### संतमत सत्संग ज्ञान यज्ञ में बही ज्ञान की अविरल धारा

**पसराहा।** थाना अंतर्गत बड़ी पैकांत में आयोजित दो दिवसीय विश्व स्तरीय संतमत सत्संग ज्ञान यज्ञ में आध्यात्मिक ज्ञान की अविरल धारा बही। इस भव्य आयोजन में पधारे अखिल भारतीय संतमत सत्संग के वर्तमान आचार्य पूज्य स्वामी व्यासनंद जी महाराज ने अपने अमृतमयी वचनों से भक्तों को निहाल किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रभु श्री राम और विभीषण के पावन संवाद की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए जीवन में धर्म और विवेक के महत्व को रेखांकित किया। महाराज जी ने बताया कि जब विभीषण रावण का त्याग कर भगवान राम की शरण में पहुँचे, तो वह श्य एक भक्त के समर्पण की पराकाष्ठा था। उन्होंने मानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम ने विभीषण को केवल एक मित्र के रूप में नहीं, बल्कि एक अनन्य शरणागत के रूप में स्वीकार किया। स्वामी जी ने उस प्रसंग पर गहराई से प्रकाश डाला जहाँ विभीषण प्रभु को युद्ध भूमि में बिना रथ और कवच के देखकर व्याकुल हो जाते हैं। तब श्री राम उन्हें समझाते हैं कि जिस रथ से विजय प्राप्त होती है, वह कोई भौतिक रथ नहीं बल्कि 'धर्म रथ' है। उन्होंने विस्तार से समझाया कि शौर्य, धैर्य, सत्य, शील, बल, विवेक और क्षमा ही उस रथ के वास्तविक अंग हैं। महाराज जी ने संदेश दिया कि रावण मोह और अहंकार का प्रतीक है, जबकि विभीषण उस विवेक का प्रतीक है जो हमें बुराई से अलग कर परमात्मा की ओर ले जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि मनुष्य के भीतर सत्य और संतोष है, तो उसे संसार का कोई भी अभाव पराजित नहीं कर सकता। इस प्रवचन के माध्यम से स्वामी जी ने उपस्थित जनसमूह को यह प्रेरणा दी कि वास्तविक शांति बाहरी युद्धों को जीतने में नहीं, बल्कि अपनी इंद्रियों पर विजय पाकर अंतर्मन की साधना करने में निहित है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा, सचिव देवव्रत झा, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा सहित उपाध्यक्ष दहोलाल शर्मा, उपसचिव जयप्रकाश शर्मा, उप कोषाध्यक्ष चमालाल शर्मा, मंत्री चंद्रदेव शर्मा, वार्ड पंच अनिल शर्मा, वार्ड सदस्य रोशन शर्मा, वार्ड सचिव विवेक शर्मा, पैक्स अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सरपंच शंकर दास, दाहशाल शर्मा , विवेकानंद शर्मा, तपेश्व कुमार, पिंकू शर्मा, अशोक शर्मा,ि घ्त्रपुरारी शर्मा सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### समान्य गृहिणी से आत्मनिर्भर बन गयीं नूतन देवी

**खगड़िया।** नूतन देवी की कहानी एक साधारण गृहिणी से आत्मनिर्भर महिला बनने की प्रेरणादायक यात्रा है। जीविका से जुड़ने से पहले नूतन देवी एक सामान्य गृहिणी थीं। वे इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की थीं और मन में कुछ करने की इच्छा रखती थीं, लेकिन संसाधनों और सहयोग के अभाव में आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और आय का कोई ठोस साधन नहीं था। खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड की रौन की रहनेवाली नूतन देवी ने वर्ष 2008 में सरस्वती जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह में जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित रूप से बैठकों में भाग लेना और बचत करना शुरू किया। समूह के माध्यम से उन्हें यह जानकारी मिली कि कम ब्याज दर पर ऋण लेकर वे अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने आगे बढ़ने का निर्णय लिया। सबसे पहले नूतन देवी ने समूह से 10,000 रूपये का ऋण लिया और एक सिलाई मशीन खरीदी। सिलाई कार्य शुरू करने के बाद उन्हें थोड़ी-बहुत आमदनी होने लगी, जिससे घरेलू खर्चों में सहयोग मिलने लगा। इसी दौरान समूह स्तर पर बुककीपर का पद खाली हुआ। उनके पति रजकिशोर कुमार, जो कि बी ए पास थे, का चयन प्रक्रिया के तहत परीक्षा ली गई और उन्हें बुककीपर के पद के लिए चयनित किया गया। इससे परिवार की आय में एक नया और स्थायी स्रोत जुड़ गया। आगे बढ़ते हुए नूतन देवी ने समूह से 70,000 का ऋण लेकर हार्डवेयर की दुकान शुरू की। इस व्यवसाय से उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि होने लगी और परिवार का जीवन स्तर बेहतर होने लगा। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने बैंक में आवेदन किया, जिसके माध्यम से 10 लाख की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस राशि से उनके पति ने हार्डवेयर की दुकान को और विस्तारित किया। इसके बाद नूतन देवी को सरकारी कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के बारे में जानकारी मिली।

# तीन लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर धराए

**मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस का अभियान**

**280 ग्राम स्मैक, 32,800 रुपए नकद और माबाइल फोन बरामद**

**परबत्ता (एनएसबी)।** मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए परबत्ता थाने की पुलिस ने स्मैक (हेरोइन) तस्करी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी कर 280 ग्राम स्मैक, 32,800 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक खगड़िया के दिशा-निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परबत्ता थाने की पुलिस को सूचना मिली कि परबत्ता स्थित वार्ड संख्या-09 में स्मैक का अवैध क्रय-विक्रय किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से रॉबिन कुमार तथा भूषण कुमार, दोनों निवासी परबत्ता वार्ड संख्या-09 को उनके घर से 280 ग्राम स्मैक (हीरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 32,800 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।

इस मामले में पुलिस ने परबत्ता थाना कांड संख्या-117/28 दर्ज करते हुए आरोपितों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है और उनके आपराधिक इतिहास के साथ-साथ इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। छापेमारी दल में परबत्ता थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार, एसआई सुशील कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि समाज को इस खतरनाक बुराई से बचाया जा सके।

# दहेज प्रताड़ना से आहत नवविवाहिता खुदकुशी करने मंडल सेतु पर पहुंची

**ससुराल और मायके वालों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप**

**ग्रामीणों की तत्परता से बची नवविवाहिता की जान**

**छह माह पूर्व हुई थी शादी, चार माह से थी परेशान**

**बेलदौर (एनएसबी)।** ससुराल एवं मायकेवाले नव विवाहिता को प्रताड़ित कर रहे थे। इससे आक्रोशित होकर नव विवाहिता आत्महत्या करने की नीयत से बीपी मंडल सेतु पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक, बेलदौर थाना क्षेत्र के चौढ़ली गांव निवासी रामवृक्ष चौधरी की पुत्री प्रीति कुमारी मां-पिता एवं ससुराल वालों से परेशान होने के कारण सोमवार को करीब 11 बजे बीपी मंडल सेतु पर आत्महत्या करने की नीयत से छलांग लगाने के लिए पहुंच गई। यदि ग्रामीणों का नजर उक्त नव विवाहिता पर नहीं पड़ती तो फिर बीपी मंडल सेतु पुल चर्चा के विषय बन जाता। लेकिन टोल फ्री नंबर 112 के पदाधिकारी को सूचना मिलने पर सही सलामत नव विवाहिता को थाना लाए, जहां उनसे पूछताछ जारी है।

इस संबंध में नव विवाहित प्रीति कुमारी ने बताया कि उसकी शादी काशनगर थाना क्षेत्र के चौथम वासा गांव निवासी शंकर चौधरी के पुत्र राधे चौधरी के साथ 6 माह पूर्व हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न हुई थी। तीन माह तक ससुराल वालों ने पुत्रवधू के मान सम्मान में कोई कसर नहीं किया, जब 4 माह बीत गया तो ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। दहेज नहीं देने के कारण मेरे साथ सास-ससुर एवं पति मारपीट करते रहते थे। इस कारण अपने ससुराल से मायके चली आई। लेकिन मायके वाले ससुराल जाने को लेकर मारपीट करने लगे। इस कारण आत्महत्या करने की नीयत से बीपी मंडल सेतु पुल पर पहुंची। नवविवाहिता ने अपने माता-पिता पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## समृद्धि यात्रा की ऐतिहासिक सफलता पर जिलावासियों को बधाई : अनुराधा

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में आयोजित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम और विशाल जनसभा की ऐतिहासिक सफलता पर जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने जिला प्रशासन, एनडीए कार्यकर्ताओं तथा जिलावासियों को बधाई और साधुवाद दिया है। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को आयोजित यह कार्यक्रम जिले के लिए गौरव और उत्साह का क्षण बन गया। जनता दल (यूनाइटेड) की जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश कुमार तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जिस गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत हुआ, वह खगड़िया के इतिहास में एक याार क्षण के रूप में दर्ज हो गया। उन्होंने कहा कि एनडीए कार्यकर्ताओं, जीविका दीदियों और आमजनों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया तथा संसारपुर मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान खगड़िया के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की सौगात दी। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार जिले के समग्र विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि खगड़िया के लोगों का उत्साह, सहयोग और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि जिले की जनता विकास के साथ खड़ी है और आगे भी इसी तरह प्रगति की राह पर आगे बढ़ना चाहती है।

## शिविर में 100 बकरियों को वैक्सीनेशन




**खगड़िया (एनएसबी)।** नव जागृति संस्था द्वारा संचालित तथा टाटा ट्रस्ट द्वारा वित्त सम्पोषित परियोजना कोशी सहजीवन कार्यक्रम के अंतर्गत चौथम प्रखंड के ठूठी मोहनपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में बकरी का वैक्सीनेशन कैंप, सामाजिक सुरक्षा कैंप एवं मक्का खेती को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इसमें बकरी के वैक्सीनेशन के लिए जिला पशुपालन विभाग के डॉ. अब्दुल खालीब क्यूम एवं उनकी ने लगभग 100 बकरियों को अलग-अलग बीमारी के लिए दवाई वितरण एवं वैक्सीनेशन किया। डॉ. ने कहा कि नव जागृति संस्था शिविर लगा कर जन हित में सराहनीय कार्य कर रही है। इससे लोगों के बीच बकरी के स्वास्थ को लेकर जागरूकता फैलेगी और बकरी का मृत्यु दर कम होगा और बकरी पालन आर्थिक रूप से मजबूत होगे। उन्होंने नव जागृति संस्था के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को कहा कि आपके इस तरह के जनहित कार्य में सहयोग के लिए विभाग हमेशा तैयार रहेगी। आज के इस कैंप में स्मार्ट कार्ड आवेदन पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं मक्के की खेती को लेकर आज लगभग 80 किसानों को दिल्ली से आये डॉ. साईं दास (एक्स डायरेक्टर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,नई दिल्ली)ने प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप से वर्तमान समय में मक्का में लगने वाली बीमारी, उसके निवारण एवं उसके खास देख रेख के ऊपर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी के समय में मक्का में मुछ और धन बाल निकलना शुरू हो गया है। इस समय मक्का में खाद और पानी की विशेष आवश्यकता होती हैं इसलिये इस समय विशेष ध्यान देने की जरूरत है।क्योंकि इसी से आपके मक्के की उपज तय होता है। इसके साथ ही उन्होने सभी किसानों को उनके खेत पर ले जा कर भी बहुत तरह की जानकारी दी।

## समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है शिक्षा : प्रभाकर



**खगड़िया (एनएसबी)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को परबत्ता स्थित पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं प्रखंड कार्यकारिणी के पदाधिकारी ,संरक्षक मंडल के सदस्य गण सहित सदस्य विद्यालय के निदेशक गण एवं प्रतिनिधि शामिल हुए तथा शिक्षा की गुणवत्ता और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक प्रारम्भ होने से पहले पीसीएसग्रुप के डायरेक्टर डज़ेपीसिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को शल, डायरी,कलम एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष प्रभाकर झा प्रभात ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है,जिसका प्रतिफल है कि अभिभावकों का विश्वास निजी विद्यालयों पर ही होता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रेखा सिंह एवं पप्पू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा आपसी सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। संरक्षक द्वय राजदेव यादव एवं सुबोध कुमार ने कहा कि निजी विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और समाज को शिक्षित बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय है। कोषाध्यक्ष राकेश कुमार एवं भोला शंकर पांडेय ने संगठन के आर्थिक प्रबंधन एवं सदस्यता शुल्क के महत्व पर प्रकाश डाला।

## सफल प्रतिभागियों को शतरंज अकादमी ने किया सम्मानित




। पदाधिकारी।

**सभी वर्गों के शीर्ष चार खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित**

**खगड़िया (एनएसबी)।** अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के तत्वावधान में प्रथम जयमाला देवी मेमोरियल निःशुल्क अंतरजिला शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न हो गया। मुख्य निर्णायक जेके जवाहर, सहायक निर्णायक चन्द्रराज और केशव कुमार यशवंत ने चारों आयु वर्ग के प्रथम चार-चार ट्रॉफी पाने वाले खिलाड़ियों के नाम घोषित किये।

ओपन में रामप्रवेश खगड़िया, शिवप्रिय भारद्वाज लखीसराय, शुभम खगड़िया और चोथे पर मधेपुरा के समीर वर्धन। अंडर- 19 मे खगड़िया के मानव कुमार, बेतिया के मनीष कुमार, खगड़िया की तन्नु कुमारी और चोथे स्थान पर भागलपुर के अनुभव अनुराग। अंडर-15 में खगड़िया के रुद्रबीर सिंह, अक्षय राज, तीसरे स्थान पर सहरसा की चंचल कुमारी और चोथे पर लखीसराय के रोशन कुमार। अंडर-11 में बेगूसराय के विष्णु वैभव प्रथम स्थान, दूसरे पर पटना के आश्रित तिवारी, तीसरे पर लखीसराय के कृष्णा और चौथे स्थान पर खगड़िया के ही क्रिशु कुमार रहे। उक्त सभी 16 खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और शेष सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। सम्मानित अतिथीयों में नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी के अध्यक्ष अभय कुमार बिक्की, उपाध्यक्ष विवेक भगत, सयुंक्त सचिव संजय कुमार, समाजिक कार्यकर्ता नितिन कुमार चुन्नु, वरीय शतरंज खिलाड़ी मधुकान्त भारती, जिला चौम्पियन युगल किशोर थे। अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत और प्रतियोगिता के डायरेक्टर नीतीश नयन ने बाहर से आए सभी अभिभावकों का पुष्प माला और प्रतियोगिता का प्रतिक चिह्न देकर सम्मानित किया। यशवंत ने सभी अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों का विषेश ख्याल रखें ताकि वे अपराध और नशे के मकडज़ाल में ना फंसें। श्यामलाल चन्द्रशेखर मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. विवेकानंद ने कहा कि आगे भी इस तरफ का आयोजन होता रहेगा। मौके पर मौजूद सोनू कुमार, छोटु कुमार, आलोक कुमार मिश्रा, रणजीत कुमार, खिलाड़ी हर्षवर्धन राज, मनोज कुमार, नवनीत कुमार सहित दर्जनों खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद थे।

## खनन विभाग पर अवैध वसूली का आरोप सांसद-विधायक व डीएम को लिखा पत्र

**नगर परिषद खगड़िया के सभापति प्रतिनिधि ने की निष्पक्ष जांच की मांग**

खगड़िया **(एनएसबी)**। नगर परिषद खगड़िया के सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा ने खगड़िया जिले में कार्यरत खनन विभाग की एक महिला पदाधिकारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद, स्थानीय विधायक तथा जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। दिए गए आवेदन में ज्योतिष मिश्रा ने कहा है कि खगड़िया जिले में कार्यरत उक्त महिला पदाधिकारी के संबंध में क्षेत्र से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्य से संबंधित मामलों में उनके द्वारा उचित व्यवहार नहीं किया जाता तथा अप्रत्यक्ष रूप से अवैध धन की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायतें लगातार सामने आने से यह मामला अब गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ज्योतिष मिश्रा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर के कार्यो के सिलसिले में उन्होंने स्वयं भी कई बार संबंधित पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन सीधे बातचीत करने के बजाय उन्हें अपने ड्राइवर से बात करने के लिए कहा गया। जब ड्राइवर से बातचीत की गई तो उसके द्वारा कथित रूप से डेली अथवा मंथली आधार पर सीधे रुपयों की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी के नाम पर इस प्रकार से पैसे की मांग की जाती है तो इससे प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचि लगना स्वाभाविक है। इससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के बीच भी असहज स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है। नगर सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा ने सांसद, विधायक और जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग से जांच कराई जाए और यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# फासीवाद के रास्ते पर चलकर देश की एकता और अखंडता को तोड रही है केंद्र सरकार : अनिल

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया शताब्दी समारोह का आयोजन**

**खगड़िया (एनएसबी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की ओर से जिला कार्यालय योगेंद्र भवन में पार्टी की 100वीं वर्षगांठ एवं शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन जिला सचिव पुनीत मुखिया की अध्यक्षता किया गया।

समारोह का उद्घाटन करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य मार्क्सवादी चिंतक अनिल राजिमवाले ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना उद्योग नगरी कानपुर में 26 दिसंबर 1925 को हुई थी। स्थापना के पूर्व अनेकों कम्युनिस्ट नेताओं ने देश की आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका अदा की है। कम्युनिस्ट नेताओं ने ही सबसे पहले पूर्ण आजादी का मांग एवं नारा कांग्रेस अधिवेशन में दिए थे। देश को विदेशी दासता से मुक्त करने के साथ ही देश में व्याप्त छुआछूत, बेगारी, सामाजिक, आर्थिक असमानता के खिलाफ जमींदारी प्रथा का भी विरोध पुरजोर तरीके से कर रही थी। इसके कारण देश की आजादी के बाद प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आम चुनाव में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में सीपीआई लोकसभा में थी। सीपीआई ने देश में जन आंदोलन एवं जन संघर्ष कर केंद्र एवं राज्य सरकार पर दवाब डालकर कई जनहितैषी कानून बनवाए। जमींदारी प्रथा का उन्मूलन, राजा महाराजाओं को मिलने वाले प्रीवीपर्स को बंद कराने, सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योग लगाने, बैंकों एवं कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण करवाने में पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। केंद्र एवं राज्य सरकार के कॉर्पोरेट घरानों, देसी विदेशी पूंजीपतियों एवं जमींदार पक्षी आर्थिक नीति का पार्टी डटकर विरोध करती रही है। चाहे




प्रदर्शन में शामिल भाकपा के नेता और कार्यकर्ता।

वह हैदराबाद निजाम के खिलाफ तेलंगाना शास्त्र किसान आंदोलन एवं तेभागा किसान आंदोलन हो कम्युनिस्ट पार्टी ने विचारधारा से आज तक समझौता नहीं किया। आज मोदी सरकार फासीवाद के रास्ते पर चलकर देश की एकता अखंडता को तोड़न कर रही है एवं संप्रदायवाद को बढ़ावा दे रही है। लोकसभा के अंदर देश के गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबासाहेब के बारे में जो बयान दिया इससे भाजपा एवं आरएसएस का असली चेहरा उजागर हुआ है। भाजपा संघ परिवार चोर दरवाजे से संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संगठन को शताब्दी वर्ष के अवसर पर मजबूत करने का आह्वान किए।

समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पार्टी संगठन को जन आंदोलन के जरिए मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले के अंदर बड़े-बड़े जमींदारों के जमीन पर झंडा गाडकर जमीन बटवाने एवं कानूनी लड़ाई लड़कर पर्चा दिलवाया गया है। आज किसान एवं मजदूर फटेहाल जिंदगी जी रहे हैं। किसानों को फसल का लाभकारी कीमत दिलाने में मोदी सरकार विफल रही है। किसानों का धान पैक्स के माध्यम से ओने पौने भाव में खरीदा जा रहा है। ऐसी स्थिति में पार्टी को मजबूत करना पड़ेगा।

जिला सचिव पुनीत मुखिया ने कहा कि बिहार राज भूमि सुधार कानून के आलोक में जमींदारों की जमीन पर लाल झंडा गाड़कर हजारों एकड़ जमीन गरीबों के बीच वितरण कर दखल दिलाई एवं सैकड़ो गांव बसाने का काम पार्टी के नेता पूर्व विधायक स्व. सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में किया गया। लेकिन आज वर्षों से बसे लोगों को सरकार पर्चा देना नहीं चाहती है। भूमि आंदोलन में हमारे एक दर्जन अनमोल साथी मेदिनी साह, बद्री नारायण सिंह, राम बच्चन महतो, भागो देवी, सुखदेव राम, बिंदेश्वरी साह, प्रकाश सादा ने शहादत दी लेकिन पार्टी ने भूमि आंदोलन में जमींदार या अपराध कर्मियों से समझौता नहीं किया। 50-60 वर्षों से बसे चौथम अंचल के नौरंगा एवं परबत्ता अंचल के मेहदीपुर गांव के बसे लोगों को कोर्ट के आदेश पर पिछले दिनों उजाड़ दिया गया, लेकिन प्रशासन उजाड़े दलित महा दलित परिवारों बसने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करवा रही है। सीपीआई बिहार राज्य परिषद सदस्य प्रभाकर सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का संगठनिक महीना के अवसर पर नए-नए नौजवानों को सदस्य बनाने पर जोर देते हुए शाखा अंचल को शताब्दी वर्ष के अवसर पर मजबूत करने की जरूरत है। समारोह को कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा की तैयारी : डीएम ने कजरा पावर प्लांट परिसर का लिया जायजा, दिए कई निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री, बिहार की आगामी समृद्धि यात्रा के सफल आयोजन और व्यापक तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में सोमवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के निर्देशन में सूर्यगढ़ा प्रखंड स्थित कजरा पावर प्लांट परिसर का सघन निरीक्षण किया गया।

डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सभा स्थल, हेलीपैड निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन जैसी बुनियादी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल आपूर्ति, निर्बाध विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर और सुव्यवस्थित तरीके से पूरी की जाएं ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन और अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने


सोमवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के निर्देशन में सूर्यगढ़ा प्रखंड स्थित कजरा पावर प्लांट परिसर का सघन निरीक्षण किया गया।

विशेष रूप से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों और प्रदर्शनी सामग्री की समीक्षा की और निर्देश दिया कि सरकार की प्रमुख विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को आकर्षक व प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जाए। घ्सुरक्षा के मानकों पर जोर देते हुए जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर पुख्ता सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती और आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट रहने को कहा गया। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, डीडीसी सुमित कुमार, एसडीएम प्रभाकर कुमार, एसडीपीओ शिवम कुमार और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित जिले के तमाम वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन का इंतजार करना यात्रियों को प्लेटफार्म पर सकता है महंगा, भागलपुर जमालपुर कियूल रेलखंड पर 20 मिनट से 5 घंटा विलंब से चल रही ट्रेन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** भागलपुर- जमालपुर- कियूल रेलखंड पर इन दोनों ट्रेन का परिचालन 20 मिनट से 5 घंटा विलंब से हो रहा है। जिससे कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। वही ट्रेन का इंतजार करना भी यात्रियों को उनके स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने के बराबर है क्योंकि जमालपुर स्टेशन पर यात्रियों के साथ जानवर भी ट्रेन का इंतजार करते-करते देखे जा रहे हैं। प्लेटफार्म संख्या एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे गुलशन कुमार, सौरभ कुमार, अरुण पासवान,अमन कुमार, कला देवी, मनोज कुमार ने बताया कि एक्सप्रेस हो या पैसेंजर ट्रेन सभी का परिचालन विलंब से हो रहा है। परिवार एवं बच्चों के साथ सफर करना जान जोखी में डालने के समान है। क्योंकि ट्रेन के विलंब से परिचालक होने से हम लोगों को प्लेटफार्म पर रुक कर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में पास आसपास आवारा कुत्ते का झुंड देख कर हम लोग थोड़ी देर के लिए सहम जाते हैं कि आवारा कुत्ते का शिकार हम लोग कहीं हो न जाए। यात्री सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन से इस दिशा में कार्रवाई करने की मांग किया है।


प्लेटफार्म पर आराम फरमाते आवारा कुत्तों का झुंड।

# रेल कलोनी के दशा एवं दिशा बदलने को लेकर अधिकारियों के साथ यूनियन नेता ने किया निरीक्षण

### साफ सफाई, बिजली पानी, सड़क नाला जैसे समस्या से रूबरू हुए अधिकारी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल कालोनी रामपुर का दशा एवं दिशा बदलने को लेकर अधिकारियों के साथ यूनियन नेता की टीम कलोनी का निरीक्षण किया। कालोनी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ सफाई बिजली पानी सड़क नाला जैसे समस्याओं के निदान को लेकर सकारात्मक कार्रवाई करने की बात कही। लगभग 2 घंटे की कलोनी निरीक्षण के दौरान रामपुर एवं टेंपरेरी हार्ट कलोनी को कैसे बेहतर बनाया जाए और सुरक्षा को लेकर क्या कदम उठाया जाए इसको लेकर भी अधिकारियों ने मंथन किया। निरीक्षण का नेतृत्व डिप्टी


कॉलोनी का निरीक्षण करते अधिकारी।

प्रोडक्शन अभ्युदय मिश्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेल कलोनी के बेहतरीन के लिए समय-समय पर इस तरह के निरीक्षण होना चाहिए जिससे कि कलोनी में रहने वाले रेलकर्मी एवं उनके परिवार को होने वाले समस्या को अन स्पट जानकर उनके समाधान करने का बेहतर उपाय किया जा सके।

मौके पर डिप्टी विद्युत बीपी मिज, एटीई सनातन, डीएमओ ड सुमित, एडब्ल्यूओ संजय कुमार ताती, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव, आईओडब्ल्यू दिनेश मंडल, विनोद कुमार यूनियन नेता कृष्णा कुमार, राकेश, प्रवीण, गोपाल जी,रंजीत सहित कई मौजूद थे।

# कारखाना का पीडब्ल्यूआई प्रकरण पहुँचा पूर्व रेलवे मुख्यालय, संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने उप महा प्रबंधक को सौपा ज्ञापन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेल कारखाना एवं रेल क्षेत्र के विकास के लिए वर्षो से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव सोमवार को पूर्व रेलवे मुख्यालय कोलकाता पहुंचे। जहां पीडब्लूआई कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रकरण पर जीएम के पहल पर उप महाप्रबंधक शिबराम मांझी से मिल वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। वार्ता के दौरान मोर्चा के संयोजक सह सपाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की बेवजह पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों को एईएन ओपन लाइन में स्थानांतरित किया जा रहा है जो कारखाना हित में उचित नहीं है। श्री यादव ने 25 मिनट के वार्ता के दौरान कहा की पीडब्ल्यूआई विभाग जमालपुर कारखाना का एक अभिन्न अंग है और वर्तमान में कारखाना के भीतर ट्रैक से जुड़े कार्यो की कोई कमी नहीं है इसके बावजूद रेलवे प्रशासन विभाग के अनुभवी कर्मचारियों को कारखाना परिसर से बाहर निकाल मालदा डिवीजन के एईएन ओपन लाइन में स्थानांतरित कर दिया हैं जबकि इसके कई कर्मचारी जो अपनी वरीयता छोड़ दूसरे जगह से निचली वरीयता में कारखाना में कार्यरत है, कई कर्मचारी कुछ महीनो में अवकाश प्राप्त करने वाले हैं बावजूद अधिकारी अपने प्रशासनिक विफलता को छुपाने के लिए पीडब्ल्यूआई ई के छोटे कैडर को बलि का बकरा बना रहे हैं जो कर्मचारी के हितों के खिलाफ ही नहीं कारखाना से एक पूरे विभाग के वजूद मिटाने की सोची समझी साजिश है तानाशाही मनमानी का यह आलम है कि विभाग के भीतर कार्यरत कर्मचारियों को उपस्थिति दर्ज करने से भी वंचित किया जा रहा है जो की पूर्णता अलोकतांत्रिक व अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है। संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपाध्यक्ष ने कारखाना व कर्मचारियों के हितों के लिए गुहार लगाते हुए कहा की पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों को कारखाना के अधीन ही कार्यरत रखा जाए या फिर कारखाना में ही इन कर्मचारियों का समायोजन किया जाए अन्यथा संघर्ष मोर्चा रेल हित, कर्मचारी हित एवं शहर हित में एक बड़े आन्दोलन का शंखनाद करेगी।


उप महाप्रबंधक को ज्ञापन देते मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव।

## पटना मैराथन दौड़ में जमालपुर कारखाना के रामकृष्ण को मिला तीसरा स्थान, नशा मुक्त बिहार बनाने को लेकर आयोजन हुआ था पटना मैराथन, सीडब्ल्यूएम ने हौसला बढ़ाया तो पटना मैराथन दौड़ में मिला तीसरा स्थान

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** नशा मुक्त बिहार बनाने के संदेश के तहत पटना के गांधी मैदान से पटना मैराथन का आयोजन किया गया। आयोजित मैराथन में जहां देश-विदेश से धावकों ने भाग लिया। वहीं जमालपुर कारखाना के सीएमडी लैब में कार्यरत रेल कर्मी रामकृष्ण ने इस मैराथन में तृतीय स्थान लेकर अपने जिला के साथ कारखाना का नाम रोशन किया है। पटना मैराथन जीतने के बाद रेल कर्मी रामकृष्ण ने बताया कि मैराथन दौड़ में लगभग 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने 42.2 किलोमीटर के फुल मैराथन हिस्सा लिया था। जिसमें प्रथम स्थान केन्या तथा द्वितीय स्थान भारत के ही एथलीट रहे।जबकि तृतीय स्थान पर जमालपुर कारखाना में कार्यरत रेलकर्मी रहे। नशा मुक्त बिहार बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया पटना मैराथन का शुभारंभ ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने किया था। पटना मैराथन में तीसरे स्थान पर रहे रेल कर्मी ने बताया कि मैराथन में आज दौड़कर हम सफल हुए हैं तो इसके पीछे सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल का हाथ है जिन्होंने हमेशा युवा रेल कर्मियों को उनके ऊर्जा के अनुसार कार्य करने की आजादी दी है। इसलिए मैराथन में तीसरा स्थान आना यह मेरे लिए गौरव की बात है। इधर रेल कर्मी के मैराथन में तृतीय स्थान मिलने पर मेंस यूनियन के नेता देव शंकर सिंह ने यूनियन की ओर से रामष्ण को विशेष तौर पर बधाई दिए हैं।


पटना मैराथन में तीसरे स्थान रहे कारखाना के रेलकर्मी रामकृष्ण।

# जाति-पाति दहेज प्रथा को दूर करने के लिए 10 विप्लवी विवाह संपन्न हुआ महिला पौरोहित्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ विप्लवी विवाह

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से विप्लवी विवाह का कार्यक्रम के साथ धर्म सम्मेलन का समापन हुआ। विवाह के पश्चात नव विवाहित जोड़ों को शिव एवं पार्वती के जैसा आदर्श जीवन व्यतीत करने का आशीर्वाद पुरोधा प्रमुख ने दिया।

इस वैवाहिक कार्यक्रम को वर पक्ष से आचार्य आनिर्वाणनंद अवधूत एवं वधू पक्ष से आनंद मार्ग की महिला पौरोहित्य अवधूतिका आनंद आचार्या उपस्थित थी। वैदिक मंत्र उच्चारण ओम मधु वाता ऋतायते मधु क्षरंतु सिंधव वैदिक मंत्र से विवाह संपन्न हुआ। वर एवं वधु पौरोहित्य के साथ 3 बार बारी-बारी से मंत्रों का उच्चारण किया विवाह में उपस्थित लोग समाज को साक्षी मानते हुए परम ब्रह्म तथा मार्ग गुरुदेव के नाम पर शपथ ग्रहण कर कहे की हम इस विवाह के साक्षी हुए साथ ही साथ सभी लोगों ने एक स्वर में नव दंपति के सुखमय जीवन के लिए कामना की। इसके


पुरोधा प्रमुख से आशीर्वाद लेते वर-वधू।

बाद नवदंपत्ति एक दूसरे को माला पहनाकर माला का आदान-प्रदान तीन बार किया। इस विवाह की विशेषता यह थी कि महिला पौरोहित्य के द्वारा इस वैवाहिक कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महिला पौरोहित्य ने कहा कि जाति-पाति रंगभेद, नस्लवाद और दहेज प्रथा को दूर करने के लिए इस जोड़ी अंतरजातीय विवाह क्रांतिकारी विवाह संपन्न हुआ। आनंद मार्ग पद्धति से विवाह होता है वह क्रांतिकारी (बिना तिलक दहेज का एवं जातिविहीन संप्रदाय विहीन विवाह) को आनंद मार्ग में प्राथमिकता दी जाती है।

इस विवाह में वर एवं वधु दोनों के परिवार की सहमति अति आवश्यक है दोनों परिवार वर वधु समान विचारधारा के हो तभी विवाह को सफल बनाया जाता है।

आनंद मार्ग प्रचारक संघ की अवधूतिका आनंद विष्णुमाया आचार्या का कहना है कि महिला तो भौतिक स्तर पर स्वालंबी हो रही है परंतु उन्हें मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर भी विकसित होने का अवसर प्रदान करना होगा हम महिलाओं को केवल पौरोहित्य गिरी का अधिकार ही नहीं बल्कि महिलाओं द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम दाह संस्कार कर्म श्राद्ध कर्म करने का भी अधिकार समाज को देना होगा आज तक समाज में पुरुष पौरोहित्य के द्वारा ही सारे धार्मिक कर्मकांड संस्कार कार्यक्रम संपन्न होता था।

आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने महिलाओं को पौरोहित्य गिरी का अधिकार देकर महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया।समाज में सभी को समान अधिकार है इससे किसी को वंचित करना घोर पाप है।महिला एवं पुरुष समाज रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं इनके समान अधिकार के बिना समाज का सर्वांगीण उत्थान संभव नहीं है महिला एवं पुरुष को आनंदमार्ग में समान अधिकार दिया गया है।

## खबरें : एक नजर में

### लखीसराय में मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई शराब बेचने वाली महिला समेत 14 गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। 15 मार्च 2026 को की गई इस कार्रवाई में विभाग ने अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त एक महिला कारोबारी सहित कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने कजरा थाना क्षेत्र के अरमा मुसहरी में छापेमारी कर सलखी देवी को 4 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं, जिले के अन्य हिस्सों में शराब पीने वालों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया गया। सूर्यगढ़ा थाना के रतनपुर से धरमवीर मांझी, संजय कुमार, दिलवर कुमार और नीरज कुमार को पकड़ा गया, जिनमें से धरमवीर मांझी दूसरी बार शराब पीने के आरोप में पकड़े गए हैं। कवैया थाना क्षेत्र के लाल पहाड़ी (वार्ड नंबर 33) से सरयुग मांझी और जीरो मांझी को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, लखीसराय थाना के छोटी दरगाह क्षेत्र से अमरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। बड़हिया थाना क्षेत्र में की गई बड़ी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह अन्य लोगों को नशे की हालत में पकड़ा, जिनकी पहचान रविन्द्र कुमार, छोटू कुमार, संजीत कुमार, जितेन्द्र कुमार, रवि कुमार उर्फ रवि किशन और छोटू कुमार उर्फ इन्द्रजीत राय के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त लखीसराय के साथ-साथ विद्यापति नगर और तेघड़ा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। मद्यनिषेध विभाग ने सभी आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।


शराब बेचने वाली महिला समेत 14 गिरफ्तार।

### पर्यावरण संरक्षण से ही सुरक्षित होगा मानव जीवन स्व. वैद्य हर गोविंद मिश्र की स्मृति में हुआ पौधारोपण

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के चानन प्रखंड अंतर्गत इटौन पंचायत के ख्याति प्राप्त समाजसेवी और प्रख्यात वैद्य स्व. हर गोविंद मिश्र रंजन की पुण्यस्मृति में पर्यावरण भारती द्वारा मननपुर, चानन क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम का एक और जामुन के चार फलदार पौधे लगाए गए, जिसका नेतृत्व पर्यावरण प्रहरी शक्ति कुमार महतों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने कहा कि वृक्ष संसार के समस्त मानव जाति के सच्चे हितैषी हैं। पेड़ स्वयं कड़ी धूप और गर्मी सहन कर मानव को शीतलता प्रदान करते हैं। उन्होंने भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही प्रति वंदन की परंपरा रही है, जहाँ पीपल, तुलसी और वट-वृक्ष की पूजा की जाती है। श्री शाण्डिल्य ने वैश्विक परिश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान ईरान-अमेरिका महायुद्ध के समय दुनिया की नजरें भारत पर हैं और भारत ही विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने विज्ञान की सीमाओं का जिक्र करते हुए जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण के अलावा मानव जीवन को सुरक्षित रखने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। मत्स्य पुराण के 512 वें श्लोक का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि एक वृक्ष दस पुत्रों के समान पुण्यदायी होता है, इसलिए हर मनुष्य को जीवन में कम से कम 10 पौधे लगाकर उनकी पांच वर्षो तक सुरक्षा करनी चाहिए। घ्इस दौरान स्व़ हर गोविंद मिश्र के पौत्र रमेश चंद्र मिश्र श्सुमनश् ने अपने दादा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक महान वैद्य, साहित्यकार और कवि थे। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल पेश करते हुए भूमि दान कर माँ सरस्वती, माँ काली और मननपुर में प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर का निर्माण कराया था। सन 1940 में उन्होंने रोगियों के उपचार हेतु श्अमरकोट आयुर्वेद भवनश् की स्थापना की थी, जिसे वर्तमान में उनके पौत्र वैद्य चंचल कुमार मिश्र संचालित कर रहे हैं। उनके पाँचों पुत्रनरेश चंद्र मिश्र श्भंजनश्, अखिलेश चंद्र मिश्र, निखिलेश चंद्र मिश्र, विमलेश चंद्र मिश्र श्वेणुश् और वागीश चंद्र मिश्र श्राजाजीश् भी वैद्य परंपरा से जुड़े रहे। घ्आज भी इटौन पंचायत के ग्रामीण उन्हें बड़े सम्मान के साथ याद करते हैं। इस पुनीत कार्य में रणजीत कुमार महतों, शक्ति कुमार महतों, प्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, संध्या कुमारी, संजना कुमारी, राज नंदिनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राम बिलास शाण्डिल्य, निवास चंद्र मिश्र, भूषण चंद्र मिश्र, सोनू मिश्र, रितेश कुमार मिश्र, सुनील, गौरव राज, प्रयांशु, अक्षय, आयूष, आनंद, अर्जुन, सत्यम, देव, संदीप, प्रिंस, सुमित और राजेन्द्र सहित कई गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


वृक्षारोपण करते ।

### इरिमी के महानिदेशक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ दैनिक जीवन ध्यान सत्र, सत्र के सफल आयोजन को लेकर इरिमी महानिदेशक के पल पर आनंद मार्गी को किया गया सम्मानित

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** इरिमी संस्थान में सोमवार को दैनिक जीवन में ध्यान के महत्व विषय पर एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया।जिसे आनंद मार्ग के आचार्य अभी रामानंद अवधूत ने संबोधित किया। अपने ओधन में उन्होंने बताया कि ध्यान किसी धर्म विशेष से जुड़ी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक अभ्यास है, जो मन को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा मानसिक स्पष्टता और आंतरिक शांति विकसित होती है। महानिदेशक इरिमी अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन प्रेम प्रकाश ने की। इस अवसर पर जेके प्रसाद, सिद्धार्थ शंकर, शिशिर चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर आचार्य कल्याण मित्र आनंद अवधूत, आचार्य प्रिटोसानंद अवधूत आचार्य प्रसन्न चित्रानंद अवधूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने की पहली आवश्यकता स्वस्थ मन है। उन्होंने बताया कि अधिकांश रोग और विकार पहले मन में उत्पन्न होते हैं और बाद में शरीर को प्रभावित करते हैं। इसलिए मन को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए योग एवं ध्यान महत्वपूर्ण साधन हैं।सत्र के अंत में आचार्य अभिरामानंद अवधूत द्वारा लगभग पाँच मिनट का संक्षिप्त ध्यान अभ्यास भी कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों को मन को शांत करने और आंतरिक स्थिरता का अनुभव करने की विधि बताई गई। इस संक्षिप्त अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को ध्यान के व्यावहारिक लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।


आनंद मार्गी को सम्मानित करते इरिमी के डीन।

## संक्षिप्त खबरें

### वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय : एलएलबी छात्रों के पंजीयन के लिए जारी की अधिसूचना

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने एलएलबी सत्र 2025-2028 के छात्रों के पंजीयन को लेकर अधिसूचना जारी की है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इसके अंतर्गत वे सभी छात्र-छात्राएं शामिल होंगे जिन्होंने एलएलबी पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों में बाहर के विश्वविद्यालयों से आकर नामांकन कराया है। ऐसे विद्यार्थियों के पंजीयन आवेदन 16 मार्च से 24 मार्च 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के भीतर ही आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा, ताकि छात्रों का पंजीयन समय पर किया जा सके। पंजीयन प्रपत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। इसमें प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल प्रति, अंक पत्र तथा नामांकन की रसीद शामिल है। इन दस्तावेजों के बिना पंजीयन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। एलएलबी पाठ्यक्रम में नामांकित ऐसे छात्र जो अन्य विश्वविद्यालयों से स्थानांतरित होकर यहां पढ़ाई कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे अपने यहां अध्ययनरत छात्रों को इस संबंध में सूचित करें और समय पर पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करवाएं।

### ईद से पहले अतिथि शिक्षकों के फरवरी माह का भुगतान कराने की मांग तेज

**आरा (एनएसबी)।** ईद का पर्व नजदीक आते ही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने फरवरी माह के बकाया मानदेय के भुगतान की मांग तेज कर दी है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि फरवरी महीने का मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि ईद से पहले अतिथि शिक्षकों का बकाया मानदेय जारी किया जाए, ताकि वे अपने परिवार के साथ त्योहार खुशी से मना सकें। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षक पहले से ही सीमित मानदेय पर कार्य करते हैं, ऐसे में समय पर भुगतान न मिलना उनके लिए बड़ी समस्या बन जाता है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि नियमित रूप से कक्षाएं लेने और शैक्षणिक जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद मानदेय में देरी हो रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही मानदेय जारी कर दिया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए ईद से पहले फरवरी माह का भुगतान सुनिश्चित करेगा, जिससे वे त्योहार शांतिपूर्ण और खुशी के साथ मना सकें।

### स्नातक छठे सेमेस्टर के फॉर्म भरने की तिथि घोषित

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, ने स्नातक (यू.जी.) छठे सेमेस्टर सत्र 2023-27 के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार छात्र-छात्राएं 15 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट पोर्टल के माध्यम से अपना परीक्षा फॉर्म भरना होगा। निर्धारित समयावधि के भीतर ही फॉर्म भरना अनिवार्य होगा, अन्यथा बाद में किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें और निर्धारित अवधि के भीतर ही फॉर्म जमा करें।सूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति का प्रमाण-पत्र महाविद्यालय के प्रधानाचार्य या अधिकृत अधिकारी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा है कि जिन विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म को संबंधित महाविद्यालय द्वारा सत्यापित नहीं किया जाएगा, उनका प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड नहीं हो सकेगा। इसलिए सभी विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर अपने कॉलेज से फॉर्म का सत्यापन अवश्य करवा लें।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा तिथि की घोषणा की जाएगी।

### भास्कर समिति का वार्षिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह, कुरीतियों पर चैतरफा प्रहार का आह्वान

**आरा (एनएसबी)।** शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार में भास्कर समिति भोजपुर के बैनर तले वार्षिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति के जिला अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्तांशु भास्कर ने किया। भगवान भास्कर को समर्पित ध्वजरोपण के साथ वैदिक



परम्परा से पूजन अर्चन करने के उपरान्त आगत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से हुई। अतिथियों ने अपने सम्बोधन के दौरान समाज में व्याप्त दहेज प्रथा सहित कुछ अन्य कुरीतियों की खात्मा के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने पर बल दिया। इस दौरान सामाजिक कुरीतियों पर चैतरफा प्रहार करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर वर्ष 25 में मैट्रिक से स्नातकोत्तर तक की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को फूल माला, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया । समिति के तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया ।भास्कर प्रभा सम्मान पंडित ब्रजभूषण मिश्र अक्रांत के,परिवार विनित मिश्र को दिया गया। वहीं भास्कर गौरव सम्मान नेहा नुपूर को साहित्य तथा आकाश मिश्र डुमरांव को संगीत के लिए दिया गया। समारोह के दौरान समिति के सचिव डॉ. राघव मिश्र ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौके पर वरीय पत्रकार लवकुमार मिश्र, विजेंद्रदत मिश्र, रामेश्वर मिश्र, डॉ.सच्चिदानंद मिश्र, डॉ. दीप्तांशु भास्कर, डॉ. शंभूशरण पाठक, सचिव डॉ.राघव मिश्र, डॉ.नित्यानंद मिश्र, मधू मिश्र, देवकुमार पाण्डेय, दुर्गेश मिश्र, डॉ. मनोरंजन कुमार मिश्र सहित कई अन्य थे।

## भोजपुर व जहानाबाद की चोरी की ग्यारह बाइक के साथ पांच शातिर गिरफ्तार

# अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा

**नवसंदेश ब्यूरो**

**आरा।** नगर थाने की पुलिस द्वारा एक अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया गया है। चोरी की ग्यारह बाइक के साथ गिरोह के पांच शातिरों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें अधिकतर बाइक आरा नगर, नवादा और जहानाबाद जिले से चोरी गयी थी। सभी बाइक नगर, बबुरा, बड़हरा, कोईलवर और चांदी थाना क्षेत्र से बरामद की गयी है।

पुलिस के अनुसार चोरी की इन बाइक का इस्तेमाल अधिकतर अवैध शराब और बालू खनन के धंधे में किया जाता था।गिरफ्तार शातिरों में नगर थाना क्षेत्र के धरहरा अमीर टोला निवासी राम अयोध्या तिवारी के पुत्र राहुल कुमार तिवारी, बड़हरा थाना क्षेत्र के बिंदगावां निवासी स्व. बालेश्वर सिंह के पुत्र हरिओम सिंह, बबुरा थाना क्षेत्र के फुहां गांव निवासी शशि भूषण सिंह के पुत्र राज निक्की उर्फ निक्की सिंह, कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव निवासी सोनेलाल के पुत्र विशाल कुमार और चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी लाल बाबू राय के पुत्र शैलेश कुमार शामिल है। सदर एसडीपीओ वन राज कुमार साह की ओर से सोमवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ रही चोरी खासकर बाइक की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम गठित की गयी थी। नगर थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम द्वारा तकनीकी जांच के आधार पर चोरों की पहचान शुरू की गयी। उस दौरान सीसीटीवी फुटेज के जरिए धरहरा निवासी राहुल तिवारी की पहचान की गयी। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार करते हुए गिरोह के सदस्यों के नाम भी बताया।



गिरफ्तार बाइक चोरों के साथ पुलिस टीम।

**अहम कामयाबी**

- नगर, बड़हरा, कोईलवर, बबुरा और चांदी इलाके से बरामद की गयी चोरी की सभी बाइक
- अवैध शराब और बालू खनन के धंधे में इस्तेमाल की जा रही थी चोरी की बाइक
- गिरफ्तार शातिरों से पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

उस आधार पर गिरोह के चार अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर नगर, कोईलवर, बबुरा, बड़हरा और चांदी थाना क्षेत्र से चोरी की 11 बाइक भी बरामद कर ली गयी।एसडीपीओ ने बताया कि बरामद बाइक में सात नगर, एक नवादा और एक जहानाबाद जिले से चोरी की गयी है। दो अन्य बाइक का सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार शातिरों से पूछताछ कर बाइक चोरी और गिरोह के बारे में अन्य जानकारी ली जा रही है। टीम में नगर थाने के दारोगा विजय कुमार सिंह, पीएसआई आलोक कुमार और अभिषेक कुमार के अलावे डीआईयू के अधिकारी शामिल थे।

## रात्रि 11 बजे कॉल आया और मोबाइल पर बात करते घर से निकल गया सुमित

**आरा (एनएसबी)।** मृतक के बड़े भाई अमित कुमार पांडेय ने बताया कि वह दोनों शाहपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव अपने ननिहाल में ही रहते थे। उसके पिता गुजरात के सूरत में रहकर प्राइवेट काम करते है। वह डेढ़ माह पहले सूरत भी गया था और वापस आकर अपने ननिहाल में रह रहा था। रविवार की दोपहर वह अपने ननिहाल से गांव आया।

रविवार की रात वह खाना खाने के बाद अपने दादा के साथ कमरे में सोया था। रात करीब गयारह बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया। जिसके बाद वह मोबाइल पर बात करते हुए कमरे से निकल दरवाजा बाहर से बंद कर चला गया। इसी बीच उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मध्य रात्रि करीब तीन बजे उसके दादा की नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि वह कमरे में नहीं है। इसके बाद जब वह दरवाजा खोलने गए, तो दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों को आवाज दिया, तो उनके घर का दरवाजा बाहर से खुला। उसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया। इस दौरान जब वे लोग बनाही-बनकट मार्ग पर बनाही मौजा स्थित पुल के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वह खून से लतपथ मृत अवस्था में पड़ा है, इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### मृतक के मोबाइल से खुल सकता है हत्या का राज !

**आरा।** शाहपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया की छात्र की हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन द्वारा किसी प्रकार का कोई क्लू नहीं दिया गया है। मृतक का मोबाइल भी गायब है। मोबाइल मिलने वह खुलने के बाद ही मृतक की हत्या का राज का खुलासा होगा। हालांकि पुलिस लड़की से संबंधित सहित अन्य बिंदुओं पर भी मामले की जांच कर रही है। जांच उपरांत हत्या का कारण क्लियर हो पाएगा।

**मृतक के घर में मचा हाहाकार**

**आरा।** बताया जाता है कि मृतक सुमित अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां बेबी देवी एवं एक भाई अमित कुमार पांडेय है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां बेबी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एसडीएम के जनता दरबार में आए पांच मामले, तीन का त्वरित निष्पादन

**नवसंदेश ब्यूरो**

**पीरो।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को आयोजित हो रहे जनता दरबार के क्रम में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी पीरो के कार्यालय कक्ष में सुनवाई के लिए कुल पांच मामले प्रस्तुत किए गए। इनमें तीन मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया।

पहला मामला तरारी प्रखंड के मोआपकलां निवासी कमल नयन द्विवेदी का भूमि विवाद से संबंधित था। इस मामले की सुनवाई के पश्चात एसडीएम ने दोनों पक्षों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 26 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश जारी किया। दूसरा मामला पीरो नगर के अंबेडकर मुहल्ला निवासी शैल कुमारी देवी का था जिसमें फरियादी ने बेटों द्वारा भरण-पोषण नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में एसडीएम ने संबंधित लिपिक को भरण-पोषण अभिलेख खोलकर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। ग्राम तार की सरिता देवी ने जन सुनवाई के दौरान ट्राई साइकिल व रोजगार के लिए ऋण दिलाने का अनुरोध किया। इस पर एसडीएम द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी पीरो को आवेदक की समस्या का हल करने का निदेश दिया। भरण-पोषण के एक अन्य मामले में पीरो की संगीता देवी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए एसडीएम ने दूसरे पक्ष को हाजिर कराने का निर्देश दिया। वहीं भूमि विवाद के मामले में कोथुआ निवासी आशा देवी की शिकायत पर दोनों पक्षों को उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

**फरियादी ने बेटों द्वारा भरण-पोषण नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई**

## कंटेनर से लगभग 36 लाख की शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की नोएडा कि ओर से ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब हाजीपुर बिहार की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। सोमवार को वाहन जांच के क्रम में मद्यनिषेध इकाई पटना, बिहार के सहयोग से मोहनिया-आरा मेन हाइवे पर जगदीशपुर थाना के नारायणपुर टोल प्लाजा के पास से एक 6 (छः) चक्का कंटेनर से भारी मात्रा विदेशी शराब बरामद किया गया, मौके से कंटेनर के चालक उत्तर प्रदेश के एटा जिले के जयथा थाना अंतर्गत बरौलिया गांव निवासी वैद्यनाथ सिंह के पुत्र विपिन कुमार एवं उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदरा थाना अंतर्गत टिकरी कला गांव निवासी राजकुमार का पुत्र ब्रजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया दोनों को अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त वाहन से कुल 9540 पीस में 2973.60 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 36 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को नोएडा से हाजीपुर (बिहार) ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार, के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।



**नोएडा से हाजीपुर (बिहार) ले जाया जा रहा था जब्त शराब**

## सुविज्ञ शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न



**शाहपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सरना गांव स्थित सुविज्ञ शिशु मंदिर विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद एम.के. मिश्रा, विशिष्ट अतिथि हरेंद्र कुमार उर्फ पिंटू भैया, गुरुमारू दुबे, रामअवतार मिश्र तथा विद्यालय के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद एम.के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब यह आधुनिक तकनीक पर आधारित हो चुकी है। ऐसे में बच्चों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा वे प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पीछे छूट जाएंगे। अन्य वक्ताओं में शिक्षाविद हरेंद्र कुमार, रामअवतार मिश्र, भाजपा नेता अंकित पांडे तथा मुकेश मिश्र ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें ऊजार्वान, संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करती है।विद्यालय के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और नवीनतम तकनीक आधारित शिक्षा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। इसके अलावा भाव नृत्य, प्रहसन तथा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया।समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेन्द्र पांडे, सलोनी कुमारी, स्वेता कुमारी, सुनैना कुमारी, अनिल सिंह समेत कई शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**बच्चों ने नाट्यकला, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिल जीता**

### राम चरित्र मानस प्रचार मंडल का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**पीरो (एनएसबी)।** पीरो प्रखंड के भडसर गांव में आयोजित श्री राम चरित्र मानस प्रचार मंडल का 64 वां वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। तीन दिवसीय



सम्मेलन में बनारस, देवरिया गयाजी के अलावे शाहाबाद क्षेत्र के रामकथा वाचकों सहित कई अन्य धार्मिक प्रवचनकर्ता शामिल हुए। मुख्य प्रवचनकताओं में प्रियंका द्विवेदी,ऋतु कुमारी, राजबल्लभ सिंह भोजपुरिया, चिंताहरण जी, रोहित तिवारी आदि ने अपने मनहर कंठ से राम चरित मानस के विभिन्न प्रसंगों की विस्तार से चर्चा कर सुधि श्रोताओं को भावपूर्ण विभोर किया। मौके पर राम चरित मानस प्रचार मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मेश्वर तिवारी ने कहा कि जीवन में धार्मिक, आध्यात्मिक, नैतिक व सांस्कृतिक विचारों व धर्म के प्रति जागरूकता पैदा करने व जन कल्याण की भावना जागृत कर भाईचारा, सौहार्द व विश्वास स्थापित करने की दिशा में राम चरित मानस प्रचार मंडल सतत क्रियाशील है। सम्मेलन में रामचरित मानस प्रचार मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मेश्वर तिवारी, डा. रामपुकार सिंह, योगेंद्र चैबे, विजय कुमार, अनिल प्रसाद, रामचन्द्र चैधरी, सुधीर कुमार सहित भडसर गांव के लोगों ने अपनी सक्रिय भागेदारी दर्ज कराई।

## भगवान की वांगमयी मूर्ति है श्रीमद्भागवत, दर्शन-श्रवण से कृतार्थ होते हैं प्राणी : आचार्य भारतभूषण

**आरा (एनएसबी)।** वासन्तिक नवरात्रोत्सव, वर्ष प्रतिपदा एवं श्रीराम नवमी महोत्सव के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ जगदेव नगर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। श्रीसनातन शक्तिपीठ संस्थानम् द्वारा संचालित आध्यात्मिक सत्संग मंडल के तत्त्वावधान में आज भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें जगदेव नगर, विष्णु नगर, गणेश पुरी, अनाईठ, भेलाई आदि इलाकों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिदेव मंदिर जगदेव नगर से श्री शिव मंदिर भेलाई तक की यात्रा की।



श्रीमद्भागवत और कलश सिर पर लेकर शताधिक स्त्री-पुरुषों ने पंचांग पूजन, शिवपंचायतन पूजन, श्रीमद्भागवत पूजन तथा वरुण पूजन किया। इस अवसर पर श्रीमत्सनातनशक्तिपीठाध्यक्ष प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि यज्ञ ही जीवन है जिसका आधार पवित्र-शुद्ध जल है। इसलिए यज्ञ के आरंभ में पवित्र जल लाने की विधि है जिससे देवताओं की ठीक ढ़ंग से पूजा हो सके।जल,जल के स्रोत तथा जलाशय पवित्र रहें और सभी को शुद्ध जल सुलभ हो, यह यज्ञ का संदेश है।आचार्य ने कहा कि जिस प्रकार भगवान की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व नगर भ्रमण करती है और उत्सव मूर्तियों के दर्शन समय-समय पर सभी को सुलभ होता है उसी प्रकार सप्ताह यज्ञ की प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की वांगमयी मूर्ति श्रीमद्भागवत जी की शोभायात्रा और नगर भ्रमण होता है जिनके दर्शन, श्रवण आदि से सारे जीव कृतार्थ हो जाते हैं।कार्यक्रम के सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह ने बताया कि कल से 23 मार्च तक अपराह्न तीन बजे से श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन होगा। कार्यक्रम में संयोजक बृजबिहारी सिंह, त्रिलोकी नाथ सिंह, वासुदेव सिंह, जगदीप नारायण ओझा, अभिमन्यु सिंह, विद्याशंकर सिंह, प्रमोद राय, श्रीकृष्ण प्रसाद गुप्ता आदि ने सारी व्यवस्थायें संभालकर यात्रा एवं अनुष्ठान संपन्न कराया।

# यहां से हर बार राज्यसभा जाते हैं लोग लेकिन बिहार की स्थिति नहीं बदलती : प्रशांत किशोर

**आरा (भोजपुर)(एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार को भोजपुर पहुंचे। दरअसल, प्रशांत किशोर बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे हर जिले में जाकर संगठन के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

इसी क्रम में वे सोमवार को भोजपुर जिले में पहुंचे, जहां उन्होंने आरा में स्थित रॉयल विजन क्लब रिसोर्ट में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस दौरान प्रशांत किशोर ने विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उसका नतीजा बहुत ही चैंकाने वाला था। उन्होंने कहा कि दस-दस हजार रुपये देकर 202 सीटें जीतने के बाद भी नीतीश कुमार तीन महीने से ज्यादा मुख्यमंत्री नहीं रह पाए। यह परिणाम उनकी लोकप्रियता का नहीं, बल्कि मैन्युफैक्चर्ड रिजल्ट का उदाहरण है। इसलिए 202 विधायक होने के बाद भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ रहा है। इसके साथ ही राज्यसभा चुनाव वोटिंग का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि हर बार लोग बिहार से राज्यसभा में जाते हैं, बावजूद बिहार के लोगों की स्तिथि नहीं बदलती। जो चुन कर जाते हैं वो बिहार में एक ट्रेन को स्टोपेज तक नहीं करवा पाते हैं।



बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत भोजपुर जिले के दौरा पर पहुंचे प्रशांत किशोर।

**चुनाव के बाद से अबतक 50 से ज्यादा बच्चों की दूसरे प्रदेशों में हुई मौत, फिर भी नेता-मंत्री मौन**

प्रशांत किशोर ने एक बड़े मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए बोलें- अभी तक जब से बिहार में नई सरकार का गठन हुआ है तब से बिहार के 50 से ज्यादा ऐसे युवा जो रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में गए हैं, उनकी मृत्यु हो गई है, लेकिन सरकार के किसी नेता या मंत्री के तरफ से किसी बच्चे के लिए अबतक एक ब्यान भी नहीं आया है। मौके पर अभय सिंह, शैलजा सिंह, किरण सिंह, सलमा बेगम, एस के सिंह, सिद्ध नाथ राय, तथागत हर्षवर्धन, किशोर कुमार मुन्ना, जेपी सिंह, ललन जी सहित अन्य मौजूद थे।